दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित !

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज

आवश्यकता
सुपौल, सीतामढ़ी
मधुबनी, बेगूसराय, मुंगेर, जमुई,
के लिए संवाददाता सह विज्ञापन
प्रतिनिधि के रूप में काम करने
वाले इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।
9525278483,6200031466

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा शनिवार 27 अप्रैल 2024 ● वर्ष : 02 अंक : 463

## संक्षिप्त खबरें ।

### पीएम मोदी अगले 6 साल तक नहीं लड़ पाएंगे चुनाव? दिल्ली हाई कोर्ट में अयोग्य घोषित करने की मांग पर होगी सुनवाई



**लोक तंत्र की आवाज**

**नई दिल्ली।** सोचिए, अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले 6 साल तक चुनाव न लड़ पाएं तो? जी हाँ, ऐसा हो सकता है! दिल्ली हाई कोर्ट में सोमवार को एक ऐसी ही याचिका पर सुनवाई होगी जिसमें पीएम मोदी को 6 साल के लिए अयोग्य घोषित करने की मांग की गई है।

**मामला क्या है?:** याचिकाकर्ता का आरोप है कि पीएम मोदी ने चुनाव प्रचार के दौरान धार्मिक देवी-देवताओं और पूजा स्थलों के नाम पर वोट मांगे थे, जो कि जनप्रतिनिधित्व कानून का उल्लंघन है. इस कानून के तहत, धर्म के आधार पर वोट मांगना गैरकानूनी है और ऐसा करने पर उम्मीदवार को अयोग्य घोषित किया जा सकता है।

**सुनवाई में देरी क्यों?:** इस मामले की सुनवाई आज होनी थी, लेकिन जस्टिस सचिन दत्ता, जो इस मामले की सुनवाई कर रहे थे, छुट्टी पर हैं. इसलिए सुनवाई सोमवार तक के लिए टाल दी गई है। सोमवार को हाई कोर्ट इस याचिका पर सुनवाई करेगा और तय करेगा कि क्या इस मामले में आगे बढ़ना है या नहीं. अगर कोर्ट याचिका को स्वीकार करता है, तो मोदी जी को अपना पक्ष रखने का मौका दिया जाएगा. अगर कोर्ट याचिकाकर्ता के पक्ष में फैसला सुनाता है, तो पीएम मोदी को 6 साल के लिए चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित किया जा सकता है।

**इस मामले का महत्व क्या है?:** यह मामला इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह धर्म और राजनीति के बीच की रेखा को लेकर बहस छेड़ सकता है. अगर कोर्ट पीएम मोदी को दोषी पाता है, तो यह एक ऐतिहासिक फैसला होगा और इसका असर आने वाले चुनावों पर भी पड़ सकता है।

# फैसला: ईवीएम-वीवीपैट के 100% सत्यापन से जुड़ी अर्जियां खारिज

## सुप्रीम कोर्ट के दोनों जजों का सहमति से फ़ैसला

**लोक तंत्र की आवाज**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम-वीवीपैट को लेकर सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है. कोर्ट ने सभी 100 फीसदी सत्यापन की याचिकाएं खारिज की है। को लेकर जजों ने यह फैसला सहमति से लिया है. आपको बता दें कि कोर्ट ने VVPAT के साथ EVM के वोटों के 100 फीसदी सत्यापन की मांग करने वाली याचिका पर यह फैसला दिया है. कोर्ट ने फैसला सुनाते समय पेपर बैलेट की मांग को भी खारिज कर दिया है।

फैसला सुनाते हुए जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि हमने सभी याचिकाओं को खारिज किया है. लोकतंत्र अपने विभिन्न स्तंभों के बीच सद्भाव और विश्वास पर आधारित है. इस पर कोर्ट का रुख साक्ष्यों पर आधारित रहा है. वहीं जस्टिस दीपांकर दत्ता ने फैसला सुनाते समय कहा कि किसी प्रणाली पर आंख मूंदकर संदेह करना सही नहीं है।

कोर्ट ने आगे कहा कि हमारे अनुसार सार्थक आलोचना की आवश्यकता है. चाहे वह न्यायपालिका हो, विधायिका आदि हों. लोकतंत्र का अर्थ सभी स्तंभों के बीच सद्भाव और विश्वास बनाए रखना है. विश्वास और सहयोग की संस्कृति को बढ़ावा देकर हम अपने लोकतंत्र की आवाज को मजबूत कर सकते हैं।



### सुप्रीम कोर्ट ने दिया ये खास सुझाव

कोर्ट ने कहा है कि ऐसा अनुरोध परिणाम घोषित होने के 7 दिनों के भीतर किया जाना चाहिए. हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को वीवीपैट की गिनती में मशीन की मदद लेने की संभावना तलाशने का सुझाव दिया है. प्रत्याशी वेरिफिकेशन की मांग करता है तो खर्चा उसी से वसूला जाए।

**कोर्ट ने दिए खास निर्देश:** फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने जो दिशा-निर्देश जारी किए हैं. उनमें ईवीएम में सिंबल लोडिंग प्रक्रिया पूरी होने पर, सिंबल लोडिंग इकाई को सील कर दिया जाना चाहिए और कंटेनरों में सुरक्षित किया जाना चाहिए. उम्मीदवार और उनके प्रतिनिधि मुहर पर हस्ताक्षर करेंगे। रख्व वाले सीलबंद कंटेनरों को नतीजों की घोषणा के बाद कम से कम 45 दिनों तक ईवीएम के साथ स्टोर रूम में रखा जाएगा. इन्हें ईवीएम की तरह खोला और सील किया जाना चाहिए। अपने दूसरे निर्देश में कोर्ट ने कहा कि प्रति विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र प्रति संसदीय क्षेत्र में घोषणा के बाद ईवीएम के निर्माताओं के इंजीनियरों की एक टीम द्वारा जांच और सत्यापन किया जाएगा. उम्मीदवार 2 और 3 के लिखित अनुरोध पर परिणाम घोषित होने के 7 दिनों के भीतर ये जांच होनी चाहिए. वास्तविक लागत अनुरोध करने वाले उम्मीदवार द्वारा वहन की जाएगी. ईवीएम से छेड़छाड़ पाए जाने पर खर्चा वापस किया जाएगा. सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से कहा कि वह वोटों की पर्चियों की गिनती के लिए एक इलेक्ट्रॉनिक मशीन के सुझाव की जांच करे और क्या चुनाव चिन्ह के साथ-साथ प्रत्येक पार्टी के लिए एक बार कोड भी हो सकता है।

### कोर्ट ने आयोग से जो सवाल पूछे थे उनमें शामिल हैं

- माइक्रो कंट्रोलर कंट्रोलिंग यूनिट में लगा होता है या फिर वीवीपैट में ?
- क्या माइक्रो कंट्रोलर वन टाइम प्रोग्रेमबल होता है ?
- आयोग के पास चुनाव चिन्ह अंकित करने के लिए कितने यूनिट उपलब्ध हैं ?
- आपने कहा कि चुनाव याचिका दायर करने की सीमा अवधि 30 दिन है और इस प्रकार स्टोरेज और रिकॉर्ड 45 दिनों तक बनाए रखा जाता है. लेकिन लिमिटेशन डे 45 दिन है, आपको इसे सही करना होगा।

## ममता के गढ़ में पीएम मोदी की हुंकार बोले-बंगाल में टीएमसी घोटाले करती है



**लोक तंत्र की आवाज**

**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज यानी 26 अप्रैल को पश्चिम बंगाल के मालदा में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने ममता बनर्जी सरकार पर जोरदार हमला बोला और कहा टीएमसी बंगाल में घोटाले करती है. जबकि भाजपा बंगाल के विकास के लिए काम कर रही है।

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में आगे कहा एक समय था, जब बंगाल पूरे देश के विकास का नेतृत्व करता था. लेकिन, पहले लेफ्ट वालों ने और फिर टीएमसी वालों ने बंगाल की इस महानता को चोट पहुंचाई, बंगाल के सम्मान को चूर-चूर कर दिया, विकास पर रोक लगा दी. टीएमसी के राज में बंगाल में एक ही चीज चलती झ्र हजारों करोड़ के स्कैम. घोटाले टीएमसी करती है और भुगतान बंगाल की जनता को करना पड़ता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे कहा कि बंगाल के 50 लाख से ज्यादा किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि के 8 हजार करोड़ रुपये सीधे भेजे गए हैं. लेकिन टीएमसी सरकार को देखिए, वो आपको लूटने का कोई मौका नहीं छोड़ती. मैं केंद्र से बंगाल के विकास के लिए, यहां की सरकार को जो पैसा भेजता हूं, वो टीएमसी के नेता, मंत्री और तोलाबाज मिलकर खा जाते हैं।

पीएम मोदी ने आगे कहा कि मां-माटी-मानुष की बात कहकर सत्ता में आई टीएमसी ने सबसे बड़ा विश्वासघात यहां की महिलाओं से ही किया है. जब इखढ सरकार ने मुस्लिम बहनों को अत्याचार से बचाने के लिए तीन तलाक खत्म किया, तो टीएमसी ने इसका विरोध किया. संदेशखाली में महिलाओं पर इतने अत्याचार हुए और टीएमसी सरकार आखिर तक मुख्य आरोपी को बचती रही।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषणों से बिहार में लेने के देने !

**लोक तंत्र की आवाज**

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को राजस्थान के बांसवाड़ा में जो बयान दिया उससे लोकसभा चुनाव के प्रचार और विमर्श दोनों की दिशा बदल गई। कई तरह से उसकी व्याख्या हो रही है। लेकिन तमाम राजनीतिक और बौद्धिक बहसों से दूर बिहार में भाजपा की सहयोगी जनता दल यू की चिंता चुनावी कारणों से बढ़ गई है। प्रधानमंत्री के बयान से अगर सांप्रदायिक आधार पर ध्रुवीकरण होता है और जैसा पहले चरण में हुआ उसी तरह से जातीय समीकरण भी काम करते रहते हैं तो बिहार में नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यू को बड़ा नुकसान हो सकता है। इसलिए बिहार में भाजपा और जदयू दोनों के नेता इन बयानों पर चुप्पी साधे हुए हैं। दूसरे चरण के मतदान के दिन यानी 26 अप्रैल को मुंगेर के लखीसराय में प्रधानमंत्री मोदी की रैली होने वाली थी, जो अब संभवतः नही हो रही है।



असल में दूसरे चरण में बिहार की पांच सीटों पर मतदान होना और इन पांचों सीटों पर जनता दल यू के प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। पिछली बार भी इन पांचों सीटों पर जदयू चुनाव लड़ी थी और एक सीट छोड़ कर बाकी चार सीटों पर जीती थी। दूसरे चरण में बांका, भागलपुर, कटिहार, किशनगंज और पूर्णिया सीट पर मतदान होना है। पिछली बार किशनगंज सीट कांग्रेस ने जीती थी। बिहार की 40 में से वह इकलौती सीट थी, जो कांग्रेस और राजद गठबंधन को मिली थी। इस बार भी उस समय सीट पर कांग्रेस आरामदेह स्थिति में है क्योंकि वहां 65 फीसदी से ज्यादा मुस्लिम वोट है। हालांकि असदुद्दीन ओवैसी ने भी उम्मीदवार उतारा है लेकिन इस बार कांग्रेस के प्रति ज्यादा सद्भाव दिख रहा है।

किशनगंज के अलावा बाकी चार सीटों पर 2019 में जदयू जीती थी। ध्यान रहे उससे पहले 2014 के चुनाव में जब भाजपा और जदयू अलग अलग लड़े थे तब जदयू को सिर्फ एक पूर्णिया की सीट मिली थी और भाजपा एक भी सीट नहीं जीत पाई थी। चार सीटें कांग्रेस, राजद और एनसीपी के खाते में गई थी। इसका कारण यह है कि इस इलाके में मुस्लम आबादी बहुत बड़ी है। पूर्णिया डिवीजन में 46 फीसदी के करीब मुस्लिम आबादी है। इस डिवीजन की तीन सीटों पूर्णिया, किशनगंज और कटिहार में चुनाव है। इसके अलावा बांका और भागलपुर में भी मुस्लिम आबादी अच्छी खासी संख्या में है। जदयू को चिंता इस बात की है कि प्रधानमंत्री के बयान के बाद ध्रुवीकरण होता है तो मुस्लिम मतदाता ज्यादा संख्या में मतदान करने निकलेंगे।

ध्यान रहे भाजपा के साथ रहते हुए भी नीतीश को कुछ मुस्लिम वोट मिलते रहे हैं, जिसकी संभावना इस बार समाप्त हो गई है। ऊपर से पूर्णिया में यादव अगर पप्पू यादव के साथ जाते हैं और मुस्लिम उनका साथ देते हैं तो नीतीश अपनी मजबूत सीट हार सकते हैं। इसी तरह भागलपुर में कांग्रेस के भूमिहार उम्मीदवार का साथ अगर उनकी जाति के मतदाता देते हैं तो मुस्लिम और यादव वोट से उनकी जीत का समीकरण बनेगा।

# आखिरकार नहीं माने पावर स्टार पवन सिंह, काराकाट से हर हाल में लड़ेंगे चुनाव

**लोक तंत्र की आवाज**

**सासाराम।** काराकाट से निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा कर चुके भोजपुरी के चर्चित अभिनेता पवन सिंह ने कहा है कि वह किसी हाल में काराकाट से चुनाव लड़ेंगे क्योंकि उन्होंने अपने मां को वचन दिया है. भाजपा के सांसद मनोज तिवारी के द्वारा उन्हें चुनाव नहीं लड़ने के लिए कहे जाने के संबंध में उन्होंने कहा कि वह मनोज तिवारी जी का सम्मान करते हैं. मनोज तिवारी उनके बड़े भाई के समान है. लेकिन उन्होंने अपने मां के आशीर्वाद से काराकाट लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने का मन बना लिया है और उनका चुनाव लड़ना अब तय है. इसलिए अब वापस हटाने का सवाल ही नहीं है. पवन सिंह ने कहा कि इसके लिए वह काराकाट का भ्रमण भी कर चुके हैं और लोगों से मिल जुल भी रहे हैं. ऐसी स्थिति में अब यू टर्न लेने का सवाल ही नहीं है।

भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने पवन सिंह को मना लेने का किया था दावाझ्र बता दें कि भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने दो दिन पूर्व पटना में कहा था कि वह पवन सिंह को मनाने की कोशिश करेंगे, क्योंकि पवन सिंह राष्ट्रवादी हैं तथा उनकी बात नहीं काटेंगे. इसके बाद या सवाल खड़े हो गए थे कि क्या पवन सिंह यू टर्न लेंगे और काराकाट का मैदान छोड़ देंगे. लेकिन पवन सिंह ने बाद में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि मनोज तिवारी को वह अपना बड़ा भाई मानते हैं. उनका बेहद सम्मान करते हैं, लेकिन उन्होंने अपनी मां को वचन दिया है. ऐसे में अब पीछे हटने का सवाल ही नहीं है.

**अब पीछे हटने का सवाल ही नहीं-**



### पवन सिंह ने अपनी मां की वचन का दिया हवाला

पवन सिंह ने कहा कि उन्होंने इलाके में रोड शो भी कर लिया है और लगातार लोगों से मुलाकात कर रहे हैं तथा काराकाट क्षेत्र में बने हुए हैं. ऐसी स्थिति में अब किसी हाल में यहां चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे और अपनी मां को दिया हुआ वचन पूरा करेंगे. बता दें कि काराकाट लोकसभा क्षेत्र में 6 विधानसभा क्षेत्र है जिसमें रोहतास जिला का नोखा, काराकाट तथा डेहरी विधानसभा क्षेत्र है. जबकि औरंगाबाद जिला का नबीनगर, गोह तथा ओबरा विधानसभा क्षेत्र आता ह।

### काराकाट से एनडीए से उपेंद्र कुशवाहा हैं उम्मीदवार

इस स्थिति में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा इस बार एनडीए के समर्थन से मैदान में हैं. वहीं क.ठ.ऊ.क.अ. गठबंधन से माले के राजाराम सिंह कुशवाहा चुनाव मैदान में खड़े हैं. साथ ही चर्चा है कि असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआइएमआइएम की ओर से भी जिला परिषद की सदस्य पिंकी देवी उम्मीदवार होंगी. साथ ही निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चर्चित समाजसेवी किरण प्रभाकर भी किस्मत आजमाएं।

**पवन सिंह:** बता दें कि भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में मनोज तिवारी का दबदबा है और ऐसे में मनोज तिवारी तथा पवन सिंह में काफी करीबी रिश्ता रहा है. जिसको लेकर गया बातें सामने आईं कि संभव हो कि सांसद मनोज तिवारी अभिनेता पवन सिंह को मना लेंगे. क्योंकि दोनों एक ही इलाके के रहने वाले हैं तथा भोजपुरी अभिनय तथा गायन से जुड़े हुए हैं. लेकिन भोजपुरी जगत में पावर स्टार के नाम से चर्चित पवन सिंह ने मनोज तिवारी के बातों को खारिज किया है तथा कहा है कि अब पीछे हटने का कहीं कोई सवाल ही नहीं है, क्योंकि वह अपनी मां के आशीर्वाद के साथ क्षेत्र में उतरे हैं।

# मेरी हत्या की कोशिश की गई..., पूर्णिया में पप्पू यादव का बड़ा दावा

**लोक तंत्र की आवाज**

● **एनडीए और तेजस्वी यादव पर लगाया बड़ा आरोप**

**पूर्णिया।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 5 सीटों पर शुक्रवार को मतदान शरू हो चुका है. बिहार की पूर्णिया सीट पर सबकी नजर है जहाँ निर्दलीय उम्मीदवार पप्पू यादव ने अपनी जीत को लेकर बड़ा दावा किया है. उन्होंने मतदान शुरू होते ही फिर से कहा कि पूर्णिया में मैंने एक बेटे की तरह चुनाव लड़ा और मैं उनका बेटा हूं, मुझे उनका आशीर्वाद मिला। लोग मेरी राजनीतिक हत्या करना चाह रहे थे। मुझ पर दबाव डाला गया, पुलिस ने मुझे परेशान किया और मेरी गाड़ी भी छीन ली। जब्त कर लिया गया, कल भी मेरी हत्या की कोशिश की गई।

उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा कि सांसद, विधायक ने यहां आतंक फैलाने की कोशिश की.मेरे खिलाफ अपराधियों और माफियाओं को भी यहां बुलाया गया. मुझे यह सिर्फ लोगों का आशीर्वाद है. उन्हें लगता है कि जनता मूर्ख है और पैसे से कुछ भी हो सकता है. किसी ने आकर महाभारत की स्क्रिप्ट लिखी, वो मेरे कांग्रेस में विलय के बाद पटना में लिखी गई थी.अब पूर्णिया की पूरी जनता महाभारत की पूरी स्क्रिप्ट देखेगी 4 जून को मैं भी इसे देखूंगा. यह एक नई राजनीति की शुरुआत होगी।

बिहार की 5 लोकसभा सीटों पर मतदान सुबह सात बजे से शुरु हो गया है. किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, भागलपुर और बांका की जनता अपने प्रत्यासियों के भाग्य का फैसला इवीएम में सुरक्षित कर रही है. कटिहार में लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान करने के लिए मतदाता सुबह 6 बजे से कतारबद्ध होना शुरु हो गए थे. मिर्चाईबारी स्थित इंदिरा गांधी पुस्तकालय में बनाए गए मतदान केंद्र संख्या 79 और 77 पर महिला और पुरुष मतदाताओं की भीड़ देखी गई.




असक्षम महिला कारो देवी भी मतदान करने के लिए रिक्शा से पहुंची है, करो देवी का कहना है कि पहले मतदान फिर जलपान करने के मकसद से वह मतदान केंद्र पर पहुंची हैं .मतदान की सुबह 7:00 बजे शुरू हो गई है।

वहीं किशनगंज में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए मतदान करने पहुंच गए हैं. लोगों की लंबी कतार पोलिंग बूथों पर दिख रही है. लोगों अपने प्रतिनिधि के चुनाव के लिए पोलिंग बूथों पर पहुंच रहे हैं. भागलपुर में कांग्रेस के अजीत शर्मा के मुकाबले जदयू के अजय मंडल हैं. बांका में राजद के जयप्रकाश यादव का मुकाबला जदयू के गिरधारी यादव से है. वहीं कटिहार में कांग्रेस के तारिक अनवर जदयू के दुलालचंद गोस्वामी को चुनौती दे रहे हैं. इसके आलावा पूर्णिया और किशनगंज में त्रिकोणीय मुकाबला है. पूर्णिया में राजद की बीमा भारती, जदयू के संतोष कुशवाहा और निर्दलीय पप्पू यादव में जोरदार मुकाबला है. वहीं किशनगंज से जदयू के मास्टर मुजाहिद के मुकाबले कांग्रेस के मोहम्मद जावेद और एआईएमआईएम के अख्तरुल इमान हैं. जनता आज इन प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला ईवीएम का बटन दबा कर कैदी कर दी।

# क्या वरुण गांधी ने बहन प्रियंका गांधी के सामने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया? क्या मोदी और शाह ने बनाया दबाव

**लोक तंत्र की आवाज**

**यूपी प्रभारी रत्ना शुक्ला की रिपोर्ट**

**लखनऊ।** गांधी परिवार को उनकी परंपरागत सीट पर घेरने के लिए बीजेपी रणनीति तैयार कर रही है। इसी रणनीति के तहत वरुण गांधी को रायबरेली से बहन प्रियंका गांधी के सामने चुनाव लड़ाने के लिए मनाया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि वरुण गांधी ने प्रियंका गांधी के सामने चुनाव लड़ने से एक बार तो इनकार कर दिया है, लेकिन परिवार में विचार विमर्श जारी है।

उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव में गांधी परिवार की परंपरागत सीट से अगर प्रियंका गांधी चुनाव लड़ती है तो उनके सामने वरुण गांधी को उतारने की तैयारी की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स में इस बात का खुलासा किया गया है कि सोनिया गांधी के चुनाव लड़ने से इनकार करने के बाद रायबरेली से प्रियंका गांधी का चुनाव लड़ना तय है।



प्रियंका गांधी को अपनी ही सीट पर घेरने के लिए बीजेपी चाहती है कि बहन के सामने वरुण गांधी चुनाव लड़े। इस बारे में पीएम मोदी व केंद्रीय मंत्री अमित शाह भी वरुण गांधी से बात कर चुके हैं। सूत्र बताते हैं कि वरुण गांधी ने पहली बार में तो रायबरेली और प्रियंका के सामने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है, लेकिन पार्टी की ओर से उन दबाव बनाया जा रहा है। इसके तहत परिवार में विचार विमर्श कर फैसला लेने की बात कही गई है। लेकिन वरुण गांधी के करीबी सूत्रों ने कुछ पत्रकारों ने स्पष्टतौर पर कहा कि वरुण गांधी किसी भी सूरत में प्रियंका के सामने चुनाव नहीं लड़ेंगे।

# दरभंगा में शादी की खुशियां मातम में बदली, बारात में आतिशबाजी से लगी भयानक आग, सात लोगों की मौत

**लोक तंत्र की आवाज**

**दरभंगा।** जिले में एक दर्दनाक हादसा हुआ है, जहां शादी समारोह के दौरान पटाखा जलने से भीषण आग लग गई . आग की लपटों से सिलेंडर एवं डीजल के स्टॉक में विस्फोट हो गया. इ, दुर्घटना में एक ही परिवार के 6 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है. सूचना मिलते ही प्रशासन मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया है. . पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को अस्पताल भेज दिया है. बहेड़ा थाना के अंटोर गांव में गुरुवार की रात छगन पासवान की बेटी की शादी थी. घटना के बाद गांव में मातमी सन्नाटा पसरा है।



दरभंगा में एक शादी घर में आग लगने से 6 लोगों की मौत हो गयी. घटना गुरुवार देर रात की बतायी जा रही है. शादी समारोह के लिए बनाए शामियाने में आग लग गयी और उसकी चपेट में आधा दर्जन से अधिक लोग आ गए. 6 लोगों की मौत की सूचना है. घटना अलीनगर प्रखंड के बहेड़ा थाना अंतर्गत अंटोर गांव की है। बारात ने शादी के जश्न में जमकर आतिशबाजी की. इसी दौरान विवाह के लिए जो शामियाना तैयार किया गया था उसमें अचानक किसी तरह आग लग गयी. आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और मौके पर रखे गये गैस सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। घटनास्थल पर डीजल भी भारी मात्रा में रखा हुआ था. डीजल ने आग को और भड़का दिया जिससे आग ने और विकराल रुप धारण कर लिया. पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए डीएमसीएच भेजा है. वहीं दुर्घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### सिरदला: स्कूल से गायब हुए छात्र को श्रृदला पुलिस ने खोज कर परिजनों को सौपा प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला



सिरदला थाना क्षेत्र के बीसीएम स्कूल से गायब छात्र को सिरदला पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज के बाद 4 घंटे के अंदर सही सलामत बरामद कर परिजनों को सौंप दिया है। गुमशुदा गौरव कुमार गया जिला के गुरपा का थाना क्षेत्र के अलखदिहा गांव निवासी गौतम कुमार के पुत्र बताया गया है। उल्लेखनीय है कि यह बालक 22–4–24 को स्कूल से गुम हो गया था। 23– 4–24 को परिजनों को सूचना मिला। परिजन ने अपने स्तर से काफी खोजबीन किया नहीं मिला।थक हारकर दिनांक 25–4–24 को अपना बयान सिरदला थाना में दर्ज करवरकर प्राथमिक की दर्ज काराये। तथा अनुसंधान प्रारंभ किया गया। सूचना के आकलन के आधार पर उक्त गुमशुदा बालक को 4 घंटे के अंदर गया जिला के फतेहपुर थाना अंतर्गत आरोही होटल से सही सलामत बरामद कर लिया गया तथा परिजनों को सूचित किया गया एवं दिनांक 26 424 को उक्त बालक को धारा 164 के बयान करने हेतु माननीय न्यायालय में पुलिस पदाधिकारी की उपस्थिति में भेजा गया है।

### डॉ अता रिजवी हुए आईपेक अवार्ड से सम्मानित




हसपुरा( औरांगाबाद ):हसपुरा के चिकित्सक डॉ अताउल्लाह अहमद रिजवी को सूक्ष्म लघु एवं मध्यम इंटरप्राइजेज संस्था द्वारा दिल्ली में आईपेक अवार्ड से सम्मानित किया गया।यह अवार्ड उन्हें चिकित्सा व सामाजिक क्षेत्र में अहम योगदान के लिए प्रदान किया गया।दिल्ली से वापस हसपुरा लौटने के बाद उन्हें चिकित्सकों व सामाजसेवियों ने उन्हें बधाई दी तथा उज्जवल भविष्य की कामना की।साहित्यकार अलखदेव प्रसाद अचल,शंभु शरण शत्यार्थी,अरविंद कुमार वर्मा ने कहा कि क्षेत्र के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है।यह हसपुरा समेत पूरे जिले के लिए गौरव की बात है।कहा कि यह न सिर्फ उनके प्रतिभा का सम्मान है बल्कि बिहार के प्रतिभावान मिट्टी का भी सम्मान है।कहा कि आने वाले दिनों में और बेहतर कार्य करके इस क्षेत्र का नाम रौशन करेंगे।डॉ अताउल्लाह ने कहा कि चिकित्सा एक कठिन क्षेत्र है।लेकिन किसी भी क्षेत्र में रहकर मेहनत कर समाज की सेवा करना ईश्वर की पूजा करने के बराबर है। बता दें कि दिल्ली में दो दिन पूर्व में उन्हें यह अवार्ड से सम्मानित किया गया था। इससे पूर्व भी अताउल्लाह विभिन्न अवार्ड से सम्मानित किए जा चुके हैं।

### गैस सिलेंडर का पाइप लिक होने से घर मे लगी आग, लाखों की सम्पति जलकर राख

सुनील कुमार

नवादा : नवादा में गैस पाईप से गैस रिसाव के कारण एक घर में आग लग गया ,जिसमें लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गया। यह घटना जिले के हिसुआ थाना क्षेत्र के छोटी पाली ग्राम में हुआ ,जहां खाना बनाने के क्रम में आग लग गया। बताया गया है कि गैस सिलेंडर के पाईप से गैस निकल रहा था ,जिससे पूरे घर में आग पकड़ किया। यह घटना छोटी पाली निवासी पंकज रविदास पिता जगदीस रविदास के घर में हुई। गैस सिलेंडर से लगी आग के बाद आग के लपेटे तेजी से बढ़ने लगा। घर में खाना बना रही महिला आग का बुझाने का प्रयास किया, लेकिन असफल रहा। घर से बाहर निकलकर हल्ला किया तब गांव ले लोग इकट्ठा हो गए और आग पर कबू पाने की कोशिश किया। आग विकराल रूप ले लिया था , जिसके बाद आग पर कबू पाना मुश्किल हो गया। गांव के लोगों द्वारा हिसुआ थाना को फोन कर सूचित किया। तब फायर ब्रिग्रेड की गाड़ी और 112 नम्बर पुलिस मौके पर पहुंची। घंटों तक आग पर कबू पाने का प्रयास किया, फिर भी आग की लपेटे इतनी तेज थी कि आग पर काबू पाना मुश्किल हो रहा था। देखते –देखते घर का सारा समान खाट, पलंग ,कपड़ा चावल ,गेहूं , आदि जल गया। इस आगलगी में लाखों रुपए की कीमती समान जलकर राख हो गया।

# शिक्षक तथा शिक्षा द्वारा राष्ट्र का विकास संभव : डॉ0 शैलेश कुमार

**शिक्षा देश को महान बनाती है शिक्षा से सभी कार्य की सिद्धि बड़ा आसानी पूर्वक हो सकता है**

लोकतंत्र की आवाज





**आर्यन मोहन**

**नवादा ।** जिले में शुक्रवार को कोर्स–डी०एल०एड० सत्र–2024–26 में नामांकन के लिये इच्छुक अभ्यर्थियों के प्रवेश परीक्षा से सम्बंधित मॉडर्न शैक्षणिक समूह द्वारा संचालित गनौरी रामकली टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, इंडस्ट्रीयल एरिया पुलिस लाईन नवादा, त्रिवेणी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कुन्ती नगर नवादा, मॉडर्न इन्स्टीच्यूट्स ऑफ हायर एजुकेशन, इंडस्ट्रीयल एरिया, पुलिस लाईन, नवादा, मॉडर्न कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कुन्ती नगर, नवादा के बहु?द्देशीय कक्ष में एक आवश्यक सभा का आयोजन किया गया। इस सभा का शुभारम्भ बच्चों द्वारा राष्ट्रीय गान एवं स्वागत गीत गाकर किया गया, उक्त सभा में चारो महाविद्यालय के प्राचार्यगण एवं विभागाध्यक्षगण शिक्षा से सम्बंधित बहुत सारा उपदेश छात्राध्यापकों एवं छात्राध्यापिकाओं को दिये, तत्पश्चात मुख्य अतिथि मॉडर्न शैक्षणिक समूह के सचिव तथा एसोसिएशन ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग इंस्टिच्यूशन्स पटना (बिहार) के महा सचिव डॉ० शैलेश कुमार ने बड़े हर्षोल्लास के साथ अपने संबोधन में कहे कि शिक्षा देश को महान बनाती है शिक्षा से सभी कार्य की सिद्धि बड़ा आसानी पूर्वक हो सकता है। इसके बिना किसी भी लक्ष्य की पूर्ति करना असम्भव है, आप समाज का रीढ़ हैं, सूरज हैं चाँद हैं आपका उपमा किसी से भी दिया जाय वह कम होगा इसीलिये कहा गया है कि गुरू ब्रम्हा गुरू विष्णु गुरू देवो महेश्वर, गुरू साक्षात् पारब्रम्ह तस्मैय श्री गुरूवे नमः का उदाहरण देते हुये पुनः 2024–26 के प्रवेश परीक्षा (इंटेंस एक्जाम) में सम्मिलित होने वाले प्रशिक्षुओं को अवगत कराते हुये कहे कि आपकी प्रवेश परीक्षा (इंटेंस एक्जाम) दिनांक 01/04/2024 से प्रारंभ की गई थी तथा अंतिम तिथि 28/04/2024 बिहार बोर्ड पटना द्वारा निर्धारित किया गया है आप सभी अभ्यर्थियों से कहना है कि आने वाली परीक्षा तिथि को इच्छुक अपने सगे–सम्बंधी अभ्यर्थी को अवश्य अवगत करावें क्योंकि बहुत से छात्र–छात्रायें प्रवेश परीक्षा तिथि भूल जाने के कारण परीक्षा छोड़ देते हैं बाद में पश्चाताप करने से वही कहावत सिद्ध होता है कि ₹ का वर्षा जब कृषि सुखाने, समय बीत पुनि का पछताने₹ इसलिये हर एक बच्चे को समय–समय पर अपने कार्य के प्रति सजग एवं सम्वेदनशील रहना चाहिये क्योंकि समय के साथ चलने वाला छात्र ही अपने जीवन में जो चाहेगा कर सकेगा तथा अपने समय और परिस्थिति को बदल सकता हैं। इसलिये प्रवेश परीक्षा तिथि–28/04/2024 सत्र–2024–26 के अभ्यर्थियों के लिये बहुत मूल्यवान होगा इसे किसी भी हालत में न भूलें।

## हैंड इन हैंड ने लगाया निशुल्क स्वाथ्य शिविर, दर्जनों ग्रामीण लाभान्वित



लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** हैंड इन हैंड इंडिया एवं जॉकनिक फाउंडेशन के सौजन्य से सिरदला प्रखंड के खटांगी पंचायत अंतर्गत मढ़ी कलौंदा गांव में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन एमबीबीएस डॉ. अभिजीत रॉय,प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र संचालक गुरुदेव प्रसाद,नर्स निर्मला कुमारी, परियोजना प्रबंधक निलेश एवं मुखिया राम बालक सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया।आयोजित शिविर में सभी मरीजों का रजिस्ट्रेशन कर रक्तचाप, वजन,लंबाई जांच करते हुए शुगर बीपी, गठिया,चर्म रोग आदि सभी प्रकार की बीमारियों की जांच की गई साथ ही मरीजों को संबंधित निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गई। परियोजना प्रबंधक निलेश कुमार ने बताया की संस्था विगत कई वर्षों से नवादा जिले के रजौली एवं सिरदला प्रखंड के अभ्रक प्रभावी एवं पिछड़े क्षेत्रों में निःशुल्क स्वास्थ्य स्वास्थ्य शिविर एवं अन्य स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम चलाते आ रही है।इससे पिछड़े क्षेत्र मे रहने वाले स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित सामुदायिक के लोग अपना ईलाज आसानी से करवा सकते हैं और खुद को स्वस्थ रख सकते है।निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर मे प्रसूति,गर्भवती एवं किशोरियों को उचित परामर्श के साथ साथ सैनिटरी पैड, आयरन सिरप एवं टैबलेट्स, प्रोटिन एवं पोषण पाउडर उपलब्ध कराए गए।शिविर को सफल बनाने मे परियोजना कोऑर्डिनेटर अभय कुमार, शशि कुमार, रितेश कुमार,स्वास्थ्य कर्मी जितेंद्र कुमार,परियोजना कर्मी संतोष कुमार एवं आलोक कुमार ने अपनी सहभागिता दी।

## बालू लदे ट्रैक्टर के साथ चालक गिरफ्तार




लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** थाना क्षेत्र के बहादुरपुर पंचायत के महनपुर गांव से थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने अवैध उत्खनन में संलिप्त एक बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया। साथ ही ट्रैक्टर चालक को भी गिरफ्तार किया। थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन में बालू माफिया अपने हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं।प्रतिदिन अवैध तरीके से इलाके के नदियों से बालू का खनन कर रहे हैं।जिससे सरकार के लाखों रुपए के राजस्व का चूना बालू माफियाओं के द्वारा लगाया जा रहा है।थानाध्यक्ष ने बताया कि अवैध बालू उत्खनन को लेकर गुप्त सूचना मिली।सूचना के आलोक में पुलिस बलों के सहयोग से महनपुर गांव से बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। साथ ही उसके चालक को भी गिरफ्तार किया गया। जब्त ट्रैक्टर को थाना परिसर में लगाया गया है।वहीं ट्रैक्टर चालक मोहनपुर गांव निवासी हरिश्चंद्र प्रसाद यादव के बेटे सुबोध कुमार के रूप में हुई है।थानाध्यक्ष ने कहा कि मामले को लेकर खनन पदाधिकारी को सूचना दिया गया।जिसके बाद अग्रतर कानूनी कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई है।साथ ही कहा कि गिरफ्तार चालक सुबोध कुमार को शनिवार को स्वास्थ्य जांचोपरांत न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया जाएगा।

## नवादा में पीट-पीटकर हत्या मामले के आरोपी एवं दुष्कर्म के आरोपी गिरफ्तार ,भेजे गए जेल

लोक तंत्र की आवाज़



**सुनील कुमार**

**नवादा ।** जिले में पकरीबरमा थाना प्रभारी अजय कुमार ने बारात में अच्छा भोजन नहीं कराने के जुर्म में पकरीबरावां थाने के देवी विघा गांव में 24 अप्रैल को रामप्रवेश की पिटाई के बाद छुड़ाने गए ब्रह्मदेव यादव की पीटकर हत्या करने वाले हत्यारे तथा शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने वाले को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि पकरीबरावां के देवी विघा गांव से जमुई जिले के रिसडी गांव बारात गई थी । जहां मन लायक भोजन नहीं कराने पर लड़की की विदाई करने आए भाई रामप्रवेश की जमकर पिटाई के बाद लड़की के ससुर ब्रह्मदेव यादव की हत्या कर दी गई थी। जिस मामले में अजय कुमार ,रंजीत कुमार, पिंकी कुमारी तथा सुनीता देवी को नामजद अभियुक्त बनाया गया था। पुलिस ने शुक्रवार को छापेमारी कर रंजीत कुमार को बालू लदे ट्रक से गिरफ्तार कर लिया है ।

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपी गिरफ्तार : दूसरी घटना में मीनू कुमारी नामक युवती से शादी का झांसा देकर 3 साल तक बलात्कार कर रहे युवक संजीव कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया है।थाना प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि बिहारशरीफ की एक नर्सिंग होम में संजीव कुमार काम सीखता था ।जहां मीनू कुमारी से शादी का झांसा देकर संबंध बनाया ।नवादा लाकर भी उसे रखा गया ।अंततः 3 साल बाद शादी से इनकार कर दिया गया ।इसके विरुद्ध थाने में यौन शोषण की प्राथमिक की दर्ज गई थी ।पुलिस ने छापेमारी कर संजीव कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया है ।उन्होंने बताया कि दोनों अपराधियों को जेल भेज दिया गया है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि ब्रह्मदेव यादव हत्याकांड के बचे हुए तीन अभियुक्तों को भी शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## 50 बीघे में लगी गेहूं की फसल जलकर राख वारिसलीगंज प्रखंड के मय गांव की है घटना,दर्जनभर किसानों की मेहनत को आग ने लिया लील

लोक तंत्र की आवाज़



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):**–वारिसलीगंज प्रखंड क्षेत्र में नित्य अग्निदेव का कहर टूट रहा है। आए दिन किसी न किसी हिस्से से अगलगी की पटनाएं सामने आ रही हैं। ताजा घटना वारिसलीगंज प्रखंड के मय न गांव की है, जहां आन की चपेट में आकर 50 बीघे में लगी गेहूं की तैयार फसल जलकर राख हो गई। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। तकरीबन दर्जन भर किसानों के खेतों में लगी फसल को आग ने लील लिया है। मय ग्रामीण मिथिलेश सिंह, मुकेश कुमार, बच्चू सिंह, गोरेलाल सिंह, विखल सिंह, चंद्रभूषण सिंह, प्रह्लाद सिंह, सौरभ कुमार, अशोक सिंह, कुष्णदेव सिंह आदि किसानों के खेतों में में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और 50 बीघे में लगी गेहूं की तैयार फसल को अपने आगोश में ले लिया। फसल में लगी आग को देख ग्रामीणों में अफरातफरी मच गई। लोग आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। इस बीच अग्निशमन विभाग को भी घटना की जानकारी दी गई। जिसके बाद अग्निशमन दस्ता वहां पहुंची और कड़ी मशक्कत के न बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक 50 बीघे में लगी फसल जलकर राख हो गई। लेकिन अग्निशमन दस्ता के प्रयास से अन्य खेतों में लगी फसल को बचा लिया गया। किसानों ने सीओ को घटना की जानकारी देते हुए मुआवजे की मांग की है। इधर, काशीचक प्रखंड ने के सुभानपुर पंचायत की डिहरी गांव में भी खेतों में आग लग गई। जिससे गेहूं की तैयार फसल जलकर राख हो गई। तेज पछुआ हवा आग में भी के समान काम कर रही है। अगलगी की इन घटनाओं से किसानों की मेहनत पर पानी फिर रहा है। साथ ही उन्हें आर्थिक नुकसान का भी सामना करना पड़ रहा है। आंखों के सामने तैयार फसल को जलते देख किसानों व उनके परिवार के सदस्यों का रो– रोकर बुरा हाल है।

## शहर समेत जिले के 162 गांवों में बनेगा मास्टर प्लान

लोक तंत्र की आवाज़



**गया।** गया शहर समेत जिले के 162 गांवों का मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा, इसके द्वारा आम लोगों की जरूरत का खासा ध्यान रखा जाएगा,गया नगर निगम आयुक्त अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में बैठक हुई है इसमें गया आयोजन क्षेत्र के जीआइएस मास्टर प्लान निर्माण के लिए नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा चयनित एजेंसी स्टेसीलाइट सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड कोलकाता के साथ बैठक की गई है।

इस बैठक में क्षेत्र के विभिन्न समस्यायों जैसे मे की जाम की सयस्या, पेयजल, गया नगर के आस पास क्षेत्र का समग्र विकास के बारे में विस्तार से चर्चा की गई है,गया आयोजना क्षेत्र के विकास के लिए अर्बन ग्रोथ सेटर का निर्माण किया जाएगा, मास्टर प्लान के द्वारा आयोजना क्षेत्र में इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, नगर आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी गया आयोजन क्षेत्र के द्वारा एजेंसी से एक कलमबद्ध और चरणबद्ध प्रतिवेदन और अब तक किये गये कामो का विस्तृत जानकारी की मांग की गई है।गया आयोजना क्षेत्र के मास्टर प्लान के लिए सहायक टाउन प्लान पर्यवेक्षक अंकिता को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। नगर प्रबंधक आसिफ सिराज को वरियप्रभार मे रहेगे, नगर आयुक्त ने आगे बताया कि गया आयोजना क्षेत्र के विकास गया की आम जनता के लिए ईजी आफ़ लिंविंग सूचकांक में प्रगति आएगी,गया नगर निगम का मास्टर प्लान अमृत योजना के दिए हुए दिशा निर्देश और नीती आयोग की आधुनिक शहरी विकास के बारिकीयो को ध्यान में रखकर किया जाएगा, नगर आयुक्त आगे यह भी बताया की शीघ्र गया आयोजना क्षेत्र के विकास से संबंधित विभागों के साथ बैठक कि जाएगी।

## नवादा में अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार पिता-पुत्र को रौंदा, पिता की घटनास्थल पर ही हुआ दर्दनाक मौत

लोक तंत्र की आवाज़




**सुनील कुमार**

**नवादा ।** नवादा में एक अनियंत्रित ट्रक ने मोटरसाईकिल से अपने पुत्र के साथ विद्यालय जा रहे एक शिक्षक को रौंद दिया। जिससे घटनास्थल पर हीं उनकी दर्दनाक मौत हो गया. वहीं उनके 20 वर्षीय पुत्र गम्भीर रूप से घायल है। जिसे निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद परिवारजनों में कोहराम मच गया। वहीं घटना के बाद स्वजनों एवं स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर मुआवजे की मांग किया जा रहा है।

यह घटना जिले के कादिरगंज –पकरीबरावां पथ पर हुई ,जिसमें रोह थानाक्षेत्र के मनियोचक ग्राम निवासी निजी शिक्षक मनोज कुमार की दर्दनाक मौत हो गयी। दुर्घटना इतनी दर्दनाक थी कि मृतक ट्रक के चक्के में फंस गया और काफी दूर तक घिसता चला गया। जिससे मृतक का शरीर क्षतविक्षत हो गया। ट्रक में बालू लदा था ,काफी मशक्कत के बाद ट्रक से बालू उतारकर घंटों मशक्कत के बाद शव को ट्रक के पहिए निकाला गया। मृतक रोह थानाक्षेत्र के मनियोचक ग्राम में वीरू कुंआ के पास आदर्श आवासीय स्कूल नामक निजी विद्यालय चलाते थे। दुर्घटना के वक्त वे अपने 20 वर्षीय पुत्र के साथ मोटरसाईकिल पर सवार होकर अपने घर लौट रहे थे ,तभी हादसे का शिकार हो गया। घटना के बाद उपस्थित भीड़ एवं उनके परिजनों ने कादिरगंज –पकरीबरावां पथ को जाम कर दिया, और मुआवजे की मांग पर अड़ गए। घटना की सूचना मिलते हीं स्थानीय थाना की पुलिस मौके पर पहुंच गयी है। परिजनों को समझाबुझाकर जाम हटाने का प्रयास किया जा रहा है।

## रजौली में सूर्य नारायण मंदिर का किया गया भूमिपूजन व शिलान्यास

लोक तंत्र की आवाज़





**सुनील कुमार**

**नवादा ।** रजौली नगर पंचायत मुख्यालय में 26 अप्रैल को सूर्य नारायण मंदिर निर्माण समिति की ओर से सूर्य मंदिर का भूमिपूजन सह शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस संबंध में समिति के कार्यकर्ता ने बताया कि शुक्रवार को सुबह सात बजे से मंदिर निर्माण का भूमि पूजन,शिलान्यास और अतिथियों का सम्मान और भंडारा का आयोजन किया गया है।

श्री सूर्य मंदिर निर्माण के अध्यक्ष संदीप वर्मा ने बताया कि इस मंदिर में लगभग 35 से 40 लाख रुपए का खर्चा हैं सूर्य भगवान का प्रतिमा वियतनाम पत्थर जयपुर से मंगवाया जाएगा। मंदिर का भूमिपूजन वाराणस के वैदिक विद्वानों श्री राम नारायण दास त्यागी जी के निर्देशन में संपन्न होगा। वहीं पूजा के मुख्य याजमान अरविंद विश्वकर्मा और उनके पत्नी रुबी पूजा विश्वकर्मा अर्चना की।उन्होंने नगर पंचायत नगर के अगल–बगल क्षेत्रों के अलावा अन्य क्षेत्रों के लोगों से सूर्य मंदिर के निर्माण को लेकर आयोजित किए जा रहे भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होकर भूमि पूजा अर्चना की। वही मौके पर मंदिर के निर्माण करने वाले मिस्त्री उड़ीसा से आए हुए सुनील जैन ने बताया कि एक वर्ष में मंदिर का निर्माण हो जाएगी जो कि बिहार में मैं पहली बार सूर्य मंदिर का निर्माण कर रहा हूं। इसी मौके पर रजौली प्रखंड क्षेत्र के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि पश्चिमी पंचायत भोली सिंह, नगर पंचायत वार्ड नंबर 10 के वार्ड पार्षद संतोष वर्मा, समाजसेवी नवीन कधन्वे, एमएलसी प्रतिनिधि एवं जद यू प्रदेश सचिव दीपक कुमार मुन्ना, छठ पूजा समिति कमेटी कार्यकर्ता अनुज एयरटेल सुमित कुमार बिट्टू, सूरज कुमार, रोहित उर्फ धोनी, अमन सिंह,दीपक भदानी, संदीप कुमार, राज शिव मंदिर अध्यक्ष संतोष सिंह,राहुल पांडे, धनंजय कुमार, अमित कुमार, अरुण सिंह रोहित कुमार , गौतम ताती, गोरा राकेश,रजौली क्षेत्र के दर्जनों लोग उपस्थित थे ।

## संक्षिप्त खबरें ।

### दिन मे मतदान, रात मे विवाह, जागरूक है हम : स्वाती



केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। पीरपैंती प्रखंड के ओला पुर गांव निवासी पवन ठाकुर के पुत्री स्वाति कुमारी ने जागरूक मतदाता का मिशाल कायम किया । आम तौर पर हल्दी लगने के बाद लड़के और लड़कियां घरों से बाहर नहीं निकलते हैं। लेकिन स्वाति कुमारी इस परंपरा को तोड़ते हुए हल्दी लगे हाथों से मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान की और बताई कि मेरा मायके का यह अंतिम मतदान है । रात मे स्वाती की शादी है ,कल स्वाती विदा हो जाएगी ।इसी बीच स्वाति कुमारी ने अपनी पीड़ा भी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भागलपुर जाकर के डिग्री प्राप्त किया। पीरपैंती में डिग्री कॉलेज की होना जरूरी है। महिलाओं के मान सम्मान की रक्षा होना जरूरी है ।महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं है। महिलाएं पुरुषों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चलती है ।उन्होंने नए निर्वाचित होने वाले सांसद अनुरोध किया कि पीरपैंती विधानसभा में एक डिग्री कॉलेज खोला जाए ।जिससे हम जैसे लड़कियों को 50– 60 किलोमीटर दूर भागलपुर जाना ना पड़े।

### दियालपुर में चौकीदार से मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

बिहपुर – गुरुवार की रात झंडापुर थाना अध्यक्ष एवं थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर थाना क्षेत्र के दियालपुर गांव से चौकीदार से मारपीट के मामले ने नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया ।झंडापुर थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी दियालपुर गांव का नवनीत कुमार झा पिता मनोरंजन झा है ।जिसे शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### पूर्व विधान सभा प्रत्याशी चौबे ने किया मतदान

केदार नाथ पाण्डेय।
भागलपुर। भागलपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अर्जित शाश्वत चौबे ने पत्नी विजेता राज के साथ दुर्गाचरण प्राथमिक विद्यालय माणिक सरकार आदमपुर भागलपुर स्थित पोलिंग बूथ पर सपरिवार मतदान किया ।देश के मतदाताओं में तीसरी बार मोदी सरकार बनाने हेतु उमंग भरा हुआ है ।देश में एनडीए 400 सीट व बिहार में 40 में 40 सीट पर जीत तय करेगी। दूसरे चरण में जहाँ जहाँ चुनाव हो रहा है, सभी मतदाताओं से आग्रह है युवा बड़ी संख्या में घरों से निकल कर विकसित भारत के लिए मतदान कर रहे हैं।

### बिहपुर प्रखंड के मड़वा गांव में बांसवाड़ी में लगी आग

बिहपुर – गुरुवार की देर शाम राष्ट्रीय मार्ग एनएच 31 के समीप बुच्ची चौधरी के बांसवाड़ी में कोई अज्ञात व्यक्ति के द्वारा आग लगा दी गई= अचानक जब आग देखा तो अविलंब मड़वा सरपंच प्रतिनिधि मनोहर चौधरी ने झंडापुर थाना को जानकारी दिया ।जिससे मौके पर दमकल पहुंची इससे पहले की आग पास के बगीचे और खेतों में आग आग पकड़ती दमकल के द्वारा आग पर काबू पा लिया गया।

### बनियापुर में जीविका द्वारा मतदाता जागरूकता को लेकर की गई बैठक

बनियापुर प्रखंड स्थित लौवाकला मानिकपुर पंचायत में सभी जीविका दीदीओ के द्वारा मतदाता जागरूकता को लेकर महिला संयुक्त संघ कार्यालय सरेया में बैठक किया गया। जिसमें मुख्य रूप से महिलाओं को जागरूक करना और मतदान करने को लेकर इस पर चर्चा किया गया वहीं जीवित बनियापुर प्रभारी राजू कुमार जिला मैनेजर राकेश कुमार लोकतंत्र का यह महापर्व है साथी इस मतदान को लेकर सभी लोगों में जागरूकता जीविका के दीदीओ द्वारा कराई जा रही है आने वाले लोकसभा चुनाव में आप सभी लोग मतदान अवश्य करें और आसपास के लोगों को मतदान करने के लिए सभी को प्रेरित करें। मौके पर उतम कुमार अनामिका कुमारी बविता देवी गुरिया देवी जमिला प्रवीण सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सारण लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी नामांकन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि तीन मई

## डीएम श्री समीर ने कहा कि सारण लोकसभा क्षेत्र के लिए अधिसूचना जारी होते ही नामांकन फॉर्म जमा करने की प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है

लोकतंत्र की आवाज




**शकील हैदर ब्यूरो**
**छपर ।** 20 सारण लोकसभा क्षेत्र की अधिसूचना शुक्रवार को जारी कर दी गयी. इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम अमन समीर और एसपी डॉ. गौरव मंगला ने समाहरणालय सभाकक्ष में संयुक्त प्रेस वार्ता का आयोजन किया. डीएम श्री समीर ने कहा कि सारण लोकसभा क्षेत्र के लिए अधिसूचना जारी होते ही नामांकन फॉर्म जमा करने की प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है. नामांकन की अंतिम तिथि 3 मई है. इस बीच 27 और 28 अप्रैल और 1 मई को एनआई एक्ट के तहत घोषित छुट्टियों पर नामांकन स्वीकार नहीं किए जाएंगे. नामांकन का समय सुबह 11 बजे से अपराह्न 03 बजे तक निर्धारित है. डीएम ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के तहत सारण विधानसभा क्षेत्र का चुनाव पांचवें चरण में हो रहा है. नामांकन पत्रों की जांच 4 मई को होनी है. नामांकन करने वाला कोई भी व्यक्ति 06 मई तक अपना नाम वापस ले सकता है. उन्होंने कहा कि सारण लोकसभा के रिटर्निंग ऑफिसर एडीएम एसएस पांडेय को अधिसूचित किया गया है. नामांकन फॉर्म उनके कार्यालय कक्ष में दर्ज किया जाएगा. सारण के लिए 20 मई को सुबह 07 बजे से शाम 06 बजे तक मतदान होगा. जिसके लिए कुल 1776 मतदान केंद्र बनाये गये हैं. सारण लोकसभा क्षेत्र में कुल 17 लाख 94 हजार 353 मतदाता हैं. जिसमें 09 लाख 40 हजार 376 पुरूष, 08 लाख 53 हजार 968 महिला एवं 09 अन्य मतदाता शामिल हैं. उन्होंने बताया कि इनमें कुल 05 हजार 719 सेवा मतदाता एवं 17 हजार 468 दिव्यांग मतदाता भी शामिल हैं. नामांकन के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय दलों के प्रत्याशी को एक और निर्दलीय प्रत्याशी को 10 प्रस्तावक देने होंगे. प्रस्तावक को लोकसभा के किसी भी विधानसभा क्षेत्र के मतदाता होना चाहिए. एसपी डॉ गौरव मंगला ने अपने संबोधन में कहा कि नामांकन अवधि के दौरान आचार संहिता के साथ–साथ कानून–व्यवस्था एवं यातायात नियंत्रण को सख्ती से लागू किया जायेगा. इसके अलावा थाना चौक एवं नगर निगम चौक के बीच वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा. केवल प्रत्याशी की तीन वाहनों को समाहरणालय के मुख्य द्वार तक जाने दिया जाएगा. नॉमिनेशन कक्ष में प्रत्याशी समेत सिर्फ पांच लोगों को ही प्रवेश की इजाजत होगी. उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को परेशानी से बचाने के लिए अलग ट्रैफिक प्लान बनाया गया है. धन बल के प्रयोग को रोकने के लिए 30 फ्लाइंग स्क्वायड टीम और स्टेटिक सर्विलांस टीमें भी गठित की गयी हैं. जबकि 10 स्थानों पर चेक पोस्ट बनाये गये हैं. प्रेस वार्ता में नगर आयुक्त सुमित कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद एकबाल, अवर निर्वाचन पदाधिकारी एखलाक अंसारी, डीपीआरओ रवीन्द्र कुमार आदि मौजूद थे।

### लोकतंत्र का महान उत्सव शान्ति पूर्ण माहौल में संपन्न




लोकतंत्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती।** मौसम का तापमान भी मतदाताओं के उत्साह को कम नहीं कर सका । जैसे जैसे तापमान बढ़ता गया, तो भी मतदाता का उत्साह कम नहीं हुवा। कई स्थान पर दोपहर के समय मतदाता कब नजर आए ।लेकिन जैसे ही अपराह्न 3:00 बजे बाद मतदाताओं का रेल मतदान स्थल की उमड़ पड़ा ।गोराडीह मतदान केंद्र पर संध्या 5:30 बजे तक महिलाओं और पुरुषों की लंबी लाइन लगी हुई थी। वही सुंदर पुर मे पी डब्लू डी भवन में संध्या 6:00 बजे तक महिला पुरुषों की लंबी लाइन लगी हुई थी। संवाद प्रेसन तक मतदान जारी है ।पूरे भागलपुर लोकसभा क्षेत्र में संध्या 6:00 बजे तक 51 प्रतिशत मतदान की खबर है। बाखरपुर, बाबूपुर, मधुवन टोला इत्यादि केंद्रों पर एस डी पी ओ 2 के निर्देश पर घुड़सवार पुलिस घूम घूम कर जायजा ले रहे थे। सुदूरवर्ती क्षेत्रों मे लगातार पुलिस पैट्रोलिंग करती नज़र आई।

# स्कूल वैन में लगी आग,10 बच्चे हुए जख्मी

लोकतंत्र की आवाज



**बनियापुर ।** बनियापुर प्रखण्ड के कोल्हुआ बजार स्थित गुरुकुल निजी विद्यालय के सी एन जी वैन मे गैस लीकेज से वैन मे आग लग गयी जिससे वैन मे अफरा तफरी मच गयी बच्चो के उतरने के क्रम मे 10 बच्चे आंशिक रूप से जख्मी हो गए है,जिनका बनियापुर रेफरल अस्पताल मे प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घटना के संबंध मे बताया गया है की स्कूली वैन बच्चो को लेकर जा रही थी कि अचानक वैन मे आग लग गयी जिससे बच्चो मे अफरा तफरी मच गयी,बच्चे आशिक रूप से झूल्स गये,जख्मी मे पप्पू कुमार की 7 वर्षीय पुत्री अंशु कुमारी कपिल यादव का 8 वर्षीय पुत्र अनीश कुमार कपिल यादव की 10 वर्षीय पुत्री गुड़िया कुमारी 8 वर्षीय आशीष कुमार अजित सिंह का पुत्र 10 वर्षीय आँशु कुमार ,निखील कुमार 8 वर्षीय संजीव कुमार का 5 वर्षीय रौनक़ अमित कुमार सिंह का 7 वर्षीय पुत्र अजित कुमार सहित अन्य दो बच्चे जख्मी हो गए है ।जिनका इलाज सदर अस्पताल मे कराया जा रहा है।

# घर में आग लगी, सामान के साथ अरमान भी खाक

लोकतंत्र की आवाज



**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती/कहलगांव।** कहलगांव शांति नगर निवासी उषा देवी पति बिसरी रजक के घर में सुबह में 3:20 में अचानक आग लग गई। आग लगने की सूचना समय पर पदाधिकारी को दिया गया ।सूचना पर तुरंत एक छोटा अग्निशमन और दो बड़ी अग्नि शमन वाहन वहां जाकर आज पर काबू कर लिया। लेकिन आग अपना काम कर चुकी थी।जिस प्रकार की गर्मी एवं पछुवा हवा चल रही थी उसी परिस्थितियों में आसपास का घर जल सकता था। जिससे अग्नि अधिकारियों ने तुरंत काबू कर लिया। आग में झोपड़ी का घर, घर का पूरा सामान ,बर्तन ,कपड़ा ,खाने–पीने का सामान ,घर में बेटी के शादी के लिए सभी जेवरात, शादी का कपड़ा, बिछावन ,पशु का चारा और अन्य कई प्रकार के समान जल गए। आग लगने का कारण बिजली शॉर्ट सर्किट बताया जाता है। इस गरीब परिवार ने प्रशासन से बहुत उम्मीद है ।उषा देवी ने गुहार लगाई कि प्रशासन मदद करें।

# चूल्हे के चिंगारी से लगी आग दर्जनों घर जलकर खाक गाँव में मचा कोहरम

लोकतंत्र की आवाज



**बिहपुर ।** नवगछिया अनुमंडल के रंगरा प्रखंड अंतर्गत अग्नि का प्रचंड तांडव जारी। थाना क्षेत्र के अजमाबाद गांव में शुक्रवार की दोपहर को अचानक आग लगने से अफरा तफरी मच गयी ।भीषण गर्मी व तेज पछुआ हवा चलने के कारण आग की लपटें पूरे गांव को अपने आगोश में लेने को मचलने लगी।आग सुकटिया बाजार पंचायत के मुखिया अजमाबाद गांव के दो दर्जन से अधिक लोगों के घर जल कर राख हो गये।घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया।मुखिया अश्विनी कुमार की सूचना पर चार दमकल गाडियों से ग्रामीणों के कड़ी मशक्कत, सहयोग से शाम तक आग पर काबू पाया जा सका।मुखिया अश्विनी कुमार ने बताया कि सरकारी पासबुक ,पैसा , सरकारी कागजात भी जल गये हैं।जानमाल के किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है।गोपालपुर से अमर रजक, पवन रजक, संजय रजक पटेल शर्मा, अनीता देवी राकेश शर्मा,रंगरा से घुंघरू शर्मा ,शैलेश शर्मा, फ़ोकन शर्मा, उमेश शर्मा ,शेखर शर्मा ,सुबोध शर्मा वह अन्य पीड़ित परिवार है। जिसमें पवन रजक का गाय जलने की सूचना है।वही हीरालाल रजक उर्फ अमर रजक ने बताया कि मेरा घर पूरी तरह जलकर से बर्बाद हो गया। इस बार मकई की फसल बेचकर घर में पैसा रखे थे बेटी की शादी के लिए सब बर्बाद हो गया। सूचना मिलने पर नवगछिया एसपी पूरण कुमार झा, कई थानों की पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंची। अनुमंडल पदाधिकारी उत्तम कुमार ने घटनास्थल पर बताया कि दो दर्जन से अधिक लोगों के घर जलने की सूचना है।आग की लपट तेज होने के कारण चार अग्निशमन की गाड़ी पहुची है। दोनों प्रखंड के राजस्व कर्मचारी द्वारा क्षति का आकलन किया जा रहा है।

# जयप्रकाश विश्वविद्यालय विद्वत परिषद की बैठक आजअपराह्न 2 बजे माननीय कुलपति महोदय प्रो. परमेन्द्र कुमार बाजपेई की अध्यक्षता में संपन्न हुई

लोकतंत्र की आवाज



**शकील हैदर ब्यूरो**
**छपरा।** बैठक में माननीय कुलपति महोदय ने कहा कि आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना और जयप्रकाश विश्वविद्यालय के बीच पूर्व में एमओयू हो चुका है । उन्होंने जानकारी दी कि इसके तहत जयप्रकाश विश्वविद्यालय द्वारा नैनो टेक्नोलॉजी की पढ़ाई प्रारंभ की जाएगी। माननीय कुलपति महोदय ने कहा कि इस कोर्स में हर सत्र में 40 छात्र–छात्रा नामांकित होंगे। यह बिहार राज्य का अपने तरह का पहला पाठ्यक्रम होगा। इसमें खास बात यह है कि इसका सैद्धान्तिक पाठ्यक्रम जयप्रकाश विश्वविद्यालय में पढ़ाया जाएगा जो आवासीय होगा। सभी छात्र–छात्राओं को विश्वविद्यालय परिसर में आवासीय सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी जबकि इसकी प्रायोगिक पढ़ाई आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय में कराई जाएगी। वहां भी छात्र–छात्राओं को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उल्लेखनीय है कि यह जयप्रकाश विश्वविद्यालय के लिए बहुत ही गौरवपूर्ण बात है कि नैनो टेक्नोलॉजी का पाठ्यक्रम प्रारंभ करने वाला बिहार का पहला विश्वविद्यालय होगा। माननीय कुलपति महोदय ने यह भी जानकारी दी कि मधेपुरा विश्वविद्यालय द्वारा जयप्रकाश विश्वविद्यालय के साथ संयुक्त रूप से एमएससी (बायोटेक्नोलॉजी) की पढ़ाई प्रारंभ करने की इच्छा व्यक्त की गई है। वहां यह पाठ्यक्रम पहले से ही संचालित हो रहा है। बैठक में एमए (हेरिटेज), एमए (माइग्रेशन) सहित अन्य कई पाठ्यक्रम प्रारंभ करने का प्रस्ताव पारित किया गया। कुल मिलाकर 4 नए पाठ्यक्रम प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए माननीय कुलपति महोदय ने स्पष्ट निर्देश दिया कि एक सप्ताह के अंदर इन सभी पाठ्यक्रमों के ऑर्डिनेंस और करिकुलम तैयार कर राजभवन को भेज दिया जाय। बैठक में सभी महाविद्यालयों से सेल्फ फाइनेंसिंग कोर्सेज प्रारंभ करने के लिए प्रस्ताव मांगने का निर्णय लिया गया। साथ ही बी.लिब. बी.सी.ए. बी.बी.ए. बीजेएमसी, फूड टेक्नोलॉजी आदि के पाठ्यक्रम प्रारंभ करने और इसके लिए ऑर्डिनेंस व करिकुलम तैयार करने का निर्णय लिया गया। बैठक में कुलसचिव प्रो. रणजीत कुमार, सभी संकायाध्यक्ष, स्नातकोत्तर विभागों के अध्यक्ष, प्राचार्य, पीसी विज्ञान कॉलेज, प्रभारी प्राचार्य, जेपीएम कॉलेज, प्राचार्य, नंदलाल सिंह कॉलेज, दाउदपुर, गंगा सिंह कॉलेज, यदुनंदन कॉलेज, दिघवारा, विद्या भवन महिला कॉलेज, सीवान सहित अन्य कई महाविद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित थे। कुलसचिव महोदय प्रो. रणजीत कुमार के धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की समाप्ति हुई।

## संक्षिप्त खबरें ।

### वाराणसी में गरजे ओवैसी- बोले, पीएम मोदी मुसलमानों को घुसपैठिया कहते हैं- क्या आप घुसपैठीए हैं?

**विनय**



वाराणसीःःवाराणसीमें ओवैसी ने कहा कि मोदी सिर्फ झूठ बोलते हैं वह कहते हैं कि सरदार बल्लभ भाई पटेल के हम चेला हैं। मैं किसी की चेला नहीं। मैं तो पटेल की औलाद हूं। जनता को बेवकूफ बनाने का दिन अब गया। जनता सब कुछ समझ चुकी है। इस बार सबक सिखाएगी। ओवैसी को सुनने के लिए काफी संख्या में लोग पहुंचे थे। पीडीएम गठबंधन के नेता व एआइएमआइएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि मुसलमानों को कांग्रेस, समाजवादी पार्टी समेत अन्य पार्टियों ने सिर्फ वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया। आप सदैव वोट देने वाले बने रहे। इसलिए सभी पार्टियों ने आपका इस्तेमाल किया। आपको पीछे घुमाने व दरी बिछाने के अलावा कुछ नहीं दिया। अब आप वोट लेने वाला बनिए।

### मोदी ने देश को भ्रष्टाचार मुक्त करने के लिए कड़े फैसले लिएः शाह, कहा- देश बनेगा तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत

**विनय**

वाराणसीःःकेंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को भ्रष्टाचार आतंकवाद और नक्सलवाद से मुक्त कराने के लिए कड़े फैसले लिए हैं। उन्होंने पूरे विश्व में काशी का नाम रोशन किया। देश को जातिवाद भाई-भतीजावाद तुष्टीकरण से मुक्ति दिलाने के लिए काम किया। मुगलों और ब्रिटिश काल के गुलामी के निशानों से छुटकारा दिलाया। मोदी ने देश को भ्रष्टाचार मुक्त करने के लिए कड़े फैसले लिएः शाह

### बिहार भेजी जा रही 20 पेटी अंग्रेजी शराब, पुलिस ने मैजिक वाहन समेत चालक को दबोचा; गिरोह में शामिल अन्य की तलाश




**सोनू**

देवरियाःःलोकसभा चुनाव को लेकर रात को पड़री पुल के समीप पुलिस वाहन चेकिंग कर रही थी। इस बीच तेजी से एक मैजिक आते नजर आया। पुलिस टीम ने मैजिक को रोक लिया और तलाशी ली जिसमें 20 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की गई। चालक रियाजुद्दीन उर्फ राजू अंसारी निवासी ततायर खुर्द थाना खामपार को गिरफ्तार कर लिया। गिरोह में शामिल अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी को पुलिस दबिश दे रही है। मैजिक से बिहार भेजी जा रही 20 पेटी अंग्रेजी शराब रविवार की रात पुलिस ने श्रीरामपुर के पड़री पुल के समीप से बरामद किया। साथ ही चालक को गिरफ्तार कर लिया। गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी को पुलिस दबिश दे रही है।

# अमरोहा : यूपी में शाम 5 बजे तक 51 फीसदी हुई मतदान

लोक तंत्र की आवाज़

**मतदान के दौरान सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किये गये**



अमरोहा। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश में नौ जिलों की आठ लोकसभा सीटों के लिये शुक्रवार शाम तीन बजे तक औसतन 44.13 फीसदी लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लिया था। अमरोहा में सबसे ज्यादा 51.44 फीसदी मतदाताओं ने वोट डाले वहीं इस अवधि में सबसे कम मतदान मथुरा में 39.45 प्रतिशत हुआ। मतदान के दौरान सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किये गये हैं वहीं गर्मी से बचाव के लिये शीतल जल और छाया के अलावा दवाइयों का भी इंतजाम है। मतदान। सुबह सात बजे शुरु हो गया था जो शाम छह बजे तक चलेगा और इसके बाद भी कतार में लगे लोगों को मतदान का अवसर दिया जायेगा। निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शाम तीन बजे तक अमरोहा में 51.44 प्रतिशत,मेरठ में 47.52 प्रतिशत,बागपत में 42.92 प्रतिशत,गाजियाबाद में 33.99 प्रतिशत, गौतमबुद्धनगर में 44.08 प्रतिशत,बुलंदशहर में 44.54 प्रतिशत,अलीगढ़ में 44.08 प्रतिशत और मथुरा में 39.45 प्रतिशत लोगों ने वोट डाल लिये थे। मतदान को लेकर सभी स्थानो पर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। मतदान शांतिपूर्ण तरीके से जारी है और कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। चुनाव के इस चरण में फिल्म अभिनेत्री और भाजपा सांसद हेमामालिनी और अरुण गोविल समेत 91उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो जायेगी। मतगणना चार जून को होगी। भाजपा सांसद तेजवीर सिंह ने मथुरा में अपने मताधिकार का प्रयोग किया जबकि गाजियाबाद में भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग ने कतार में लग कर अपना वोट डाला। मतदान से पहले गर्ग प्रसिद्ध दूधेश्वर नाथ मंदिर पहुंचे और पूजा अर्चना कर अपनी जीत की कामना की। गाजियाबाद में पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्रा ने भी सुबह साढे सात बजे वोट डाला और मतदाताओं से अधिकाधिक मतदान की अपील की।

### चौथे चरण के लिए कांग्रेस ने जारी की 40 स्टार प्रचारकों की सूची, प्रचार में उतरेंगे खरगे-सोनिया, राहुल और प्रियंका

लोक तंत्र की आवाज

**सुगंधा**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के चुनाव प्रचार में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सोनिया गांधी राहुल गांधी व प्रियंका वाड्रा के अलावा कई बड़े नेता शामिल होंगे। कांग्रेस ने गुरुवार को चौथे चरण के लिए अपने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। सूची में प्रदीप नरवाल के स्थान पर नीलांशु चतुर्वेदी का नाम शामिल किया गया है। सूची में प्रदीप नरवाल के स्थान पर नीलांशु चतुर्वेदी का नाम शामिल किया गया है। चौथे चरण के चुनाव में शहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फरुर्खाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर व बहराइच में 13 मई को मतदान होगा।

### मोटरसाइकिल चोरी व बरामदगी के मामले में आरोपी को मिलीं जमानत



लोक तंत्र की आवाज़

**रत्ना शुक्ला**

वाराणसीः चोरी की मोटरसाइकिल बरामदगी के मामले में आरोपी को कोर्ट से राहत मिल गयी। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (प्रथम) रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने सहेपुर, बलुआ रोड चन्दौली निवासी अखिलेश भूषण पांडेय को 70-70 हजार रुपये की दो जमानते एवं व्यक्तिगत बन्धपत्र देने पर रिहा करने का आदेश दिया। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता नवीन कुमार, राहुल राज व प्रमोद मौर्य ने पक्ष रखा।

अभियोजन पक्ष के अनुसार मोहल्ला दोषीपुरा, थाना जैतपुरा निवासी वादी आखरूज्जमा अंसारी ने 29 अक्टूबर 2017 को थाना जैतपुरा में मोटरसाइकिल चोरी की प्राथमिकी दर्ज करायी थी। आरोप था कि 28 अक्टूबर 2018 को प्रातः 4.16 बजे उसकी हीरो पैशन मोटर साइकिल पंजीयन संख्या यू०पी० 65 बी०जी०-4359 रंग काली जो घर के बाहर खड़ी थी, किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया। पुलिस ने विवेचना शुरू और 10 दिसंबर 2018 को समय 22.30 बजे पड़ाव स्थित एम्बिसन स्कूल के सामने जी०टी० रोड मुगलसराय पर पुलिस बल द्वारा आरोपी के कब्जे से उक्त तथा अन्य वाहन की बरामदगी के आधार पर मुकदमा धारा 379 भा०द०सं० से धारा 379, 411, 414, 420, 467, 468, 471 भा०दं०सं० में परिवर्तित किया गया।

### यूपी की 8 सीटों पर शाम 5 बजे तक 52.74 फीसदी मतदान

लोक तंत्र की आवाज

**रत्ना**

लखनऊःःअठारहवीं लोकसभा के चुनाव के दूसरा चरण में यूपी की आठ सीटों पर मतदान जारी हैं। पश्चिमी यूपी की इन आठ सीटों पर सुबह सात से शाम छह बजे तक वोट डाले जाएंगे। गौतम बुद्ध नगर व मथुरा सीट पर सर्वाधिक 15-15 और बुलंदशहर में सबसे कम छह प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं : यूपी की 8 सीटों पर शाम 5 बजे तक 52.74 फीसदी मतदान अठारहवीं लोकसभा के चुनाव के दूसरा चरण में यूपी की आठ सीटों पर मतदान जारी हैं। पश्चिमी यूपी की इन आठ सीटों पर सुबह सात से शाम छह बजे तक वोट डाले जाएंगे। गौतम बुद्ध नगर व मथुरा सीट पर सर्वाधिक 15-15 और बुलंदशहर में सबसे कम छह प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। : यूपी की 8 सीटों पर शाम 5 बजे तक 52.74 फीसदी मतदान यूपी की 8 सीटों पर शाम 5 बजे तक 52.74 फीसदी मतदान

**दूसरे चरण में यूपी की आठ सीटों पर मतदानः** चुनावी मैदान में 91 उम्मीदवार आठ लोकसभा क्षेत्रों में कुल 1,67,77,198 मतदाता डीजिटल डेस्क, नई दल्लिी। वढ छङ्म' रुँ ए'ीूडृङ्मल्ल 2024 छक्चश्ए: लोकसभा चुनाव में दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश की आठ सीटों पर मतदान जारी है। अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा लोकसभा सीट के 1.67 करोड़ मतदाता 91 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे, जिसमें 10 महिला प्रत्याशी हैं। गौतम बुद्ध नगर व मथुरा सीट पर सर्वाधिक 15-15 और बुलंदशहर में सबसे कम छह प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे हैं।

### यूपी के एक दर्जन गांवों में भूमि अधिग्रहण का नोटिस जारी, किसानों ने कहा, नहीं देंगे जमीन; बताई ये वजह

लोक तंत्र की आवाज

**रत्ना**



लखनऊ ::किसान यूनियन ने कहा है की सर्किल रेट बढ़ाए बिना किसान एक फिट भी जमीन नही देंगे। परिषद ने किसानों को आपत्ति का मौका दिया है। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन कई महीने पहले से सर्किल रेट बढ़ाने की मांग कर रहा है। कई किसानों और किसान नेताओं ने कहा है कि सरकार जमीन अधिग्रहित कर किसानों की जमीन कम कीमत पर लेना चाहती है जो होने नहीं दिया जाएगा। लखनऊ आवास एवं विकास परिषद ने गोसाईगंज क्षेत्र के करीब एक दर्जन गांवों में आवासीय योजना भूमि विकास एवं ग्रहस्थान योजना एक में भूमि अधिग्रहण के लिए कार्रवाई शुरू कर दी है, लेकिन किसानों का कहना है कि सर्किल रेट बढ़ने के पहले किसान जमीन नही देंगे।

### 2024 फेडरेशन कप (सीनियर) द्वारा भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह बबलू ने फरहान अहमद 'पत्रकार' को किया सम्मानित

लोक तंत्र की आवाज़

**रत्ना शुक्ला**




वाराणसीःभारतीय कुश्ती संघ के तत्वधान में चल रहे बीएचयू स्थित महाराजा विभूति नारायण सिंह इंडोर स्टेडियम एम्फी थियेटर ग्राउंड में 2024 फेडरेशन कप (सीनियर) के (तीसरे दिन) शुक्रवार को चन्दौली लौंदा - झाँसी निवासी युवा पत्रकार फरहान अहमद को भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह बबलू ने पत्रकारिता क्षेत्र में सराहनीय योगदान देने के लिए सम्मानित किया। भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह बबलू ने फरहान अहमद की प्रसंशा करते हुए कहा कि फरहान एक निर्भीक, निडर व निष्पक्ष पत्रकारिता करते हैं। इस लिए आज भारतीय कुश्ती संघ द्वारा इनको सम्मानित किया गया है। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक राजीव सिंह रानू, आशुतोष सिंह ईशु, इंदूकांत राय सहित दर्शक व खिलाड़ी मौजूद रहे।

### वाराणसी में लू ने झुलसाया, बढ़ती गर्मी के बीच येलो अलर्ट जारी; घाटों पर दिख रहा सन्नाटा

लोक तंत्र की आवाज

**विनय**



वाराणसीःःउत्तर प्रदेश में गर्मी से हाल-बेहाल है। इन दिनों भीषण गर्मी से लोग परेशान हो रहे हैं। लगातार तेज धूप और लू से जीव-जंतु से लेकर आम जनता बेहाल हो गई है। लू के कारण पूरे दिन सड़कों पर लोग खुद को कपड़ों में कैद करते दिखे। कोल्ड ड्रिंक और जूस की मांग बाजार में बढ़ गई है। उत्तर प्रदेश में गर्मी से हाल-बेहाल है। इन दिनों भीषण गर्मी से लोग परेशान हो रहे हैं। लगातार तेज धूप और लू से जीव-जंतु से लेकर आम जनता बेहाल हो गई है। गर्मी मुश्किल बढ़ा रही है। लू के थपेड़े शरीर को झुलसा रहे हैं। गुरुवार को तापमान बढ़ गया वाराणसी में अधिकतम तापमान 42.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 23.5 डिग्री रहा। 29 अप्रैल तक इसी तरह हीट वेव चलेगी, इसके लिए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।

## जेल में बंद किसानों से मिले अजय राय, सरकार पर साधा निशाना; कहा- 'मोदी-योगी किसान विरोधी

लोक तंत्र की आवाज

**विनय**





वाराणसी ::कांग्रेस नेता अजय राय ने जेल में बंद किसानों से मुलाकात की। अजय राय ने कहा कि किसान भाई अपने उपजाऊ जमीन के मुआवजे की मांग के खातिर आंदोलनरत है पिंडरा तहसील में काशी द्वार के विरुद्ध किसानों द्वारा चल रहे आंदोलन में आंदोलनरत व धरनारत किसानों को शासन के दबाव में जेल भेजा गया। जो बेहद निंदनीय हैवाराणसी। वाराणसी में मंगलवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय जेल में बंद किसानों से मुलाकात की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को चौकाघाट स्थित जिला कारागार में किसानों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सरकार पर निशाना भी साधा।अजय राय ने कहा की वाराणसी में बिना मुआवजा किसानों का जमीन छीन कर हमारे किसान भाइयों के परिवार को उजाड़ने का कार्य कर रहे है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी। सही मायने में जिस जमीन से किसानों की गृहस्थी है, घर परिवार चल रहा, भरण पोषण हो रहा है,अगर वह जमीन बिना मुआवजे के चली गयी तो निश्चित रूप से परिवार उजड़ जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें ।

### वाहन चेकिंग के दौरान दो बाइक चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

गौनाहा / सहोदरा पुलिस ने शुक्रवार को वाहन चेकिंग के दौरान दो बाइक चोरों को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार ने बताया है कि बाइक चेकिंग के दौरान पिपरा से बजाडा बैरिया जाने वाली दोन कैनाल नहर पर पिपरा से 3 किलोमीटर की दूरी पर साइफन के पास पुलिस वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी क्रम में, बाइक पर सवार दो युवकों ने वहां पहुंचते ही पुलिस को देख गाड़ी रोकने का प्रयास किया और गिर गया। दोनों को देखकर पुलिस को लगा के बाइक सायद चोरी की हो सकती है, पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया और पूछताछ करने लगी। इस दौरान दोनों ने बताया कि वह बाइक को मेले से उठा कर ला रहे हैं। दोनों चोरों की पहचान इनरवा थाना क्षेत्र के बरवा परसौनी गांव निवासी राजा मियां व मुमताज मियां के रूप में की गई है। दोनों के विरुद्ध थाने में चोरी का प्राथमिकी दर्ज की गई है। दोनों को शनिवार को जेल भेजा जाएगा।

### अगलगी की घटना के आरोपित खुलेआम दे रहे जान से मारने की धमकी

क्षितिज राज

डीआईजी को आवेदन देकर दिव्यांग ने की कार्रवाई की मांग

नरकटियागंज।शिकारपुर थाना के इनरवा गांव में घटी अगलगी की घटना के आरोपित दिव्यांग को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।मामले में दिव्यांग अवधेश यादव ने डीआईजी को आवेदन देकर न्याय की मांग की है।आवेदन में दिव्यांग ने बताया है कि विगत 17 मार्च की दोपहर उसके घर मे आग लगा दी गई।मामले में शिकारपुर थाने में गांव के ही कैलाश यादव, गौनाहा के बेलवा बहुअरी गांव निवासी मधु यादव, सौरभ कुमार उर्फ राजन समेत सात आठ अज्ञात लोगो के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई अगलगी की घटना में उसके घर मे रखे लाखों रुपए मूल्य के सामान जलकर राख हो गए।लेकिन अभी तक आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई नही की गई है।बाद में पुलिस अधीक्षक के यहां भी आवेदन दिया गया है।अब आरोपित खुलेआम गांव में घूमकर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं दिव्यांग ने डीआईजी से मामले में उचित कार्रवाई की मांग की है।

### मोतिहारी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है, तीन हथियार एवं कई कारतूस के साथ एक अपराधी गिरफ्तार



ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत

मोतिहारी । पहाड़पुर पुलिस ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आम सूचना संकलन के क्रम में अपराध की योजना बना रहे, 1 अपराधी को दो देशी कट्टा 1 एयरगन, 1 खोखा, तीन जिंदा गोली, 2 मोबाईल, एक मोटरसाईकिल के साथ पहाड़पुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वही रात के अंधेरे का फायदा उठाकर अन्य अपराधी फरार हो गए। पकड़े गए अपराधी हरसिद्धि के मठलोहियार नूनिया टोली के मुनिलाल राम का पुत्र है रुपेश राम उर्फ प्रिंस। अरेराज डीएसपी रंजन कुमार के नेतृत्व में पहाड़पुर पुलिस को मिली बड़ी सफलता। उधर पुलिस को चकमा देकर भागने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी करने में जुट गई है पुलिस। साथ ही अरेराज डीएसपी रंजन कुमार ने कहा पकड़े गए अपराधी से पुछताछ के बाद जेल भेज दिया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि अपराधियों की खैर नहीं है। अपराधी कोई भी हो किसी भी सूरत में नहीं बच पाएंगे।

# 21 वीं वाहिनी एसएसबी तथा नेपाल एपीएफ के बीच कमांडेंट स्तरीय काउंटर पार्ट मीटिंग हुई

लोकतंत्र की आवाज

लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर रखते हुए नेपाल की तरफ से भारत की ओर किसी भी प्रकार का अवैध तस्करी को रोकने हेतु जरूरी ठोस कदम उठाए जाने पर हुई गहन चर्चा




**बगहा से ब्यूरो नीरज मिश्रा**

**बगहा।** 21वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल तथा नेपाल के एपीएफ के बीच शुक्रवार को गंडक बैराज बी– समवाय में मैत्रीपूर्ण वॉलीबाल रोमांचकारी मैच खेला गया, जिसमें सशस्त्र सीमा बल ने इस मैच को 2,/0 से जीत लिया, इस मैच का स्कूल के बच्चो ने खूब लुफ्त उठाया। मैच के बाद 21वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल तथा नवल परासी व चितवन के बीच कमांडेंट स्तरीय बैठक सीमा चौकी गंडक बैराज कैंप में हुई। जिसकी अध्यक्षता एसएसबी 21वी वाहिनी के कमांडेंट श्री प्रकाश ने किया। बैठक में कहा गया है कि भारत–नेपाल में मैत्री संबंध बना रहेगा साथ में दोनों देशों के अधिकारी मिलकर तास्करी, मानवतास्करी, शाराब तस्करी, मानव व्यापार, सुरक्षा, नक्सल विरोधी, नारकोटिक्स वन उत्पाद, वन जीव उत्पाद और अन्य निषिद्ध वस्तुओं की तस्करी से संबंधित जानकारी साझा करने के लिए तथा इसे रोकने के लिए दोनों देशों के तरफ से प्रयास होनी चाहिए। सीमा पर अपराधियों को रोकने के लिए सूचना साझा कर आदान प्रदान करें। अगर कोई भी संदेह के घेरे में आ रहा है। तो उसे तुरंत पकड़ कर पूछताछ किया जाए। ताकि वैसे अपराधियों पर नकेल कसा जा सके।इसके अलावा लोक सभा चुनाव 2024 के मद्देनजर रखते हुए नेपाल की तरफ से भारत की ओर किसी भी प्रकार का अवैध शराब तस्करी को रोकने हेतु जरूरी ठोस कदम उठाए जाने पर गहन चर्चा हुई।इस बैठक के दौरान नेपाल व भारत के बिच मेत्री पूर्ण खेल का आयोजन को लेकर चर्चा किया गया। तथा बैठक में आगे कहा गया है कि वैसे लोगों पर भी नजर रखना है।जो अपराधी प्रवृत्ति के हैं। बैठक में नकेल कसने के लिए कोई रणनीति बनाई गई है। इस बैठक में दोनों देशों के अधिकारियो आपसी सहयोग साथ आपसी तालमेल बनाए रखेंगे।भारत–नेपाल के बीच सदियों से पुरानी संस्कृति साझेदारी है।हमें इसे वर्तमान में और अधिक मजबूत एवं प्रगाढ़ बनाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर एसएसबी की ओर से कमांडेंट प्रकाश, कमांडेंट, 21वीं वाहिनी बगहा, नंदन सिंह मेहरा, कमांडेंट, 65वीं वाहिनी, बलवंत सिंह नेगी, कमांडेंट 44वीं वाहिनी नरकटियागंज, सहायक कमांडेंट मोहित सिंह बीसमवाय गंडक बैराज ,तथा अन्य सीमा चौकी प्रभारी एपीएफ नेपाल से राजेश खड़ेल (एसपी )17वीं वाहिनी एपीएफ नेपाल, प्रकाश वाग्ले (एसपी) 26वीं वाहिनी, सूरज छेत्री डी एस पी 31वीं वाहिनी समवाय नेपाल एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

## सड़क हादसे में तिन कि मौत एवं आधा दर्जन धायल मुख्यमंत्री ने जताया खेद




लोकतंत्र की आवाज

**क्षितिज राज**

**बेतिया ।** गुरुवार की रात्रि बारात से लौट रही बोलोरो एवं ट्रक की टक्कर में जहां तीन लोगों की मौत हो गई वहीं आधा दर्जन व्यक्ति धायल हों गये बताते चले की जोगा पट्टी थाना क्षेत्र के गोलाघाट डुमरी के निवासी दिनानाथ महंतों के पुत्र रूपेश कुमार की शादी में 10 बराति बोलोरो पर सवार होकर मझौलिया थाना क्षेत्र के गढ़वा भोगाडी गई थी रात्रि 11 बजे बारात वापसी के समय बेतिया लौरिया मार्ग के गुरुवलिया के पास करीब 12:30 बजे एक अनियंत्रित ट्रक ने बोलेरो में टक्कर मार दी जिससे घटनास्थल पर धर्मनाथ यादव, जनार्दन यादव, एवं प्रकाश यादव कि मौत हो गई वहीं नंदन कुमार, रेशमयादव, जगन यादव, सोनु कुमार, राजनंदन कुमार एवं रामदेव महतो बुरी तरह घायल हो गए जिन्हें बेतिया जीएमसीएच में इलाज के लिए भर्ती कराया गया जिसमें से तीन की स्थिति नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया वहीं इस घटना पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खेत व्यक्त किया है और परिजनों को इस धैर्य बनाए रखने के साथ बेहतर इलाज के लिए चिकित्सकों को निर्देश में दिया है वैसे देखा जाए तो आज के परिवेश में जहां लोग सज धज कर बरात तो जातें हैं और बरात में भोजन करते हैं फिर रात्रि में लौटना शुरू कर देते हैं जिसका नतीजा तेजी से धर पहुंचने की चक्कर में गाड़ी चालक तेजी से वाहन चलाते है और ऐसी घटनाएं देखने और सुनने को मिलती है पहले शादियां में बारात तो जाती थी और रात्रि में रूक उसके अगले दिन धर वापस आती उसमें जो प्रेम और संबंधों का मेल देखने को मिलता आज वैसा कहां खैर इस दौड़ धुप कि जिंदगी में किसी को फुर्सत ही कहा की अपना समय ऐसे शुभ अवसरों पर ठहरने के लिए रूकें फिर भी कही कही बारात आगले दिन रुकने की परंपरा देखने और सुनने को मिल जाती है जो और के लिए एक सोचनीय विषय बन जाता है खैर सबकी सोच अलग–अलग हैं जिसे बदला नहीं जा सकता पर यह बात तो सत्य है कि परंपराये फिर अपना इतिहास दुहराती है

## चंदे के पैसे से कराई जा रही कैंसर पीड़ति की ईलाज



लोकतंत्र की आवाज

**गौनाहा /** प्रखंड के मझरिया पंचायत के स्थानीय गांव वार्ड नंबर 7 के कैंसर पीड़ित छोटेलाल यादव का ईलाज स्थानीय लोगों द्वारा चंदा इकट्ठा कर कराई जा रही है। छोटे लाल यादव महा गरीब आदमी है, जो मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण–पोषण करता था। विगत एक माह से वह बीमार था। ईलाज के क्रम मे जब जांच हुई तो यह पता चला कि छोटे लाल यादव कैंसर से पीड़ति है। उस व्यक्ति के पास आयुष्मान कार्ड भी है। चंदा इकट्ठा कर मझरिया गांव के लोगों ने छोटेलाल यादव को इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान पटना भेजा। परंतु अस्पताल प्रबंधक द्वारा कैंसर पीड़ित छोटेलाल यादव को यह कह कर वापस भेज दिया की जाति, निवास व आय प्रमाण पत्र बनवा कर लाये तभी यहां ईलाज होगी। कैंसर पीड़ित छोटे लाल यादव काफी डरा व सहमा हुआ है कि गरीबी के कारण अब ईलाज संभव नहीं प्रतीत हो रहा है। गौनाहा प्रखंड प्रमुख जयप्रकाश पासवान ने कहा कि उक्त व्यक्ति का सरकार द्वारा ईलाज कराना चाहिए। कैंसर पीड़ति व्यक्ति को एक 9 वर्ष व एक 8 वर्ष की बेटी तथा एक 7 वर्ष का बेटा है। उसके पत्नी का नाम प्रेम शिला देवी है।

## मोतिहारी: चिरैया, ढाका, हरसिद्धि एवं गोविंदगंज विधानसभा क्षेत्र के लिए बनाए गए डिस्पैच सेंटर का डीएम एवं एसपी ने किया निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज




**ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत**

**मोतिहारी ।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर विधानसभा वार बनाए गए डिस्पैच सेंटर का जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल एवं पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा के द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है, एवं सेक्टर पदाधिकारी तथा सेक्टर पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक कर सभी जरूरी निर्देश दिए जा रहे हैं। शुक्रवार को जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल एवं पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा के द्वारा 21–ढाका विधानसभा क्षेत्र के लिए महादेव साह +2 उच्च विद्यालय, चिरैया में बनाए गए डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया गया और वहीं पर 20– चिरैया विधानसभा क्षेत्र एवं 21– ढाका विधानसभा क्षेत्र के सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक कर समीक्षा की गई। इसके पश्चात जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक 13–हरसिद्धि विधानसभा क्षेत्र के लिए महंत शिव शंकर गिरी कॉलेज में बनाए गए डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया गया तथा इस विद्यालय के सभागार में सभागार में 13– हरसिद्धि एवं 14– गोविंदगंज विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर पदाधिकारी सेक्टर पुलिस पदाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया जिसमें मुख्य रूप से ईवीएम कमिश्निंग, पोस्टल बैलेट से मतदान की प्रक्रिया एवं तिथि के बारे में बताया गया। सेक्टर पदाधिकारी को मतदान से पूर्व, मतदान के दिन एवं मतदान के पश्चात किए जाने वाले कार्य एवं बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। सेक्टर पदाधिकारी को अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहकर कार्य करने का निर्देश दिया गया।जिलाधिकारी के द्वारा मतदान की तिथि से 5 दिन पहले से लेकर मतदान की समाप्ति तक सेक्टर पदाधिकारी द्वारा किए जाने वाले कार्यों को विस्तार से बताया गया और उसे ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक के द्वारा भी उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सेक्टर पदाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी एक साथ सहयोगपूर्ण रवैया अपनाते हुए क्षेत्र में काम करेंगे और हर स्तर पर पुलिस पदाधिकारी सेक्टर पदाधिकारी को सहयोग करेंगे। कार्य के दौरान कहीं कोई शिथिलता नहीं आनी चाहिए। निर्वाचन का कार्य टीम भावना के आधार पर किया जाता है और इसमें सभी का सहयोग अपेक्षित है। बैठक में उप विकास आयुक्त पूर्वी चांपारण, अनुमांडला पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं थानाध्यक्ष उपस्थित थे।

## बगहा एक प्रखंड में सिंघाड़ी पिपरिया पंचायत के उपमुखिया पद पर हुआ चुनाव, सिर्फ एक मत से इंदु देवी उपमुखिया पद पर हुए नवनिर्वाचित

लोकतंत्र की आवाज

**बगहा से ब्यूरो नीरज मिश्रा**



पर्यवेक्षक सह डीसीएलआर अंजलिका कृति की मौजूदगी में सिंघाड़ी पिपरिया पंचायत के उपमुखिया का चुनाव नियमानुकुल सम्पन्न हुआ, नवनिर्वाचित उपमुखिया को दिलाई गई शपथ नवनिर्वाचित उपमुखिया के समर्थकों ने एक–दूसरे को अबीर– गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर किए बगहा।बगहा एक प्रखंड के सभागार भवन में शुक्रवार को सिघाड़ी पिपरिया पंचायत के उप मुखिया पद का चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराया गया। बगहा एक के प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निर्वाची पदाधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि प्रखंड बगहा एक के सिघाड़ी पिपरिया पंचायत के उपमुखिया पद पर चुनाव मतदान के माध्यम से हुआ। पर्यवेक्षक सह डीसीएलआर अंजलिका कृति की उपस्थिति में वार्ड सदस्यों ने अपना–अपना मत दिया।उपमुखिया चुनाव के दौरान दंडाधिकारी सह प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी पुरन कुमार शर्मा और विधि व्यवस्था को लेकर बगहा थाना के एसआई अलख निरंजन अपने पुलिस बल के साथ तैनात रहें साथ ही प्रखंड सभागार में उपमुखिया चुनाव में सहायक के रूप प्रखंड लिपिक ब्रजेश पाल, आईटी सहायक दीपक कुमार सहित पंचायत सचिव राहुल कुमार मौजूद रहें। वही सिंघाड़ी पिपरिया पंचायत में उपमुखिया पद के लिए इंदु देवी व छेदी तुरहा मैदान में आसने–सामने थे। सिघाड़ी पिपरिया पंचायत के 15 वार्ड सदस्य के अलावा एक मत मुखिया का भी था।जिसमें 7 मत पाकर इंदु देवी उपमुखिया पद पर निर्वाचित हुई। वही विपक्ष छेदी तुरहा को 6 मत ही पड़े और 3 वोकस रहा।आपको बता दें इसके पूर्व सिघाड़ी पिपरिया पंचायत के उपमुखिया सुखदेव मुखिया थे।जिन पर स्थानीय पंचायत के वार्ड सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव पारित किया था।जिसके के बाद निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देश के आलोक में प्रखंड बगहा एक में सभागार भवन में उपमुखिया का चुनाव कराया गया। जहां सिघाड़ी पिपरिया पंचायत की उपमुखिया पद पर 7 मत पाकर इंदु देवी निर्वाचित हुई।जबकि विपक्ष छेदी तुरहा को 6 मत पड़े।सिर्फ एक मत से इंदु देवी विजयी घोषित हुई। विपक्ष की हार हुई।वही आला–अधिकारियों के मौजूदगी में नवनिर्वाचित प्रतिनिधि इंदु देवी को उपमुखिया पद की शपथ दिलाई गई।जिसके बाद नवनिर्वाचित उपमुखिया इंदु देवी के समर्थकों ने एक दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई और नए उपमुखिया को बधाई एवं शुभकामनाएं दिए।मौके मुखिया अर्चना पांडेय, मुखिया प्रतिनिधि दीपक पाण्डेय, वार्ड सदस्या प्रेमशिला देवी, मंजू देवी, विद्यावती देवी, वार्ड सदस्य गोविंद राम, संजय यादव, रमेश चौधरी, प्रभु रवि दास, प्रकाश नारायण चौधरी, रामाशीष ठाकुर, जयप्रकाश साह, बबलू साह सहित ग्रामीण, दीननाथ चौहान, मोहन चौहान, वीरेंद्र भारती, अनिरुद्ध राम, त्रिलोकी दास, दिलीप राम, सोनू श्रीवास्तव, भटूमन यादव आदि मौजूद रहे ।

## गौनाहा–मतदान केन्द्रो का डीएम ने किया निरीक्षण, मतदाताओं को किया जागरूक

लोकतंत्र की आवाज



**गौनाहा /** शुक्रवार को गौनाहा प्रखंड मुख्यालय डीएम दिनेश कुमार राय ने कौशल विकास केंद्र एवं जीविका दीदीयों को निर्भीक होकर मतदान करने की सलाह दी। उन्होंने प्रखंड परिसर में कौशल विकास केंद्र व जीविका दीदीयों द्वारा बनाए गए रंगोली का भी निरीक्षण किया। रंगोली के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया। सभी प्रखंडकर्मी, अंचलकर्मी आईसीडीएस कर्मी, मनरेगाकर्मी, कौशल विकास केंद्र के छात्र–छात्रा व जीविका दीदीयों को संबोधित करते हुए कहा कि 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में निर्भीक होकर अपने मत का प्रयोग करें। अगर कोई भी व्यक्ति या आसामाजिक तत्व मतदाताओं को मतदान नहीं करने की धमकी देते हैं, या मतदाताओं को साड़ी, कपड़ा, पैसा आदि अन्य सामानो का प्रलोभन देते हैं तो इसकी सूचना प्रशासन को दे। उनपर अवश्य कार्रवाई होगी। जिला प्रशासन के डीईओ, एसडीओ, एसडीपीओ, बीडीओ, सीओ, बीपीआरओ, आरओ सहित अन्य अधिकारियों के साथ उन्होंने राजकीय मध्य विद्यालय गौनाहा बालक में बूथ संख्या 61 व 62 का निरीक्षण कर प्रधान शिक्षक बृजेश यादव से पूछताछ की। उन्होंने रसोईया व विद्यालय प्रबंधक को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दी। विद्यालय में उपस्थित बीएलओ से भी पूछताछ की। विद्यालय में मतदान कर्मियों के लिए बिजली, शौचालय, चापाकल आदि सुविधाओं पर भी चर्चा की। विद्यालय परिसर मे अधूरे पड़े विद्यालय भवन के बारे मे प्रधान शिक्षक से गहन पूछताछ की।सभी विकलांग लोगों को मतदान करने मे सहयोग करने के लिए शिक्षकों को सलाह दी। मौके पर उपस्थित आशिक हुसैन ने डीएम से रेफरल अस्पताल गौनाहा का एंबुलेंस बीमार होने की बात बताई। उन्होंने यह भी शिकायत किया कि सीएस को फोन करने पर वे फोन नहीं उठाते हैं। ऐसे ही उन्होंने प्रखंड के कई अन्य बूथों का भी निरीक्षण करते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश बीडीओ शिवजन्म राम, सीओ विवेक कुमार सिंह, आरओ दीपक राम व बीपीआरओ अन्नपूर्णा कुमारी को दी। अस्पताल के एंबुलेंस की शिकायत पर डीएम ने स्थानीय लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि इस पर कार्रवाई होगी।

## किराना दुकान में लगी आग से नगदी सहित लाखों की संपत्ति जल कर राख

लोकतंत्र की आवाज



**गौनाहा /** प्रखंड अंतर्गत रुपौलिया पंचायत के सेमरी गांव में एक किराना दुकान में देर रात अचानक आग लगने से नगदी सहित करीब 5 लाख का सामान जलकर खाक हो गया। घटना गुरुवार की 2 बजे रात्रि की बताई जा रही है। आग की लपटें इतनी तेज थी उस पर काबू पाना मुश्किल था। इधर पीड़ति दुकानदार कमलेश गुरो ने बताया कि गुरुवार को देर रात एल तक दुकान हमने चलाया था। उसके बाद दुकान बंद कर सोने चला गया। एकाएक शोर की आवाज सुनकर जब दुकान के पास पहुंचा तो देखा दुकान में आग लग गयी है। ग्रामीणों के द्वारा कोशिश की जा रही है। वहीं इसकी तुरंत सूचना थाने को दी गयी। फायर ब्रिगेड टीम पहुच कर आग पर काबू पायी। घटना की पुष्टि सरपंच शीशफूल यादव ने की है। आगलगी में 4 लाख का सामान व लगभग 2 लाख नगद रुपये जल गया है। दुकानदार ने यह भी बताया कि लोन का बीट शुक्रवार को था उसको जमा करने के लिए एक लाख रूपये रखा था। इसके अलावा लगभग एक लाख रुपये दुकान में ही अलग–अलग जगहों पर रखा था। घटना का कारण पता नही चल सका है।इधर सीओ विवेक सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। राजस्व कर्मी को भेजा जाएगा। पीड़ित परिवार को हर संभव सरकारी लाभों को दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

## अवैध आर्केष्ट्राओं पर की गयी छापामारी चार नाबालिग लड़कियों को किया गया रेस्क्यू और तीन संचालक गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

**क्षितिज राज**

**रक्सौल ।** कुछ अर्केष्ट्राओं की संदिग्ध आसूचना पर तथा एनसीपीसीआर नई दिल्ली के निर्देशन में अवैध आर्केस्ट्राओं पर मानव तस्करी रोधी इकाई क्षेत्रक मुख्यालय एसएसबी बेतिया कार्यालय 47 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल रक्सौल, सिकटा थाना पुलिस, बैरिया थाना पुलिस, साइबर थाना पुलिस बेतिया, मिशन मुक्ति फाउंडेशन(दिल्ली), बाल कल्याण समिति (बेतिया), रेस्क्यू एंड रिलीफ फाउंडेशन(प.बंगाल), प्रयास जुबेनाइल एड सेंटर(बेतिया), बाल चाइल्ड हेल्प लाइन(बेतिया) के सहयोग में पश्चीमी चंपारण (बिहार) में कई स्थानों पर सयुंक्त छापा मारी की गयी अवैध आर्केष्ट्राओं की मनमानी को और नाबालिग लड़कियों के अधिकारों को देखते हुये, पश्चिमी चंपारण में कुछ स्थानों पर अवैध आर्केष्ट्राओं पर एक अभियान चलाया जा रहा है राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर), नयी दिल्ली, भारत के अध्यक्ष श्री प्रियांक कानूनगो प्रियांक कानूनगो ऐसे अवैध आर्केष्ट्राओं के प्रति बहुत गंभीर हैं अतः शीघ्र ही बिहार में इस विषय के सन्दर्भ में अधिक कार्यवाहीं के सन्दर्भ में विचार कर रहे हैं एसएसबी एएचटीयू क्षेत्रक मुख्यालय बेतिया कार्यालय 47 वीं वाहिनी रक्सौल के मनोज कुमार शर्मा ने सयुंक्त छापामारी के पश्चात कहा कि बिहार के आर्केष्ट्राओं का काला सच किसी से छुपा नहीं हैं अर्केष्ट्राओं में अधिकतर कम उम्र की लड़कियों की मांग रहती है, नाबालिग लड़कियों को आर्केष्ट्राओं तक लाने के लिए बहुत सारे तरीके अपनाये जाते हैं उन्हें और उनके परिवारों को एक रात डांस करने के पचास हजार एक लाख रुपए कमाने का और फ़िल्मी एक्टर की तरह प्रसिद्ध होने का झांसा दिया जाता है. फिर जब नाबालिग लड़की अर्केष्ट्रा में आ जाती है तो उसके साथ ऐसा हो जाता है कि वो किसी से कह नहीं पाती और उसी नरक भरे अर्केष्ट्रा को अपना जीवन समझ लेती हैं, इन अर्केष्ट्राओं मे नाबालिग लड़कियों और बालिग़ के साथ जो अपराध अधिकतर पाए जाते हैं जैसे – हर वर्ष बहुत सी मासूम लड़कियों की हत्त्या हो जाती है, नाबालिग और बालिग लड़कियों का यौन शोषण, शारीरिक शोषण, श्रम शोषण, बिना ब्याही माँ बन जाती हैं, संचालक की रखैल बन कर रहती हैं, बहुत से कार्यक्रम में इनसे बहुत अश्लिल डांस करवाये जाते हैं, नाबालिग लड़कियों को गलत तरीके से छुआ जाता है। यदि कोई लड़की हिम्मत कर के भागने की कोशिश करती भी है तो उसको इतना मारा पिटा जाता है कि फिर कोई हिम्मत नहीं दिखा पाती. इस प्रकार के अति गम्भीर अपराधों को देख कर ह्लमिशन निर्भयाःह्व जैसा अभियान ह्लसशस्त्र सीमा बलह्व (एसएसबी) द्वारा किया जाता रहा है मिशन मुक्ति फाउंडेशन(दिल्ली) के डाइरेक्टर वीरेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि बिहार में अधिकतर आर्केष्ट्रा अवैध रूप से संचालित होते हैं कोई भी आर्केष्ट्रा संचालक जिलाधिकारी के पास आर्केष्ट्रा का पंजीकरण नहीं करता है जबकि इनका रजिस्टरेशन होना चाहिए और आर्केष्ट्रा में काम करने वालो की लिस्ट और उनके डोक्युमेंटस भी देगा, आर्केष्ट्रा सिर्फ संगीत या गाने के लिए ही पंजीकरण होता है इन आर्केष्ट्राओं में यदि लड़कियों से डांस करवाया गया तब वो अपराध माना जाएगा. अवैध आर्केष्ट्राओं में नाबालिग लड़कियों के शोषण को रोकने के लिए बिहार के प्रशासन और सिस्टम को इस सदंर्भ में बहुत गंभीरता से विचार करना ही होगा सिकटा पुलिस थाना के प्रभारी राज रोशन ने जानकारी दी कि उनके सिकटा थाना क्षेत्र के शिकारपुर गाँव में संचालित पिंकी आर्केस्ट्रा म्यूजिकल ग्रुप से दो नाबालिग लड़कियों को आर्केस्ट्रा से मुक्त कराया गया इसमें एक लड़की जलपाईगुड़ी रहने वाली थी और दूसरी दिल्ली की रहने वाली थी और एक आर्केस्ट्रा मालिक को गिरफ्तार किया गया बैरिया पुलिस थाना **के** प्रभारी ने जानकारी दी कि मलाही चौक के निकट में संचालित बरसा आर्केस्ट्रा से दो बंगाल की रहने वाली नाबालिग लड़कियों को आर्केस्ट्रा से मुक्त कराया गया और दो आर्केस्ट्रा व्यक्तियों को सम्पर्क में लिया गया इस सफल रेस्क्यू टीम में इंस्पेक्टर मनोज कुमार शर्मा, उप सहायक निरीक्षक अनिल कुमार शर्मा, हवलदार अरविंद द्विवेदी, कांस्टेबल पम्मी मिश्रा, प्रभारी राज रोशन(सिकटा थाना पुलिस), प्रभारी मुकेश कुमार(बैरिया थाना पुलिस इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार(साइबर थाना बेतिया), डाइरेक्टर वीरेंद्र कुमार सिंह मिशन मुक्ति फाउंडेशन(दिल्ली) व् दिलीप कुमार, चितरंजन गिरी (बाल कल्याण समिति, बेतिया) अक्षय पांडे रेस्क्यू फाउंडेशन(दिल्ली) प्रयास जुबेनाइल एड सेंटर(बेतिया) से पवन कुमार अमित कुमार, अनुप्रिया विलियम, आलोक कुमार (बाल चाइल्ड हेल्प लाइन, बेतिया)।

## संक्षिप्त खबरें ।

### महिला मतदाताओं ने बढ़ चढ़कर किया मतदान



लोकतंत्र की आवाज

**बिहपुर।** भागलपुर जिले के बिहपुर प्रखंड में शुक्रवार को लोकसभा चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। वहीं युवाओं का पहली बार मतदान करना खुशियों से भरा था युवाओं ने कहा कि इस बार हमने शिक्षा, रोजगार, महंगाई, भ्रष्टाचार ,के खिलाफ हमने वोट किया । महिलाओं ने बढ़ चढ़कर मतदान किया। वहीं बिहपुर प्रखंड के बिहपुर जमालपुर पंचायत के 119 ,120 मतदान केंद्र पर काफी संख्या में मतदाताओं की मृत्यु होने की बात सामने आई है। जबकि वह सभी मतदाता अभी जीवित हैं ।उन्होंने प्रखंड के वीडियो एवं अन्य पदाधिकारी से दूर भाषा पर संपर्क भी किया और मतदान से वंचित रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि बिएलओ कुमार राजेश रंजन की यह मनमानी है ।जिन्होंने जीवित लोगों को मृत्यु घोषित किया गया है। लोगों में काफी आक्रोश देखने को मिला। वहीं बिहपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी से दूरभाष पर संपर्क ओसफल रहा।

### बिथान थाना क्षेत्र में भीषण अगलगी में एक बच्ची समेत कई मवेशियों की आग में झुलसकर हुई दर्दनाक मौत, पूर्व विधायक ने जताया संवेदना



लोकतंत्र की आवाज

**समस्तीपुर।** बिथान प्रखंड क्षेत्र के सिहमा पंचायत स्थित केलवाड़ी व खैराकोट गांव में बृहस्पतिवार को हुए भीषण अग्निकांड में दर्जनों घर का लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गया । बताया जाता है कि इस भीषण आगजनी में एक बच्ची समेत कई मवेशियों की आग में झुलसकर दर्दनाक मौत हो गई है । आगजनी का कारण राख के ढेर से निकली चिंगारी बताया जा रहा है । वहीं आगजनी की घटना की सूचना पर पहुँचे हसनपुर विधानसभा के पूर्व विधायक राजकुमार राय एवं पूर्व विधायक सुनील कुमार पुषपम ने घटनास्थल पर पहुंचकर अग्निपीड़ितों के सहायता के लिए स्थानीय प्रशासन से तत्काल राहत एवं बचाव अभियान चलाए जाने के लिए कहा। पूर्व विधायक ने इस आगजनी की घटना पर संवेदना व्यक्त करते हुए कहा इस मौसम में हमें इस प्रकार की घटना से बचने के लिए सावधान होने की जरूरत है। मौके पर विजय कुमार यादव, संजीव कुशवाहा, शिवशंकर यादव, ललित कुमार यादव, परिदह पंचायत के पूर्व मुखिया रामचन्द्र यादव, शिक्षक गंगा प्रसाद विद्यार्थी, अमित घोष, सुभाष यादव, पुष्पेश कुमार,गुड्डू यादव,आदि ने अग्निपीड़ित परिवार के लिए गहरी संवेदना व्यक्त किया । वहीं स्थानीय मुखिया राजेश कुमार यादव सहित पंचायत जनप्रतिनिधियों के अलावा केलवाड़ी व खैराकोट के सैकड़ो ग्रामीण व अग्निपीड़ित परिवार मौजूद थे।

### प्रेम विवाह में लड़की के न्यायालय में ब्यान के बाद प्रेमी को भेजा गया जेल

लोकतंत्र की आवाज

राजेश कुमार सिन्हा




**रजौली।** थाना क्षेत्र के अमावां गांव में बीते 18 अप्रैल की रात शादी की नीयत से युवक ने बगल की युवती को लेकर भाग गया।जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया।युवती के परिजनों द्वारा थाने को लिखित आवेदन देकर युवक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपहत लड़की को बरामद करते हुए । नवादा न्यायालय में ब्यान के बाद युवक को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि बीते 19 अप्रैल को अमावां से पीड़ित परिजन द्वारा उनकी नाबालिग बेटी को बहलाफुसलाकर शादी की नीयत से अपहरण को लेकर लिखित आवेदन प्राप्त हुआ था। आवेदन में बताया गया कि वे अपनी बेटी को घर में छोड़ पत्नी के साथ बगल में रहे शादी समारोह में शामिल होने गए थे। इसी बीच जब रात को एक बजे घर लौटे तो घर का दरवाजा खुला हुआ था एवं घर में बेटी नहीं थी।जब आसपास एवं परिजनों से बेटी के बारे में जानकारी ली गई तो बेटी के बारे में जानकारी नहीं मिली। पीड़ित पिता द्वारा आवेदन में शादी के नियत से पड़ोसी प्रदीप ठाकुर के बेटे प्रभात कुमार ने अपहरण कर लिया है। आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई थी। वहीं गुरुवार को गुप्त सूचना के आलोक में एसआई गौतम कुमार ने युवती एवं युवक को हिरासत में लिया।साथ हीं युवती के नवादा न्यायालय में फर्द ब्यान के बाद युवक को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# रजौली के अम्बातरी गांव में संदेहास्पद स्थिति में विवाहिता की हुई मौत

**पहले पति को छोड़ दूसरे युवक से रचाई थी शादी, सास-ससुर पर मारपीट कर जहर पिला हत्या करने का आरोप**

लोकतंत्र की आवाज




राजेश कुमार सिन्हा

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र के फरका बुजुर्ग पंचायत के अम्बातरी गांव में एक विवाहिता की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। विवाहिता के सास-ससुर पर अपनी छोटी बहू के साथ मारपीट कर जहर पिलाकर मार देने का आरोप लगा है। विवाहिता की संदेहास्पद स्थिति में मौत होने की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया। पुलिस मृतका के सास-ससुर को हिरासत में लेकर रजौली थाने पर पूछताछ कर रही है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी मिल रही है कि विवाहिता ने पहले पति को छोड़ कर दूसरे युवक से शादी रचाई है।

**क्या है मामला :** अम्बातरी गांव निवासी किशुन प्रसाद यादव के छोटे बेटे संदीप कुमार की 25 वर्षीय पत्नी प्रीति कुमारी को शुक्रवार की सुबह हुए पारिवारिक विवाद में सास-ससुर द्वारा कीटनाशक दवा पिला कर मारने की कोशिश की गई। हालत बिगड़ने पर उसे इलाज के लिए सुबह लगभग 10:30 बजे अनुमंडलीय अस्पताल रजौली में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ. शिव पुरारी ने विवाहिता का प्राथमिक उपचार कर उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल नवादा रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान विवाहिता की मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक विवाहिता के पति कोलकाता में एक प्राइवेट कंपनी में काम करते हैं और विवाहिता गांव में अपने सास-ससुर एवं ननद के साथ रहती थी। विवाहिता प्रीति डीह रजौली स्थित आगमन जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ में बुक कीपर के पद पर कार्यरत थी।जीविका की सोनी कुमारी ने बताई कि मृतका इसी वर्ष जनवरी में जीविका समूह से जुड़ी थी। जब उनलोगों को जानकारी मिली कि प्रीति कुमारी ने जहर खा लिया है तो सूचना मिलने पर वे अपने सहयोगियों के साथ अस्पताल परिसर पहुंची और चिकित्सकों से बेहतर इलाज के लिए गुहार भी लगाई। लेकिन इसी बीच प्रीति कुमारी की स्थिति ज्यादा बिगड़ जाने पर अस्पताल के चिकित्सकों ने उसे नवादा रेफर कर दिया। नवादा में इलाज के क्रम में प्रीति कुमारी की मौत हो गई।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक मृतका के सास-ससुर एवं उसकी एकमात्र ननद उसे काफी प्रताड़ित और मारपीट भी किया करते थे। साथ ही यह भी जानकारी मिली कि बीते गुरुवार की शाम को जीविका की कुछ महिलाओं ने प्रीति के घर के समीप बैठक भी की थी। लेकिन अगली सुबह शुक्रवार को एक बार फिर प्रीति के साथ मारपीट की गई। मृतका के शरीर पर डंडे से मारपीट के निशान भी मिले हैं। ग्रामीणों ने कहा कि युवती अपने पहले पति को छोड़ प्रेम विवाह भी की थी। ग्रामीणों से यह भी जानकारी मिली कि मृतका के सास-ससुर अपनी बड़ी बहू के साथ भी काफी मारपीट किया करते थे।जिसके कारण वह घर छोड़कर चली गई थी।

**क्या कहते हैं थानाध्यक्ष :** थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि मामले की सूचना मिलने के बाद अपर थानाध्यक्ष अजय कुमार को पुलिस बलों के साथ घटनास्थल पर भेजा गया। विवाहिता के शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेजा गया है। विवाहिता की मौत संदेहास्पद प्रतीत हो रही है। पुलिस सास-ससुर को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। विवाहिता के परिजनों को भी घटना की सूचना दी गई है। मृतका के परिजनों द्वारा आवेदन दिए जाने के बाद उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पेयजल समस्या के निदान के लिए पंचायत जनप्रतिनिधियों के साथ बीडीओ ने की बैठक



लोकतंत्र की आवाज

राजेश कुमार सिन्हा

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र में भीषण गर्मी में उत्पन्न पेयजल समस्या के समाधान को लेकर प्रखंड कार्यालय में बीडीओ अनिल मिस्त्री के नेतृत्व में ग्राम पंचायत के मुखिया,पंचायत सचिव,तकनीकी सहायक, पीएचडी जेई के साथ बैठक की गयी।बीडीओ ने बताया कि ग्राम पंचायतों में उत्पन्न पेयजल समस्या के निराकरण हेतु विस्तार से चर्चा किया गया। इसके अलावा ग्राम पंचायतों में संचालित नल जल योजनाओं की भी समीक्षा कि गयी। साथ हीं ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार के द्वारा लगाए गए चापाकल के अद्यतन जानकारी ली गई।

बीडीओ ने बताया कि गर्मी के शुरूआत में हीं रजौली प्रखंड क्षेत्र के सवैयाटांड़ पंचायत एवं हरदिया पंचायत के दर्जनों गांव में पानी की समस्या विकट रूप से उत्पन्न हो गयी है। जिसका निराकरण करने को लेकर पीएचडी जेई चंदन कुमार के द्वारा आश्वासन दिया गया है।इसके अलावा रजौली पश्चिमी पंचायत के सिमरकोल गांव में नल जल की पानी नहीं पहुंची है। अमावां पश्चिमी पंचायत के वार्ड नंबर 13 में नल जल योजना विगत छह महीने से बंद है।इसके अलावा चितरकोली पंचायत के वार्ड नंबर चार में अब तक पीएचडी विभाग के द्वारा नल जल योजना का कार्य नहीं कराया गया है।जिसके कारण उत्पन्न पेयजल की समस्या से पीएचडी जेई को अवगत कराकर निराकरण करने के लिए निर्देश दिया गया है। जिसके बाद पीएचडी जेई ने आश्वस्त किया गया कि खराब चल रहे चापाकलों की जल्द से जल्द मरम्मती करा दी जाएगी।

इसके अलावा हरेक पंचायत में भी दो-दो चापाकल पीएचडी के द्वारा लगाए जाएंगे। जिसकी सूची बीडीओ के द्वारा मांग की गई है।जिन क्षेत्रों में पानी की ज्यादा समस्या रहेगा वहां दो-दो चापाकल स्थल चिन्हित कर लगाए जाएंगे।बैठक में बीपीआरओ राजन कुमार, तकनीकी सहायक रूपम कुमारी, दिब्या कुमारी, पायल कुमारी सहित कई पंचायतों के मुखिया व पंचायत सचिव शामिल थे।

## एसी कोच को बना रखा था जनरल, कराया खाली; अभियान से मचा हड़कंप



लोकतंत्र की आवाज

आर्यन मोहन

**नवादा।** जिले में प्लेटफार्मों पर अत्यधिक भीड़ नियंत्रण व दिव्यांग, महिलाओं, वृद्ध व बच्चों को खड़ी ट्रेन में चढ़ने व उतरने को लेकर रेलवे पुलिस लगातार यात्रियों की मदद करते रही है।ट्रेनों में एसी कोच को जनरल कोच बनाने वालों के खिलाफ नवादा में शुक्रवार को सीआईटी किऊल के नेतृत्व में कार्यरत टीटीई एवं आरपीएफ ओपी नवादा के एस०आई० मुकेश कुमार एवं जवानों के सहयोग से गाड़ी संख्या 13024 डाऊन (गया - हावडा एक्सप्रेस) के एसी कोचों में अनाधिकृत रूप से यात्रा करने वाले कुल 11 यात्रियों को पकड़ा गया तथा ईएफटी के माध्यम से 5240 रुपया जुर्माना वसूल किया गया।चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है।आए दिन नवादा की स्थिति में देखा गया है कि एसी कोच के यात्रियों के पास टिकट होने के वावजूद, अनियंत्रित भीड़ के कारण ट्रेन में चढ़ने में सक्षम नहीं हो पाते हैं।

## चिराग पासवान ने अपने पिता के विरासत को बेचते हुए रामविलास पासवान के घर तक को बेच दिया : पुष्पम

लोकतंत्र की आवाज



**समस्तीपुर।** हसनपुर विधानसभा के हसनपुर ब्लॉक रोड स्थित में इण्डिया गठबंधन के सीपीआई (एम) पार्टी कार्यालय का उद्घाटन किया गया। जहाँ हसनपुर विधानसभा के पूर्व राजद विधायक सुनील कुमार पुष्पम ने लोजपा (रा) के सुप्रीम चिराग पासवान को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि खगड़िया से लेकर बिहार व देश के धरोहर रहे दिवंगत रामविलास पासवान जी के द्वारा लगाये गए विरासत को चिराग पासवान ने ध्वस्त कर रख दिया है,

चिराग पासवान ने 2024 के लोकसभा चुनाव में दिवंगत रामविलास पासवान जी के घर तक को बेच दिया है । उन्होंने कहा कि दिवंगत रामविलास पासवान काफी संघर्ष के बाद खगड़िया को अस्तित्व में लाया था । जिसे चिराग पासवान अनुकम्पा पर मिली राजनीति को अपना जागीर समझते हुए दिवंगत रामविलास पासवान जी के सपनों को बेच दिया है, जिसे खगड़िया समेत बिहार की जनता चिराग पासवान को माफ नहीं करेगा । विधायक सुनील कुमार पुषपम ने कहा कि चिराग पासवान कहते हैं कि मेरे उपर नरेन्द्र मोदी का आशीर्वाद है, तो चिराग पासवान पहले अपने गृह लोकसभा में लोजपा (रा) के प्रत्याशी को जीत दिलवाकर दिखा दें तब समझा जायेगा कि वास्तव में चिराग पासवान नरेन्द्र मोदी का हनुमान हैं । सुनील पुषपम ने कहा कि खगड़िया लोकसभा का दलित अब उतना मूर्ख नहीं है कि चिराग पासवान जो बोलेगा वो दलित समाज इनकी बातें को मानता रहेगा । उन्होंने कहा चिराग पासवान बिहार के दलित समाज को पूंजीपतियों के हांथों बेच दिया है, जो बिहार के दलित समाज 2024 के लोकसभा चुनाव में चिराग पासवान के सपनों को सकार नहीं होने देगा । खगड़िया लोकसभा की जनता 2024 के लोकसभा चुनाव में नरेन्द्र मोदी के नफरत भरे जुमला में फसने को तैयार नहीं है, खगड़िया लोकसभा की जनता इस बार इण्डिया गठबंधन के मोहब्बत का विकास को लेकर खगड़िया लोकसभा की जनता इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी संजय कुमार कुशवाहा को अपार मतों से जिताकर दिल्ली संसद भवन भेजने का मन बना चुके हैं । वहीं समस्तीपुर जिला राजद उपाध्यक्ष ललन यादव ने कहा कि 2014 से जब जब देश में लोकसभा का चुनाव हुआ है तब तब केन्द्र के एनडीए मोदी सरकार एक के बाद एक जुमला लहर तैयार कर देश के भोली भाली जनता के बीच जुमला परोसकर जनता को भ्रमित कर चुनाव जीतकर सत्ता पर काबिज होकर जनता को ठगने का काम करते आये हैं। वहीं राजद के वरिष्ठ नेता रामनारायण मंडल उर्फ बच्ची मंडल ने कहा कि देश की जनता एनडीए के मोदी सरकार के जुमला चाल में 2024 के लोकसभा चुनाव में फंसने को तैयार नही हैं । जनता इस बार के लोकसभा चुनाव में एनडीए सरकार को पटकनी देने का मन बना चुके हैं । मौके पर विभूतिपुर के विधायक अजय कुमार, पूर्व विधायक सुनील कुमार पुषपम, रामनारायण मंडल, ललन यादव, शम्भू भूषण यादव, सुभाष सिंह, बलवीर मुखिया, अमन कुमार, गंगा प्रसाद विद्यार्थी, रामचन्द्र यादव, अमीत जयसवाल, राम प्रमोद यादव, शोभा कान्त यादव नीरज कुमार राय, अरविन्द कुमार यादव आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पूर्व विधायक सुनील पुष्पम ने गुरुवार को हुए भीषण अग्निकांड में पीड़ित परिवार के सहायता हेतु बिथान सीओ से किया वर्तालाप

लोकतंत्र की आवाज



**समस्तीपुर।** बिथान प्रखंड क्षेत्र के सिहमा पंचायत स्थित केलवाड़ी व खैराकोट गांव में बृहस्पतिवार को हुए भीषण अग्निकांड में दर्जनों घर का लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गया। इस भीषण आगजनी में एक बच्ची समेत कई मवेशियों की आग में झुलसकर दर्दनाक मौत हो गई है। आगजनी का कारण राख के ढेर से निकली चिंगारी बताया जा रहा है ।

वहीं आगजनी की घटना की सूचना पर पहुँचे हसनपुर विधानसभा के पूर्व विधायक सुनील कुमार पुषपम राय ने घटनास्थल पर पहुंचकर अग्निपीड़ित परिवार की सुधि लेते हुए सहायता के लिए स्थानीय प्रशासन से तत्काल राहत एवं बचाव के लिए बिथान अंचलाधिकारी रूबी कुमारी के चेम्बर में पहुँच कर पीड़ित परिवारों के लिए सहायता के लिए आग्रह किया। वहीं पूर्व विधायक सूनील पुषपम ने इस हृदय विदारक अग्निकांड की घटना पर गगरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा इस दुख की घड़ी में उन्होंने जिला प्रशासन से लेकर एनजीओ संगठन के टीम व समाजिक कार्यकर्ताओं से अपील किया कि अग्निपीड़ित परिवार के मदद के लिए बढ़चढ़ कर आगे आवें और पीड़ित परिवार के आंसू पोछने में सहयोग करें। मौके पर परिदह पंचायत के पूर्व मुखिया रामचन्द्र यादव, शिक्षक गंगा प्रसाद विद्यार्थी, अमित घोष, सुभाष यादव, पुष्पेश कुमार,गुड्डू यादव,आदि ने अग्निपीड़ित परिवार के लिए गहरी संवेदना व्यक्त किया। वहीं स्थानीय मुखिया राजेश कुमार यादव सहित पंचायत जनप्रतिनिधियों के अलावा केलवाड़ी व खैराकोट के सैकड़ो ग्रामीण व अग्निपीड़ित परिवार मौजूद थे।

## मायावती ने इस सीट पर कर दिया खेल, सपा-भाजपा की टेंशन बढ़ाने को उतारा प्रत्याशी

लोक तंत्र की आवाज

**सोनू, देवरिया।** बसपा ने बुधवार की देर शाम बसपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भीम राजभर को सलेमपुर लोकसभा सीट से मैदान में उतार दिया। इनकी राजभर बिरादरी में अच्छी पकड़ मानी जाती है। 2009 के बाद सलेमपुर सीट पर बसपा काबिज नहीं हो सकी है। मऊ जनपद के कोपागंज ब्लाक के मोहम्मदपुर बाबूपुर गांव के भीम राजभर एक वकील के तौर पर अपने करियर की शुरुआत की थी।जागरण संवाददाता, देवरिया।

बसपा ने राजभर वोटों पर निशाना साधते हुए बुधवार की देर शाम बसपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भीम राजभर को सलेमपुर लोकसभा सीट से मैदान में उतार दिया। इनकी राजभर बिरादरी में अच्छी पकड़ मानी जाती है। 2009 के बाद



सलेमपुर सीट पर बसपा काबिज नहीं हो सकी है।

**कौन हैं बसपा प्रत्याशी भीम राजभर ?:** मऊ जनपद के कोपागंज ब्लाक के मोहम्मदपुर बाबूपुर गांव के रहने वाले भीम राजभर एक वकील के तौर पर अपने करियर की शुरुआत की थी। 1985 में वह राजनीति में आए। बसपा ने भीम राजभर को 2012 के विधानसभा चुनाव में मऊ सदर सीट से बाहुबली विधायक रहे मुख्तार अंसारी के खिलाफ अपना प्रत्याशी बनाया था। इस चुनाव में उन्हें हार मिली थी। इसके बाद राजभर को आजमगढ़ मंडल का जोनल कोऑर्डिनेटर बनाया गया।

**2022 में अब्बास अंसारी से हारे:** 15 नवंबर 2020 से 2022 तक बसपा के प्रदेश अध्यक्ष रहे। 2022 के विधानसभा चुनाव में भी मऊ सदर सीट से प्रत्याशी बनाया गया। मुख्तार के बेटे अब्बास अंसारी से हार गये। वर्तमान में यह महाराष्ट्र के प्रभारी हैं। सलेमपुर संसदीय सीट से इस वक्त प्रमुख दलों की तस्वीर लगभग साफ हो गई है। सलेमपुर संसदीय सीट पर भाजपा ने सांसद रविन्दर कुशवाहा को मैदान में उतारा है। सपा ने पूर्व सांसद रमाशंकर राजभर विद्यार्थी को अपना प्रत्याशी बनाया है।

## मोदी का 22 दिनों में चौथा बिहार दौरा, इस पर प्रशांत किशोर ने बिहार के लोगों से की अपील

लोकतंत्र की आवाज

**पी के ने कहा- बिहार को सुधारने के लिए जब आप मोदी को वोट करेंगे तो एक बार सोचिएगा की पिछले नौ साल में उन्होंने प्रदेश को सुधारने के लिए एक बैठक तक क्यों नहीं की? अगर कोई एक बैठक की खबर भी दिखा दे तो भाजपा का झंडा उठा लेंगे!**



**सारण/मनीष कुमार (पटना)।** लोकसभा चुनाव के बीच प्रधानमंत्री मोदी कई बार बिहार आ चुकें हैं इसी बीच बिहार की जनता के हितों को लेकर अपनी स्पष्ट राय रख रहे जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने कहा कि आज लोग मुझसे कहते हैं कि मोदी आ जाएंगे तो बिहार सुधर जाएगा। लेकिन 2014 तक आधा से ज़्यादा बिहार मोदी को नहीं जानता था। उन्होंने कहा कि मैंने ही मोदी का प्रचार किया था। आज सब मोदी के भक्त हो गए हैं। उनको वोट देते हैं और हम से कहते हैं कि आपको पता है मोदी जी से ही देश का कल्याण होगा।

मैं आपको बताने आया हूं मोदी ने बिहार का विकास किया या नहीं किया ये बात छोड़ दीजिए। मोदी के आने से बिहार को फायदा हुआ या नहीं हुआ ये भी छोड़ दीजिए। मोदी के आने से घरेलू गैस सिलेंडर 1250 रुपए और पैट्रोल 100 रुपये प्रति लीटर हो गया, ये बात भी छोड़ दीजिए। आज मैं जितने भी मोदी के समर्थक हैं उन सबको खुली चुनौती देता हूं कि पिछले 9 सालों में मोदी ने अगर बिहार के लिए एक भी बैठक की है तो उस बैठक की खबर दिखा दीजिए, हम आज से ही मोदी का झंडा लेकर चल देंगे। पिछले 9 सालों में मोदी ने बिहार के लिए एक बैठक तक नहीं की है।

## मुजफ्फरपुर से भाजपा प्रत्याशी राजभूषण ने किया नामांकन

लोकतंत्र की आवाज

दीपक कुमार

**मुजफ्फरपुर।** बिहार की मुजफ्फरपुर लोकसभा सीट के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हो गई. नामांकन के पहले दिन एनडीए के भाजपा प्रत्याशी डॉ. राजभूषण निषाद ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया. इससे पहले वे अपने समर्थकों के साथ बाबा गरीब स्थान पहुंचे. वहां उन्होंने बाबा भोलेनाथ की पूजा अर्चना की. इसके बाद एक सभा की. फिर, समाहरणलय जाकर अपना पर्चा दाखिल किया. उनके साथ मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता समेत कई लोग मौजूद थे.

**अजय निषाद पर साधा निशानाः** नामांकन पर्चा भरने के बाद बाहर निकलते ही उन्होंने बिना नाम लिए अजय निषाद पर निशाना साधा. भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि जनता ने उन्हें रिजेक्ट किया है. 10 साल मुजफ्फरपुर



के सांसद रहे, लेकिन लोगों के लिए काम नहीं किया. इसलिए पार्टी ने उनका टिकट काट दिया. बता दें कि लोकसभा चुनाव 2019 में अजय निषाद ने राजभूषण निषाद को चुनाव में हराया था. तब अजय निषाद भाजपा के प्रत्याशी थे और राजभूषण निषाद वीआईपी के उम्मीदवार थे.अजय निषाद मंगलवार को करेंगे नामांकनः वहीं, इस सीट से इंडिया गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी व निवर्तमान सांसद अजय निषाद ने शहर के दाता कंबल साह मजार से चादर चढ़ाकर अपने अभियान की शुरुआत की. वे मंगलवार 30 अप्रैल को अपना पर्चा दाखिल करेंगे. बता दें कि नॉमिनेशन का आखिरी दिन 3 मई है. इसके बाद 4 मई को नॉमिनेशन की स्क्रूटनी होगी. 6 मई तक प्रत्याशी नामांकन वापस ले सकेंगे.

**वैशाली के लिए सोमवार से होगा नामांकनः** वैशाली लोकसभा के लिए नामांकान की प्रक्रिया सोमवार से शुरू होगी. इस सीट के लिए भी मुजफ्फरपुर समाहरणालय में नामांकन दाखिल किया जाएगा. यहां एनडीए की ओर से लोजपा (आर) की प्रत्याशी वीणा देवी सोमवार को और इंडिया गठबंधन से राजद उम्मीदवार विजय कुमार शुक्ला उर्फ मुन्ना शुक्ला मंगलवार को पर्चा दाखिल करेंगे. वैशाली के लिए छठे चरण में 25 मई को मतदान होगा.

**समाहरणालय की सुरक्षा बढ़ायीः** नामांकन प्रक्रिया को लेकर कलेक्ट्रेट की सुरक्षा बढ़ा दी गई है. आम वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है. जांच के लिए अलग-अलग जगहों पर कुल पांच ड्रॉप गेट बनाये गए हैं. मुजफ्फरपुर लोकसभा के लिए अपर समाहर्ता राजस्व संजीव कुमार निर्वाची पदाधिकारी बनाए गए हैं. वहीं, डीएम सुब्रत कुमार सेन वैशाली लोकसभा के निर्वाची पदाधिकारी होंगे. इस प्रक्रिया के लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों के साथ दंडाधिकारी व कर्मचारियों की तैनाती की गई है.भीड़ की वीडियोग्राफी होगीः नामांकन सुबह 11 से दोहपर तीन बजे तक होगा. इस अवधि में पंक्ति में लगे अभ्यर्थियों का नामांकन लिया जाएगा, चाहे समय अवधि तीन बजे के पार हो जाए. नामांकन के दौरान आने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा बल व दंडाधिकारी की तैनाती की गई है. भीड़ की वीडियोग्राफी करायी जाएगी साथ ही सीसीटीवी कैमरे से भी नजर रखने की व्यवस्था की गई है. प्रत्याशी और उनके समर्थकों की गतिविधि पर तीन स्तरों पर निगरानी की जाएगी.

## संक्षिप्त खबरें ।

### अग्निपड़ित परिवार से मंत्री एवं महागठबंधन उम्मीदवार कुमार चन्द्रदीप ने किया मुलाकात, मुआबजे का अस्वासन



लोकतंत्र की आवाज

**देवेन्द्र कुमार, पतरघट।** मधेपुरा लोकसभा क्षेत्र के महागठबंधन उम्मीदवार कुमार चन्द्रदीप ने सोनबरसा बिधानसभा क्षेत्र के पतरघट प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न हिस्से में किया जनसमपर्क लोगो से मांगा आर्शीवाद, वही जनसमपर्क के दौरान धबौली दक्षणी पंचयात के टेकनमा वार्ड 9 मे गुरुवार के दिन लगभग सो घर जलकर राख हो गया, घटना स्थल पर पहुंचकर अग्नि पिरीत परिवार से मिलकर सरकारी लाभ दिलाने का अस्वासन दिया ,इस दौरान बिहार सरकार के मधनिषेध मंत्री रत्नेश सादा ने भी अग्नि पिरीत परिवार से मुलाकात किया ,और अस्वासन दिया गया सरकारी मुआबजे का सिर्फ अस्वासन किसी प्रकार का कोई नेता आथिर्क सहयोग नही किया। जबकि रत्नेश सादा स्थानीय बिधायक है।

### ऐतिहासिक रही पीएम मोदी की फारबिसगंज वाली सभाः राजन तिवारी

लोक तंत्र की आवाज़



**फारबिसगंज।** युवा दिलों के धड़कन भाजपा नेता राजन तिवारी ने कहा इस चिलचिलाती धूप में लू को नजरंदाज करते हुए रिकॉर्ड तोड़ भीड़ बयां कर रहा है। अबकी बार 400पार। अररिया से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह भारी बहुमत से जीतेंगे और केंद्र में फिर बनेगी प्रचंड बहुमत से मोदी सरकार। भाजपा नेता राजन तिवारी ने कहा कि ऐतिहासिक रही पीएम मोदी की फारबिसगंज वाली सभा।

### किलकारी बिहार बाल भवन, में 12 दिवसीय निशुल्क समर कैम्प का होगा आयोजन, उद्घाटन दो मई को

लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवाददाता।** स्थानीय किलकारी बिहार बाल भवन, में 12 दिवसीय निशुल्क समर कैम्प 2024 का आयोजन किया जा रहा है। प्रमंडल कार्यक्रम पदाधिकारी राहुल कुमार मिश्रा ने बताते हुए कहा कि किलकारी बिहार बाल भवन परिसर जिला स्कूल कैम्पस, पुराना छात्रावास सहरसा में 12 दिवसीय निशुल्क समर कैम्प 2024 का आयोजन दिनांक 02 मई से 13 मई तक किया जाएगा जिसके अंतर्गत 02 मई को उद्घाटन एवं 13 मई को कार्यक्रम का समापन होगा इस कैम्प में 08 वर्ष से लेकर 16 वर्ष तक के बालक एवं बालिका अपने रुचि अनुसार किसी भी दो विषय में प्रशिक्षण ले सकते है।

बच्चे इस आयोजन में अपने गर्मी की छुट्टी के समय का सदुपयोग करते हुये नई नई चीजों को सीख सकते है। जो उनके रचनात्मक विकास, ज्ञानवर्धन एवं भविष्य के लिये निश्चित रूप से उपयोगी एवं लाभप्रद सिद्ध होगा। बच्चों को गुणवत्ता प्रशिक्षण मिले इसका खास ध्यान रखते हुये स्थानीय एवं बाहर के योग्य विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया है। प्रशिक्षण के विषय नृत्य, नाटक, चित्रकला, क्राफ्ट, संगीत (गायन/ वादन), कराटा (ताइक्वांडो) खेल (एथलेटिक्स), फन गेम्स आदि सम्मलित है। उद्घाटन के दिन मैजिक शो रखा गया है जिसका बच्चे भरपूर आनंद ले सकते है. इस निशुल्क समर कैम्प 2024 में भाग लेने के लिये रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है। जिसकी तिथि 18 अप्रैल से 01 मई तक है, रजिस्ट्रेशन करवाने के लिये बच्चों को अपने साथ अपना दो पासपोर्ट साइज का फोटो, आधार कार्ड, जन्म प्रमाणपत्र का फोटो कॉपी एवं अपने अभिभाय माता या पिता का आधार कार्ड का फोटो कॉपी लाना अनिवार्य है। किलकारी बिहार बाल भवन, सहरसा में सुबह 10:30 से सायं 05:00 बजे तक मंगलवार से लेकर रविवार तक कभी भी आकर निः शुल्क रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है। इस आयोजन से संबंधित किसी भी प्रकार की अन्य जानकारी के लिये कार्यालय के दूरभाष 7482970612 पर संपर्क कर सकते है।

### एमएलटी कॉलेज में परीक्षा फार्म जमा करने के नाम पर दलाल सक्रियः एबीवीपी

लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवाददाता।** शहर के सुप्रसिद्ध व प्रतिष्ठित महाविद्यालय में शुमार मनोहर लाल टेकरीवाल कॉलेज में परीक्षा फार्म जमा करने को लेकर कई दलालों का गैंग सक्रिय है। एबीवीपी प्रदेश सह मंत्री मनीष चौपाल ने बताया कि विद्यार्थियों से ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने के अतिरिक्त 100 से 200 रुपए लेकर बोलते हैं। इतना गर्मी में लाइन में खड़े रहने से अच्छा है कि हमें पैसा दो और तुम्हारा काम करवा देंगे। तुम चले जाओ और कई बार ऐसा भी हुआ है कि पैसा फॉर्म लेकर ले तो लेते हैं जो जमा भी नहीं करते हैं। दलाल विद्यार्थियों का मोबाइल नंबर ब्लॉक कर देता है। जिसक ो लेकर छात्र संगठन विद्यार्थी परिषद के द्वारा महाविद्यालय प्राचार्य को इन बातों को लेकर अवगत भी कराया जिसे महाविद्यालय प्रशासन पर कोई असर नहीं हुआ। उन्होंने महाविद्यालय प्राचार्य से दलालों पर अतिशीघ्र कारवाई किये जाने की मांग की है।

# कांग्रेस देश में धर्म आधारित आरक्षण लागू करना चाहती है : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

लोक तंत्र की आवाज़

**डा. रूद्र किंकर वर्मा**

**फारबिसगंज।** हवाई अड्डा मैदान में पीएम नरेंद्र भाई मोदी ने उमड़ती जन सैलाब को संबोधित करते हुए कहा कि सात मई को अररिया मे कमल के फूल और सुपौल में दिलेश्वर कामत के तीर चुनाव चिन्ह पर भारी मतदान होना चाहिए। पीएम मोदी ने अररिया से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप सिंह और सुपौल से जदयू के प्रत्याशी दिलेश्वर कामत के लिए वोट मांगे। मंच पर भाजपा प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह और भाजपा के वरीय नेताओं ने भारत माता और प्रभु श्रीराम के जयकारे लगाकर पीएम मोदी का स्वागत किया। अपने भाषण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी ने कहा कि कांग्रेस देश में धर्म आधारित आरक्षण लागू करना चाहती है।बिहार में भी कांग्रेस यह खेल खेलना चाहती है। और राजद ने इसके खिलाफ एक शब्द भी नहीं बोलती है।











सीमांचलवासियों से सवाल करते पीएम मोदी ने पूछा क्या आप ओबीसी के हक को लूटने देंगे? आप इनकी नजर ओबीसी के हक पर है। आने वाले समय में कांग्रेस और राजद इसी तरह से एससी-एसटी के हक को छीनने का काम करेगी। तुष्टिकरण के दल-दल में कांग्रेस और राजद इतनी धंस गई है कि यह लोग बाबा साहब के संविधान का परवाह नहीं है। डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार में कांग्रेस ने ओबीसी कोटे पर डाका डालकर धर्म के आधार आरक्षण देने की कोशिश की थी। लेकिन, उस वक्त कोर्ट ने रोक लिया। पीएम मोदी ने कहा कि आज पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह का एक और पुराना वीडियो सामने आया, जिसमें वह कह रहे हैं कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है।

**वृद्ध योजना का चला कार्डः** पीएम मोदी ने जनहित में बगैर भेदभाव के एक योजना की घोषणा की। कहा इस योजना के तहत किसी भी जाति में पैदा हुआ हो, कुछ भी कमाता हो। उनके बुजुर्ग माता-पिता का खर्च आपको नहीं उठाना पड़ेगा। अब दिल्ली में बैठा उनका यह बेटा (मोदी) इलाज का खर्च उठाएगा। इस योजना के तहत न आर्थिक स्थिति का प्रतिबंध है और न ही जात और धर्म का। जो भी 70 से पार होंगे उनका इलाज केंद्र की सरकार करेगी।

**जंगलराज की दिलाई याद:** उन्होंने कहा ये लोकतंत्र के लुटेरे आज भी चाहते हैं कि गरीब लोक वोट न दें। ये मत पेटी को फिर से लूटकर अपने पक्ष में जनमत करना चाहते हैं। यह वो लोग है जिन्होंने दशकों तक बैलेट पेपर के बहाने लोगों का अधिकार छीना। पोलिंग बूथ और बैलेट पेपर लूट लिए जाते थे। बिहार के लोग साक्षी हैं कि कैसे चुनाव में मतदान पत्र लूटे जाते थे। इतना ही नहीं गरीबों को वोट डालने के लिए घर से बाहर भी नहीं निकलने दिया जाता था। दलित भाई बहनों को डंडे की चोट पर घर में रहने को मजबूर किया था। यह लोग चुनाव के दिन लूटपाट और वोट हड़पने का खेल खेलते थे। इन लोगों को ईवीएम बर्दाश्त नहीं होता था। दिन-रात ईवीएम को बंद कराने में लगे रहते थे। पीएम मोदी ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय की इनकी करतूतों पर नजर थी। एससी ने ऐसा करारा तमाचा मारा की विपक्ष मौन है। आज पूरी दुनिया भारत के चुनावी प्रक्रिया की तारीफ करती है। लेकिन, इंडी गठबंधन के लोग ईवीएम को लेकर दुष्प्रचार करते हैं। विपक्ष के लोग ईवीएम को हटाना चाहते थे। आज इन्हीं लोगों ने देश की सर्वोच्च न्यायालय ने ऐसा करारा तमाचा मारा है।

उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को सबक सिखाने का मौका है। आप सबको यह ध्यान रखना है, आपका एक-एक वोट भारत के विकास और भारत के विरासत को नई उंचाई देने वालों को दें। आज एनडीए सरकार भारत की वही समृद्धि लौटाने का प्रयास कर रही है। और, दुनिया भी जानती है कि ये समय भारत का है। दुनिया को भी लगता है कि जितनी मजबूत सरकार भारत के लोग बनाएंगे। दुनिया को भी उतनी ही मजबूती मिलेगी। आज दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। हर देश में हर भारतीय का गौरव बढ़ रहा है। आज भारत का सम्मान बढ़ रहा है। यह सब मोदी के कारण नहीं, बल्कि आपके वोट के कारण हुआ है। यह आपके वोट की ताकत है जिसने दुनिया में हिन्दुस्तान का डंका बजा दिया है। आपने अपने वोट से पहली बार एनडीए की मजबूत सरकार बनाई। आज जो दिख रहा वह आपके वोट का परिणाम है।

मौके पर सिकटी के लोकप्रिय विधायक सह पूर्व मंत्री विजय कुमार मंडल,परशुराम परिषद के राष्ट्रीय संयोजक पंडित अजय कुमार झा, सहित सासंद, विधायक, पूर्व मंत्री, पूर्व एम एल ए, कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## बैखोफ अपराधियों ने हथियार के बल पर लूटपाट करने में रहा असफल

लोकतंत्र की आवाज

- बाइक सवार तीन बदमाशों ने दु:साहस

**पत्तरघट सहरसा संवाददाता।** पतरघट किसनपुर मुख्य मार्ग सड़क के फुल्हा चाप में गुरुवार की सुबह एक बकरी-खस्सी व्यापारी से एक बाइक सवार तीन वैखोफ अपराधियों ने हथियार के बल पर लूटपाट करने का असफल प्रयास किया। घटना की सूचना पर पतरघट पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचते पीड़ति बकरी-खस्सी व्यापारी से पूछताछ करते पीड़ति को थाना पर ले जाया गया। घटना की जानकारी देते पीड़ति पस्तपार के वार्ड 10 निवासी रतन कुमार पिता दशरथ राम ने बताया की पतरघट थाना क्षेत्र के किसनपुर पंचायत स्थित रही टोला से खरीदकर सुरमाहा की तरफ खरीदने के लिए जा रहा था।

इसी दौरान पतरघट किसनपुर मुख्य मार्ग सड़क स्थित रही टोला बस्ती से निकलने के कुछ देर बाद एक बाइक सवार तीन बैखोफ अपराधी पीछे ओवरटेक करते आगे निकल गया। और फिर आगे से बाइक पर तीन अपराधी में दो ने अवैध हथियार दिखाते रोकने का प्रयास किया। लेकिन व्यापारी ने अपनी सूझबूझ से अपनी बाइक बीआर 43 एस 5073 फुल्हा चाप सड़क किनारे गड्ढे में लेकर चला गया। और व्यापारी अपनी बाइक छोड़ जान बचाने में कामयाब रहा। इधर बाइक सवार अपराधियों को सफलता नहीं मिलने पर वे सभी किशनपुर की तरफ निकलने में कामयाब रहा। वहीं घटना की सूचना पर पतरघट पुलिस मामले की जांच में जुटी गई है।

## परशुराम परिषद के राष्ट्रीय संयोजक पंडित अजय झा ने भगवान परशुराम का प्रतीक चिन्ह किया पीएम को भेंट

लोक तंत्र की आवाज

**फारबिसगंज।** अररिया विधानसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी रहे परशुराम परिषद के राष्ट्रीय संयोजक वरीय समाजसेवी पंडित अजय कुमार झा ने फारबिसगंज हवाई अड्डा फिल्ड पर बनाए गए मंच पर अपने यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी को भगवान परशुराम का प्रतीक चिन्ह सौंपा।

मंच साझा करते हुए उन्होंने दावा किया अबकी बार तीन लाख से ज्यादा मतों से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह जीत दर्ज करेंगे। अपने अभिभाषण में उन्होंने मोदी जी के कार्यकाल में हुए कार्यों को गिनाते हुए प्रदीप सिंह के विकासात्मक कार्यों की चर्चा भी किया। उनके भाषण पर श्रोताओं ने जम कर तालियां बजाईं। सभा में लोगों की भीड़ खूब देखी गई।



## फारबिसगंज में पीएम की अब तक की फ्लॉप सभा, भीड़ रही नदारदः डा. राकेश रोशन

लोक तंत्र की आवाज

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल युवा मोर्चा के प्रदेश महासचिव सह नरपतगंज के पूर्व राजद विधायक दयानंद यादव के सुपुत्र डा. राकेश रोशन ने कहा कि फारबिसगंज में पीएम की सभा अब तक का फ्लॉप सभा रही और भीड़ रही भी नदारद रही। उन्होंने कहा पीएम मोदी का जुमला सुनते सुनते मतदाताओं के कान पक गए हैं। ये पब्लिक है सब जानती है। डा. राकेश ने कहा कि झूठ फैला रहे हैं मोदी।महंगाई और बेरोजगारी बढ़ी, लोगों की दी गरीबी । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर झूठ फैलाने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)-नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने देश के लोगों को महंगाई, बेरोजगारी और गरीबी का तोहफा दिया है।



उन्होंने भाजपा को 'बड़ी झूठी पार्टी' करार देकर उसका मजाक उड़ाया। उन्होंने कहा कि इस बार जनता का मिजाज बदला हुआ है भाजपा केंद्र में सत्ता में नहीं लौटेगी।राजद नेता ने आरोप लगाया, ₹मोदी जी ने एक भी वादा पूरा नहीं किया। वह झूठ का कारखाना, निर्माता, थोक विक्रेता और वितरक हैं। यह तानाशाह को बाहर का रास्ता दिखाने का (उपयुक्त) समय है।देख रहे हो ना विनोद ?दो चरणों के चुनावों के बीच ही प्रधानमंत्री ने बार 400 पार का नारा लगाना भी बंद कर दिया है।

## विधायकों ने प्रधानमंत्री को भेंट किया महर्षि मेंहीं सत्संग सुधा सागर सदग्रंथ

लोक तंत्र की आवाज़

**फारबिसगंज।** मोदी जी की सभा में मंच पर विराजमान देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी को विधायकों की ओर से बीसवीं सदी के महान संत सदगुरु महर्षि मेंहीं परमहंस जी महाराज की प्रेरणादाई पुस्तक ₹महर्षि मेंहीं सत्संग सुधा सागर₹ सदग्रंथ भेंट किया गया।

भेंट करने वालों में बिहार सरकार के कैबिनेट मिनिस्टर डा.दिलीप कुमार जायसवाल, मंत्री नीरज कुमार बबलू,नरपतगंज के भाजपा विधायक जयप्रकाश यादव, पूर्व मंत्री सह सिकटी विधायक विजय कुमार मंडल, फारबिसगंज विधायक मंचन केशरी। विधायक अचमित ऋषिदेव सहित पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष संतोष सुराना, आलोक भगत आदि थे। इधर भाजपा नेत्री वीणा देवी यादव, रानी देवी, चांदनी देवी आदि ने प्रधानमंत्री को बाबा पशुपति नाथ का तस्वीर भेंट किया। जबकि भाजपा प्रत्याशी प्रदीप सिंह ने बाबा सुंदर नाथ धाम का प्रतीक चिन्ह समर्पित किया।





## सेक्टर पदाधिकारी के साथ बीडीओ ने किया बैठक चुनाव की तैयारी को लेकर दिए दिशा निर्देश

लोकतंत्र की आवाज

**सोनवर्षा राज सहरसा संवाददाता।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी अरविंद कुमार ने सेक्टर पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक किया। इस दौरान उन्होंने आगामी 7 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारी से संबंधित बिंदुवार जानकारी लिया।

प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मतदाताओं की सुविधा तथा भयमुक्त चुनाव कराने की प्राथमिकता पर बल देते हुए कहा कि चुनाव आयोग चुनाव शांति पूर्ण कराने तथा मतदाताओं के सभी सुविधाओं पर नजर र खी हुई है। उन्होंने सेक्टर पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि दिव्यांग, महिला वोटरों तथा कमजोर वर्ग के वोटरों के साथ-बूथों की पहचान पर हमेशा नजर रखें। उन्होंने समीक्षा बैठक में वॉल लेखन, एएमएफ सुविधाएं, मतदाता पर्ची वितरण , संवेदनशील मतदान केंद्र आदि पर विस्तृत चर्चा मतदान केंद्रों पर बिजली, पेयजल, शौचालय आदि पर विशेष चर्चा किया। साथ ही दिव्यांग वोटरों की सुविधा पर विशेष चर्चा की गई। बैठक में प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी पिंकी कुमारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी जयकुमार यादव सहित अन्य उपस्थित थे।



## आग लगने से लगभग 50 से 75 घरों को अपने आगोश में लेकर लोगों को किया बेघर

लोकतंत्र की आवाज

**पतरघट सहरसा संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के धबौली दक्षिणी पंचायत के टेकनमा वाड नंबर 9 में गुरुवार की दोपहर चुल्हा कि चिंगारी से 1:30 बजे आग लगने से लगभग 50 से 75 घरों को अपने आगोश में लेकर लोगों को बेघर किया। फायर ब्रिगेड की टीम और ग्रामीण के द्वारा लगभग 5:00 बजे आग पर काबू पाया गया। ग्रामीणों के अनुसार टेकनमा निवासी मो. नजीर पिता मो. मोती मियां के टटी व चदरा के घर से आग की धुआं निकला। देखते ही देखते आग आग की भयावहता भयानक रूप धारण कर लिया।



तत्काल स्थानीय लोगों द्वारा प्रयास करने से आग पर काबू पाया जा सकता था। लेकिन जब तक ग्रामीणों द्वारा आग पर काबू करने का प्रयास किया गया। तबतक आग की भय- विहता लोगों को अपने दूर रहने को मजबूर कर रखा था। लोगों ने आग लगने की सूचना स्थानीय थाना सहित अंचल कार्यालय को दिया। सूचना पर पहुंची अग्नि शमन की दो छोटी गाड़ी कम पर गया। छोटी अग्निशमन वाहन देखकर ग्रामीण का गुस्सा फूट पड़ा उसके बाद दो बड़ी दमकल पहुंचा। दो से तीन घंटा का अथक प्रयास से आग पर काबू पाया गया। जब तक दमकल से आग पर काबू पाया गया। तब तक आग की लपेटा ने लगभग 50 से 75 घर को अपने आगोश में लेकर उसमें रखा सारा सामान को जलाकर राख कर दिया। लोग अपना जान बचा कर जलते घर से दुर रहा। थोड़ी सी चूक घंटों में कितनों का आशियाना को उनके नजरों के सामने जलाकर राख कर दिया। जबकि आग पर काबू पाने के लिए ग्रामीणों के आलावा अगल बगल के गांव से पहुंचे लोगों द्वारा आग पर काबू पाने में काफी सहयोग किया गया। अग्नि शमन दल को लोगों का आक्रेश झेलना पड़ा आग लगने की सूचना पर पहुंची अग्नि शमन दल की दो छोटी गाड़ी का पानी समाप्त होते ही लोगों ने उनसे उलझ गया। कुछ लोगों के बीच बचाव से मामला शांत हुआ। उसके कुछ देर बाद अग्नि शमन की दो बड़ी दमकल दो तीन घंटा में आग पर काबू पाया।

मौके पर सीओ राकेश कुमार, सीआई अनिल कुमार मिश्र, मुखिया रमेश चन्द्र राणा, मुखिया प्रत्याशी राजा यादव किशनपुर पूर्व मुखिया मनोज पासवान पतरघट सरपंच शब्बीर आलम सहित कई राजस्व कर्मचारी टेकनमा में जमें रहें। वहीं मुखिया रमेश चन्द्र राणा ने कहा पतरघट में अग्निशमन दमक ल की व्यवस्था के लिए कई वार आवाज उठाया गया था। लेकिन विभागीय एवं प्रशासनिक स्तर पर ध्यान नहीं दिया गया। ग्यारह पंचायत का प्रखंड पतरघट में अग्निशमन दमकल की व्यवस्था रहने पर ऐसी स्थि- ति पर ससमय काबू पाया जा सकता है। सीओ राकेश कुमार ने बताया कि आग लगने से बेघर लोगों की सूची तैयार की जा रही है। सूची तैयार होते ही विधिसम्मत कार्रवाई करते सरकारी स्तर से सभी अग्नि पीड़ितों को सहयोग की जाएगी। फिलहाल सभी अग्नि प्रीत परिवार को प्लास्टिक सुख भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### तुम अगर साथ देने का वादा करो....



लोकतंत्र की आवाज
विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ)

**गिरिडीह झारखंड।** किसी वादा करने वाले को कभी ढूंढते ढूंढते थक हार जाता है नाम जिसका है पिता, फिर भी हार नहीं मानता है, हम लोगों के समाज में कहा जाता है की बेटी दस की होती है पर क्या पिता जब व्याकुल रहता है और मां चिंतित तब यह समाज क्यों नहीं आगे बढ़कर हिम्मत और ताकत देने का काम करता है, जी हां यह आवश्यक और जरूरी है कि हम लोग इस नियमित समूह या संगठन बनाये जो वैवाहिक क्षेत्र में अपनी आधारभूत पकड़ रखता हो। आरती कुमारी एक ऐसी ही उच्च शिक्षा प्राप्त गंभीर लड़की है जिन्होंने परिवार में अपने दादा पिता मां सभी का गंभीरता के साथ,साथ दिया उसका ही परिणाम हैं शिव शंकर जी यानी शिव शंकर की आरती, 25.4.2024 को गिरिडीह सेलिब्रेशन में शिव शंकर जी की आरती हो गई।

### प्रतिबंधित मांस लदा स्कार्पियो वाहन पलटा,चालक फरार



लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, जिला ब्यूरोचीफ

**गिद्धौर(चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय के समीप बुधवार को एक स्कॉर्पियो वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में चालक सहित अन्य यात्री बाल बाल बच गए।घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की विस्तृत जानकारी लिया।जबकि ग्रामीणों की मदद से दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो को सीधा किया। वाहन में प्रतिबंधित मांस लदा बरामद किया गाया। जिसकी जांच मजिस्ट्रेट व दंडाधिकारी के उपस्थिति में पशुपालन विभाग के चिकित्सक के द्वारा कराया गया। जांचोंपरांत मांस प्रतिबंधित पाया गया। इस बाबत प्रतिबंधित मांस एक्ट के तहत वाहन मालिक व चालक के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज कर लिया गया।जबकि प्रतिबंधित मांस को डिस्पोजल कर दिया गया। बताया जाता है की चतरा की ओर से स्कॉर्पियो वाहन हजारीबाग की ओर जा रहा था। इसी क्रम में प्रखंड मुख्यालय के प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय के समीप वाहन अनियंत्रित होकर पूरी तरह से दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिससे वाहन चालक मो.समीम को हल्की चोट लगी है। जबकि वाहन पर सवार मो. फैजान सहित अन्य सुरक्षित बच गए। वाहन दुर्घटना होने के पश्चात चालक व अन्य यात्री वाहन छोड़ फरार हो गए थे।सभी लोग थाना क्षेत्र के गांगपुर गांव के बताए जाते है।

### मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर गिरिडीह जिला प्रशासन ने किया रन फॉर वोट







लोकतंत्र की आवाज
विक्रम कुमार मिश्रा
(ब्यूरो चीफ) गिरिडीह झारखंड। गिरिडीह में आगामी लोकसभा चुनाव और गाणंडे विधानसभा उपचुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला प्रशासन की तरफ से लगातार जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। और शत प्रतिशत मतदान की अपील की जा रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को जिला प्रशासन की तरफ से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत शहर के झंडा मैदान में सुबह रन फॉर वोट रन फॉर डेमोक्रेसी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला के उपयुक्त नमन प्रियेश लकड़ा सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए रन फॉर वोट कार्यक्रम के तहत झंडा मैदान स्टेशन रोड होते हुए बड़ा चौक नगर भवन, नया सर्किट हाउस के रास्ते वापस झंडा मैदान तक दौड़ लगाया गया। कार्यक्रम के माध्यम से मतदाताओं को चुनाव में मतदान के लिए प्रेरित किया गया। उपयुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने बताया कि चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है ताकि लोग लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें और मतदान करें। उपायुक्त ने कहा गिरिडीह जिला में शत– प्रतिशत मतदान हो इसके लिए जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों से मतदान की अपील की जा रही है।

# चतरा लोकसभा सीट के लिए आज से नामांकन करेंगे प्रत्याशी, जिला प्रशासन ने पूरी की तैयारी

लोकतंत्र की आवाज



निशांत तिवारी, जिला ब्यूरोचीफ

**चतरा(झारखंड)।** आगामी 20 मई को पांचवें चरण में होने वाले चतरा लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया आज से शुरू हो रही है। चुनाव को लेकर आज से प्रत्याशी अपना नामांकन पर्चा खरीद और जमा कर सकेंगे। नामांकन आज से शुरू होगा, जो तीन मई तक चलेगा। इसकी सभी तैयारी पूरी कर ली गयी। इस बाबत निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय के बाहर यानी कि समाहरणालय के मुख्य द्वार पर भारत निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों का पोस्टर लगाया है। समाहरणालय के 100 मीटर के आगे व 100 पीछे ड्रॉप गेट बनाया गया है। जहां प्रत्याशी के साथ पहुंचने वाली भीड़ को रोक दी जाएगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप ने बताया कि चतरा लोकसभा सीट के लिए नामांकन 26 अप्रैल से तीन मई तक चलेगा।

चार मई को नामांकन पर्चा की स्क्रूटनी होगी। छह मई को नाम वापसी का समय निर्धारित है। जिसके बाद मतदान 20 मई को और मतगणना चार जून को होगा। उन्होंने बताया कि नामांकन को लेकर सभी तैयारी पूरी कर ली गयी है। समाहरणालय के 100 मीटर के भीतर तीन वाहनों को ही प्रवेश की अनुमति है। नामांकन के लिए उम्मीदवार के साथ सिर्फ चार लोगों को ही प्रवेश करने की अनुमति दी जायेगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के आदेशों का अनुपालन कराया जायेगा।

### ● पुलिस छावनी में तब्दील हुआ निर्वाचन कार्यालय, बड़े पैमाने पर दंडाधिकारी और जवान प्रतिनियुक्त

इस बाबत देर शाम पुलिस अधीक्षक और जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस भी किया जाएगा। आज से शुरू हो रहे नामांकन प्रक्रिया को लेकर निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय को पूरी तरह से छावनी में तब्दील कर दिया गया है।

जिला बल के अलावे सैट के जवानों की विशेष तौर पर तैनाती की गई है। उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों संग तैयारी का खुद सड़क पर उतरकर जायजा लेते हुए तैनात दंडाधिकारियों और जवानों को दिशा निर्देश जारी किया है। मौके पर एसपी विकास पांडेय, डीडीसी पवन कुमार मंडल, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, डीएसपी मुख्यालय रोहित रजवार, एसडीपीओ संदीप सुमन समेत पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद थे।

# झारखंड सरकार ने 33 फीसदी तक की मजदूरी दर में बढ़ोत्तरी, अप्रैल से यह होगा मजदूरों का रेट

### सिंहभूम चैंबर ने मजदूरी दर पर जताया विरोध



लोकतंत्र की आवाज

पूर्वी सिंहभूम झारखंड

**जादूगोड़ा।** झारखंड सरकार ने एक बार फिर से दैनिक मजदूरी करने वाले मजदूरों के वेतन में बढ़ोत्तरी कर दी गयी है. इसके तहत जमशेदपुर, देवघर,हजारीबाग, धनबाद, चास, मानगो, जुगसलाई नगर निकायों के लिए रोजाना मजदूरी की दर बढ़ा दी गयी है. इसके तहत अनस्किल्ड कर्मचारी का वेतन रोजाना 468 रुपये, सेमी स्किल्ड का 491 रुपये, कुशल और लिपिकीय 746 रुपये रोजाना होगा. मासिक अकुशल को 12168 रुपये, अर्धकुशल को 12766 रुपये, कुशल और लिपिकीय को 16822 रुपये और अति कुशल को 19396 रुपये दिया जायेगा.

इसको अप्रैल से ही लागू कर दिया गया है. दूसरी ओर, लगातार मजदूरों का दर बढ़ाने पर सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स ने कड़ी आपत्ति दर्ज करायी है.

सिंहभूम चैंबर की ओर से एक पत्र श्रम विबाग के सचिव को लिखी गयी है, जिसमें यह कहा गया है कि मजदूरों की दरों को 21 फीसदी से बढ़ाकर 33 फीसदी कर दी गयी है, जो पूरी तरह प्रासंगित और उचित नहीं है. हर साल वेतन पुनरीक्षण हो रहा है और फिर पांच साल में अलग से बढ़ोत्तरी हो रही है. इससे आम कारोबारियों को चला पाना मुश्किल हो रहा है. पत्र के माध्यम से यह मांग की गयी है कि कर्मचारियों के सैलेरी में 5 फीसदी की बढ़ोत्तरी हो और इतनी ज्यादा बढ़ोत्तरी को तत्काल वापस ले लिया जाये. सिंहभूम चैंबर ने कहा है कि बिना रायशुमारी के एकतरफा लगातार रेट बढ़ने से कंपनियों के संचालन में दिक्कतें आ रही है. कारोबारियों के समक्ष मुश्किलें हो रही है.

## झाड़ियां को आग के हवाले करने वाले बच्चों को मुखिया ने लताड़ा



लोकतंत्र की आवाज

**पूर्वी सिंहभूम झारखंड, जादूगोड़ा ।** हल्दीपोखर पहाड़ी के आसपास के झाड़ियां में कुछ लड़कों द्वारा आग लगाया जा रहा था` जिसकी नजर हल्दीपोखर पूर्वी पंचायत के मुखिया देवी कुमारी भूमिज पर पड़ी तो उन्होंने फौरन लड़कों को लताड़ते हुए खड़ी खोटी सुनाई तथा उन्होंने कहा कि आप लोगों की इस तरह के हरकत के कारण ही आज जानवरों को चारा नहीं मिल पा रहा हैं` घास आदि को आप सभी आग से जला दे रहे हैं` जिसके कारण कई कीड़े मकोड़े कई जानवर की मौत हो जा रही हैं` इस तरह के आग लगने से पशु पक्षियों के लिए चारा का अभाव होता जा रहा है। साथ ही उन्होंने तुरंत लड़कों को आग बुझाने के लिए दबाव दिया जिसके बाद उन्हें संरक्षण करने के लिए प्रेरित भी किया।

## श्री टाटानगर गौशाला के बहु प्रतीक्षित मार्केट कॉम्प्लेक्स का भूमि पूजन समारोह संपन्न, लोगों को खरीदारी में होगी सुविधा

लोकतंत्र की आवाज

अनेक बिहारी खेमका,पूर्वी सिंहभूम झारखंड



**जादूगोड़ा, जमशेदपुर ।** दिनांक 26/4/24, शुक्रवार प्रातः 8:30 बजे से श्री टाटानगर गौशाला मार्केट कॉम्प्लेक्स का भूमि पूजन का शुभारंभ हुआ जो लगभग 11:00 बजे तक संपूर्ण हुआ ।भूमि पूजन महेश गोयल महासचिव श्री टाटानगर गौशाला सपत्नी श्रीमती सुजाता गोयल के द्वारा विद्वान पंडित मनोज शर्मा (गुरुजी) ने संपन्न कराया । श्री टाटानगर गौशाला को आत्मनिर्भर करने के लिए पूर्व में देखा गया स्वप्न आज मूर्त रूप लेता प्रतीत हो रहा है । इस बृहत परिसर के निर्माण से जुगसलाई एवं आसपास के सुदूरवर्ती क्षेत्र के निवासियों को खरीदारी में लाभ होगा एवं व्यापार भी बढ़ेगा ।आने वाले समय में जुगसलाई क्षेत्र के विकास में चार चांद लगेगा एवम यह क्षेत्र भी बिस्टूपूर, साकची की तरह जमशेदपुर के गौरव में शामिल हो जायेगा।

इस मार्केट कंपलेक्स से होने वाली आय का उपयोग विशुद्ध रूप से गौ माता की सेवा के लिए किया जाएगा । श्री टाटानगर गौशाला मार्केट कंपलेक्स के निर्माण में मुख्य रूप से संयोजक दीनदयाल कावटिया एवं राजकुमार अग्रवाल (भवानी शंकर अगरबत्ती) एवं उनकी टीम तथा श्री टाटानगर गौशाला कमेटी के सदस्य प्रयासरत हैं। मुख्य रूप से गौशाला के अध्यक्ष कैलाश सरायवाला की हार्दिक इच्छा है की उनके इस कार्यकाल में मार्केट कॉम्प्लेक्स का निर्माण हो जाए । इसके लिए उनका प्रयास गौशाला के इतिहास में स्वर्ण अक्षर में लिखा जायेगा। आज के इस कार्यक्रम में दिलीप गोयल , राम अवतार अग्रवाल (स्टील सिटी), कैलाश सरायवाला , दीनदयाल कावटिया,कैलाश चंद्र अग्रवाल, दीपक रामुका ,अरुण अग्रवाल, राजेश हरनाथका, पवन कुमार काबरा ,राजेश जैसुका, राजकुमार अग्रवाल ( भवानी शंकर अगरबत्ती ) गोविंद भारद्वाज ,मनोज पुरिया, राजेश सिंगसिया, संदीप जैन ,अनिल अग्रवाल (मोंटी),विमल अग्रवाल(बालाजी कार्ड) पंकज पाड़िया, कमल लड्डा, पुरुषोत्तम अग्रवाल (शारदा एजेंसीज), रमेश सिंघानिया, उत्तम नरेड़ी, जुगल किशोर कावटिया, एवम विकास अग्रवाल उपस्थित थे।

# महुलिया के उपरडांगा में अष्टम प्रहर हरिनाम संकीर्तन शुरू

लोकतंत्र की आवाज

पूर्वी सिंहभूम झारखंड



**जादूगोड़ा।** महुलिया पंचायत के उपरडांगा में प्राचीन रंकणी मंदिर के मुख्य पुजारी सह संस्थापक विनय दास बाबाजी द्वारा निर्मित राधा–कृष्ण हरि मंदिर में शुक्रवार को बाबाजी की देखरेख में अष्टम प्रहर हरिनाम संकीर्तन शुरू हुई. इस अवसर पर राधा–कृष्ण मंदिर को भव्य रुप से सजाया गया. मंदिर में राधा–कृष्ण की प्रतिमा भी स्थापित की गयी है. राधा–कृष्ण की प्रतिमा के समक्ष पुरोहित ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ राधा–कृष्ण की पूजा की और अष्टम प्रहर संकीर्तन का संकल्प किया.

कीर्तन मंडलियों में मिलनकुंज दारिसाई सम्प्रदाय, पतितपावन सम्प्रदाय नारगा, नन्दन सम्प्रदाय बेलाजुड़ी, शंकर किंकर सम्प्रदाय मुसाबनी, शिवनाथ सम्प्रदाय खड़ियाडीह, नित्यानंद सम्प्रदाय मुकरूडीह को आमंत्रित किया गया है. समिति के सदस्यों ने बताया कि उपरडांगा में पहले मंदिर नहीं था. फुस से निर्मित मंदिर में कीर्तन किया जाता था. इसके बाद विनय दास बाबाजी द्वारा मंदिर निर्माण किया गया. इस वर्ष से बाबाजी द्वारा नवनिर्मित मंदिर में कीर्तन किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में स्वामी विवेकानंद और हनुमान की मूर्ति विराजमान हैं.

### बूथ व अंतराज्यीय चेक नाका का भ्रमण कर लिया जायजा

लोकतंत्र की आवाज

**बरहड़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी, राजमहल कपिल कुमार, भूमि सुधार उप समाहर्ता विमल सोरेन एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी राजमहल विशाल पांडेय ने प्रखण्ड अंतर्गत विभिन्न मतदान केंद्र और अंतराज्यीय चेक नाका का भ्रमण कर लिया जायजा। सभी पदाधिकारी ने मोहनपुर के मतदान केंद्र संख्या 290 प्रा वि किस्टोपुर, 288,289 उ म वि मोहनपुर ,राधानगर के मतदान केंद्र संख्या 324 से 329, सरफराजगंज के मतदान केंद्र संख्या 275 से 280 का भ्रमण कर आवश्यक मूल–भूत सुविधा, मतदाता के सुविधा हेतु रैंप , कतार हेतू वॉलंटियर की जानकारी विद्यालय के शिक्षक और बीएलओ से प्राप्त की। इस दौरान नोडल निर्वाचन बीपीओ गगन बापू, दीपक मंडल , जितेन मंडल ,बीएलओ सहित अन्य उपस्थित थे।

## बरहरवा: चिमनी ईट भट्ठा के संचाक खुलेआम बर्बाद कर रहे हैं पानी : विभाग सुस्त

लोकतंत्र की आवाज



**बरहरवा।** प्रखंड के रामनगर, कालू बरारी, तथा मिर्जापुर मोगलपाडा मेहदीडागा आदि पंचायत में जहां आजकल पानी के लिए लोग पानी पानी हो रहा है वही प्रखंड के उपरोक्त कई पंचायत में वर्षों से संचालित अवैध चिमनी ईट भट्ठा के संचालक खुले आम डीप बोरिंग के माध्यम से पानी की बर्बादी कर रहा है

इन पंचायत के मुखिया का कहना है कि, चिमनी ईट भट्ठा में की गई डीप बोरिंग के कारण उपरोक्त सारे पंचायत में भूगर्भीय जलस्तर में काफी कमी आई हैयूं तो यह चिमनी ईट भट्ठा साल में तकरीबन जनवरी–फरवरी से लेकर मार्च अप्रैल के महीने तक ही संचालित होता है पर इसका डीप बोरिंग का पानी साल भर खुला रहने के कारण उपरोक्त सारे पंचायत के झरने एवं कुआं के पानी इतना नीचे चला गया है कि लोग पानी के लिए पानी पानी हो रहा है।

स्थानीय लोगों के द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को चिमनी ईट भट्ठा के बोरिंग को बंद कर भट्ठा संचालकों पर दंडात्मक कार्रवाई करने के लिए कई बार लोगों ने जिले के बरिये पदाधिकारी से पत्राचार भी किया है, इसके बावजूद भी खुले आम जय जवान, जय किसान ,मुक्त ,नसीब, डायमंड ,शांति ,सोनी, सहारा , एवं बजाज, तथा राज ,और नजहर आदि लगभग बरहरवा प्रखंड में संचालित सभी 14 चिमनी ईट भटटे में खुले आम पानी का बर्बादी किया जा रहा हैऊपर में वर्णित पंचायत के आम जनों का रोष पानी की बर्बादी को लेकर दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है, यदि पेय जल एवं स्वच्छता विभाग अभिलंब ईट भट्ठा में संचालित बोरिंग की पानी की बर्बादी को नहीं रोक रहा है तो विभाग के खिलाफ बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाने को लेकर लोग तैयारी में जुट गए हैंस्थानीय आम जनों ने डीप बोरिंग को बंद कर आम जनों को राहत दिलाने की मांग की है

# लोकसभा चुनाव को लेकर बीडीओ व बीएलओ की समीक्षा बैठक

लोकतंत्र की आवाज

### मतदान कर्मी कलस्टर पर नहीं रहेंगे



**रवि प्रकाश सिंह पूर्वी सिंहभूम झारखंड घाटशिला।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी युनिका शर्मा ने बीएलओ के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दीं. इस दौरान बीडीओ ने बीएलओ से जानकारी लिया कि जमशेदपुर लोकसभा में मतदान कब होगा, पोलिंग पार्टी बूथ अथवा क्लस्टर पर कब पहुंचेगी. साथ ही साथ लोकसभा चुनाव को लेकर बीएलो की तैयारी पूरी हुई है या नहीं इस संबंध में जानकारी लिया उन्होंने जानकारी दिया कि मतदान केंद्र संख्या 56 से लेकर 87 नंबर मतदान केंद्र पर ही मतदान कर्मी पहुंचेंगे।

सभी मतदान केंद्र के मतदान कर्मी कलस्टर पर नहीं रहेंगे. उन्होंने कहा कि छुटे हुए नए मतदाता का मतदान सूची में नाम दर्ज करने की अंतिम तिथि आज थी. इसमें जल्द से जल्द भूल सुधार का कार्य बीएलओ पूरा कर लें. उन्होंने निर्देश दिया कि 11 से 18 मई तक प्रखंड के हर मतदाता के घर बीएलओ मतदान स्लिप पहुंचने का कार्य संपन्न करना है. इसके लिए सभी बीएलओ तैयार रहें. साथ ही साथ अन्य कई बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई. बैठक में मुख्य रूप से सहकारिता पदाधिकारी सत्येंद्र कुमार, बीपीओ जयप्रकाश पंडित के अलावा 121 बीएलओ उपस्थित थे.

## निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव कराना चुनाव आयोग का कर्तव्य है : गणेश रवि

लोक तंत्र की आवाज

बिनोद सिंह पलामू

**पलामू।** चुनाव आयोग के प्रति आम जनमानस में विश्वास कमजोर हुआ है. आज लोगों को भरोसा कम है कि चुनाव पारदर्शी और निष्पक्ष होगा. ऐसी स्थिति में जनता को विश्वास में लेकर निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराना चुनाव आयोग का परम कर्तव्य है.

उक्त बातें पलामू लोकसभा के प्रत्याशी गणेश रवि ने चुनाव पर्यक्षकों से आग्रह किया है. उन्होंने कहा कि पलामू लोकसभा क्षेत्र में गरीबी भुखमरी और जागरूकता का अभाव है. ऐसे में शत प्रतिशत मतदान करना चुनाव आयोग का कर्तव्य है.आयोग एक–एक मतदाता को विश्वास में लेकर चुनाव को सफल बनाने सकारात्मक कदम उठाए. श्री रवि ने कहा कि पलामू प्रमंडल में आज भी प्रत्याशी और मतदाता भयभीत रहते हैं. ऐसे में भय मुक्त चुनाव करना अति आवश्यक है. श्री रवि ने झारखंड चुनाव आयोग और पलामू लोकसभा के चुनाव पर्यवेक्षकों से अनुरोध किया है कि मतदान के दिन भीष्म गर्मी को देखते हुए हर बूथ पर कम से कम 10–10 छोटी बड़ी गाड़ियां चुनाव आयोग उपलब्ध कराय. ताकि मतदाताओं को घर से मतदान स्थल तक ले जाने और लाने का व्यवस्था सुनिश्चित हो। पलामू लोकसभा क्षेत्र में भीष्म गर्मी को देखते हुए मतदाताओं में चुनाव के प्रति निराशा दिख रहा है.

## संक्षिप्त खबरें ।

### रात से लापता युवती की रेलवे ट्रैक पर मिली लाश, पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**लोकतंत्र की आवाज**

**राकेश कुमार मिश्रा (गया)।** एक युवती का रेलवे ट्रैक पर खुदकुशी कर लेने का मामला सामने आया है। युवती के शव को पुलिस ने बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवती का पहचान पुलिस ने कर लिया है। मृतक युवती गया जिले के टनकुप्पा थाना क्षेत्र के महा बीघा की रहने वाली है। युवती रात से लापता थी। हालांकि इस मामले में मृतका के परिजनों कुछ भी बोलने से परहेज कर रहे हैं। मृतका स्कूल ड्रेस में थी, हालांकि दुपट्टा रेड कलर का था। रेलवे ट्रैक पर शव सिर एक तरफ से बदन दूसरे तरफ पड़ा था। इस मामले पर फतेहपुर पुलिस ने बताया कि 10:00 के आसपास सूचना मिली कि रेलवे ट्रैक पर किसी युवती की सिर कटी लाश पड़ी है। जिसे काफी गंभीरता से लिया गया और मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया गया।

इधर, इस संबंध में थाना अध्यक्ष प्रशांत कुमार ने बताया कि इस दौरान आशंका जताई गई की मृतका मिश्रीचक की रहने वाली थी, लेकिन जब उस गांव से संपर्क किया गया तो गांव वाले ने शिनाख्त नहीं कर सके। गांव के लोगों ने बताया कि उनके गांव के नहीं है। मृतका की शिनाख्त नहीं होने की स्थिति में शव को लावारिस घोषित करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पोस्टमार्टम के लिए गया भेजे जाने के साथ ही टनकुप्पा के महा बीघा के लोगों ने संपर्क किया और बताया कि मृतका रामाशीष यादव की बेटी रंजनी कुमारी है। इधर, मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस के पास नाबालिक के परिजन बड़ी संख्या में पहुंचे थे। हालांकि बातचीत में एक व्यक्ति ने बताया की युवती गुरुवार-शुक्रवार की रात सुबह 3:00 बजे शौच के लिए घर से बाहर निकली थी, उसके साथ मोबाइल भी था, लेकिन अब उसे मोबाइल का कोई अता पता नहीं चल रहा है।

### आर पी एफ ने टिकट दलाल को किया गिरफ्तार, पूछ ताछ जारी

**लोकतंत्र की आवाज**

**राकेश कुमार मिश्रा (गया)।** गया-कोडरमा रेलखंड के पहाड़पुर स्टेशन पर आरपीएफ ने एक टिकट दलाल को हिरासत में लिया है। कोडरमा पोस्ट के आरपीएफ इंस्पेक्टर जवाहर लाल के अनुसार, टिकट काउंटर के समीप से वीर कुंअर सिंह नामक व्यक्ति को पकड़ा ग्रया है। जो फतेहपुर थाना क्षेत्र के पोआ गांव का निवासी है। वीर कुंअर सिंह पर पहले भी अवैध टिकट बनाने का आरोप है और वह इस जुर्म में जेल जा चुका है। आरपीएफ द्वारा इस कार्रवाई को रेलवे स्टेशनों पर अवैध टिकट बनाने वाले दलालों के खिलाफ एक सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है। इस घटना से अन्य दलालों को भी चेतावनी मिलेगी और रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था में और सुधार की उम्मीद है।आरपीएफ इंस्पेक्टर ने बताया कि हिरासत में लिए गए व्यक्ति से पूछताछ जारी है और इस मामले में और भी जानकारी सामने आ सकती है।

### एससीडीपीओ बरहरवा ने किया चेक नाका का आऔचक निरीक्षण

**लोकतंत्र की आवाज**

**मामलोत सेख**

**बरहरवा।** बरहरवा प्रभाग के एस डी पी ओ मंगल सिंह जामोदा ने गुरुवार की देर रात को बरहरवा फरक्का मुख्य पथ 80 पर मिर्जापुर फुटानी मोड में स्थित खनन विभाग के चेक नाका का औचक निरीक्षण कियोबता दे कि इसी चेक नाका पर लोकसभा चुनाव को लेकर खनन विभाग के अलावे सेक्टर मजिस्ट्रेट पुलिस पदाधिकारी तथा सुरक्षा बल की भी तैनाती की गई हैताकि आने वाले लोकसभा चुनाव में धन बल की अवैध क्रियाकलापों को रोका जा सकेमिली जानकारी के अनुसार एस डीपीओ मंगल सिंह जमुदा करीब रात 10:00 बजे चेक नाका पर पहुंचकर वहां पर तैनात जवानों सेक्टर मजिस्ट्रेट को गाड़ियों की चेकिंग के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए पिछले दो सप्ताह के अंदर एस डीपीओ बरहरवा का चेक नाका का दूसराऔचक निरीक्षण ह एस डीपीओ के लगातार निरीक्षण से इलाके असामाजिक तत्वमें हड़कंप मची हुई है

### मंदिर निर्माण के लिए किया गया भूमि पूजन



**लोकतंत्र की आवाज**

**सुनील कुमार मिश्र**

**औरंगाबाद।**जिले के रफीगंज शहर के थाना गली स्थित शिव मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया।आयोजक राजू कुमार गुप्ता ने बताया कि यहां पर शिव मंदिर काफी पुराना है।जो भी श्रद्धालु इस मंदिर में आकर अपना मन्नते मांगते हैं उनका पूर्ण हो जाता है। मंदिर काफी जर्जर होने के कारण नया मंदिर निर्माण के लिए मुहल्ले वासियों ने निर्णय लिया। जिसका आज भूमि पूजन आचार्य लालभूषण मिश्र के वैदिक मंत्रोच्चार से संपन्न किया गया। उन्होंने बताया कि मंदिर निर्माण के लिए अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर में जो पत्थर लगाया गया है उसी पत्थर से इस मंदिर का निर्माण होगा। इसका निर्माण कार्य राजस्थान में शुरू भी कर दिया गया है। मंदिर निर्माण के बाद प्राण-प्रतिष्ठा के लिए यज्ञ का आयोजन किया जायेगा।इस अवसर पर डॉ आर कुमार, डॉ बोर्षा राय , डॉ मोनू कुमार , चंदन सोनार, पप्पू प्रसाद गुप्ता, अजय प्रसाद , मंजेश, ललन प्रसाद, रमेश प्रसाद, पंकज , अशोक प्रसाद, मुन्ना, सचिन, गिरजा प्रसाद, रोहन गुप्ता, युवराज, सुमित, शिवनंदन प्रसाद, अंकित , सोनू कुमार, अक्षय, छोटू, राहुल ,दीपक, अनिल, दिलीप ,विकास, राजा, किशु, रोहित, रमेश, विवेक ,शत्रुघ्न,संतोष बाढो,मो एतेशम ,मो मयूर सहित अन्य श्रद्धांलू शामिल थे।

# डीएम ने किया सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण, दिए निर्देश

**लोक तंत्र को आवाज**





**धर्म जीत सिन्हा की रिपोर्ट**

**नवादा।** प्रशांत कुमार सी.एच. जिला पदाधिकारी, नवादा ने कल देर रात नवादा सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किये। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अस्पताल के कई स्थानों यथा-सर्जिकल वार्ड के अन्दर एवं बाहर/महिला एवं प्रसूति वार्ड, पैथोलौजी भवन के बाहर तथा सिविल सर्जन कार्यालय के बाहर परिसर में गंदा पानी यत्र-तत्र फैले हुए थे। सिविल सर्जन, नवादा को इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

जिला पदाधिकारी ने सदर अस्पताल, नवादा के सर्जिकल वार्ड में पहुंचने पर पाया गया कि सर्जिकल वार्ड का भवन काफी पुराना है तथा वर्तमान में कुल 22 बेड लगे हैं। इन सभी बेडों पर मरीज हैं। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि इन बेडों पर बिछे चादर भिन्न रंगों के हैं तथा कुछ गंदे भी हैं। सिविल सर्जन से पूछने पर अस्पताल प्रबंधक, सदर अस्पताल, नवादा द्वारा बताया गया कि विभागीय प्रावधानानुसार गुरूवार को पर्पल रंग का चादर बिछाया जाता है। साथ ही यह भी पाया गया कि सर्जिकल वार्ड के अंदर वाले हॉल में कुछ बेडों पर मरीजों को जो स्लाईन किया जा रहा है उसकी विधिवत् प्रक्रिया नहीं अपनायी गयी है। इस संबंध में सिविल सर्जन, नवादा, उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, नवादा, डी०पी०एम०, जिला स्वास्थ्य समिति, नवादा एवं अस्पताल प्रबंधक, नवादा को आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

जिला पदाधिकारी द्वारा अस्पताल परिसर के अलग भवन में संचालित इमरजेंसी वार्ड पहुंचकर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि इस भवन में कुल 20 बेड हैं तथा सभी बेडों पर मरीज हैं। निरीक्षण के वक्त डॉ० अमित कुमार अपने कक्ष में उपस्थित रहकर मरीजों को ईलाज कर रहे थे। इस वार्ड में भी जगह की काफी कमी होने के कारण बेडों के बीच दूरियां कम हैं तथा एक दूसरे बेड लगभग सटे हैं। ए०एन०एम० एवं जी०एन०एम० द्वारा भी अपने कक्ष में उपस्थित रहकर कार्य का संपादन किया जा रहा था। इमरजेंसी वार्ड में उपलब्ध साफ-सफाई की व्यवस्था एवं चिकित्सकीय व्यवस्था में और अधिक सुधार करने का निदेश दिया गया।

जिला पदाधिकारी ने अस्पताल परिसर के अलग भवन में संचालित महिला एवं प्रसुति वार्ड पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित चिकित्सक द्वारा बताया गया कि वर्तमान में इस वार्ड में कुल 16 महिला भर्ती हैं। सिविल सर्जन, नवादा तथा उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, नवादा को निदेश दिया गया कि भर्ती महिलाओं को विभागीय प्रावधानानुसार सभी चिकित्सकीय एवं अन्य सुविधा उपलब्ध कराया जाय। उन्होंने महिला एवं प्रसुति वार्ड निरीक्षणोपरांत अस्पताल परिसर के अलग भवन में संचालित जिला स्वास्थ्य समिति, नवादा का कार्यालय पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया गया कि भव्या कार्यक्रम/ऐप से संबंधित कमांड एण्ड कंट्रोल रूम बंद है। साथ ही पाया गया कि जिला स्वास्थ्य समिति, नवादा के मुख्य द्वार पर कार्यालय का नाम का कोई बोर्ड नहीं लगा है। इस संबंध में डी०पी०एम०, जिला स्वास्थ्य समिति, नवादा को आवश्यक निदेश दिये गये।

एसएनसीयू के निरीक्षण में पाया गया कि इस वार्ड में वर्तमान में कुल 11 नवजात शिशु भर्ती हैं तथा इनका ईलाज डॉक्टर श्री सुनिल कुमार द्वारा किया जा रहा है। डॉ० श्री कुमार द्वारा बताया गया कि इस वार्ड में किसी नवजात का सर्जरी नहीं की जाती है। एसएनसीयू के बाहर निकलने पर पाया गया कि एसएनसीयू के अंदर भर्ती नवजात की माँ अथवा उनके अभिभावकों के प्रतीक्षा हेतु प्रतीक्षालय का निर्मित नहीं होने के कारण जिला स्वास्थ्य समिति, नवादा के मुख्य द्वार पर जमीन पर बैठे हुए हैं। उपस्थित कुछ पत्रकार द्वारा भी इस संबंध में आपत्ति जतायी गयी। सिविल सर्जन, नवादा को निदेश दिया गया कि वे एसएनसीयू के बाहर निर्मित होने वाले प्रतिक्षालय से संबंधित संचिका 24 घंटे के अंदर उपस्थापित करेंगे। प्री फेब्रीकेटेड पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि इस वार्ड में कुल 26 बेड हैं तथा वर्तमान में 19 महिला ऑपरेशन उपरांत भर्ती हैं। वार्ड में लगे बेड में परदा काफी गंदा पाया गया। इस संबंध में सिविल सर्जन, नवादा तथा उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, नवादा को दिये आवश्यक निर्देश।

लू-वार्ड निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि सदर अस्पताल, नवादा के परिसर में अवस्थित प्री फेब्रीकेटेड पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड में ही आधे भाग में लू-वार्ड के रूप में विकसित किया गया है। इस वार्ड में कुल 11 बेड को तैयार किया गया है। सिविल सर्जन, नवादा को निदेश दिया गया कि लू-वार्ड में आकस्मिक स्थिति के मद्देनजर चिकित्सकों की रोस्टरवार प्रतिनियुक्ति करना सुनिश्चित करेंगे।

सदर अस्पताल, नवादा परिसर स्थित रैन बसेरा का निरीक्षण में पाया गया कि वार्ड के नीचले तल पर 12 बेड लगे हैं, वहीं प्रथम तल पर भी 12 बेड लगे हैं। द्वितीय तल पर जिला पुलिस बल के पुलिस आवासित हैं। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि भवन में ऑक्सिजन पाईपलाईन है, किंतु वह क्रियाशील नहीं है।

इस संबंध में भी आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश सिविल सर्जन को दिया गया। इमरजेन्सी वार्ड के मुख्य द्वार पर सदर अस्पताल, नवादा में कार्यरत चिकित्सा पदाधिकारी का संशोधित आदेश वर्ष 2022 का ही है। इसे अद्यतन किये जाने का निर्देश दिया गया। सदर अस्पताल, नवादा में डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध है. इसका समुचित प्रचार-प्रसार नहीं किया गया है। इस सुविधा का प्रचार-प्रसार अस्पताल परिसर के अंदर तथा सदर अस्पताल के मुख्य द्वार पर बड़े फलैक्सों में करना सुनिश्चित करेंगे। पोस्टमॉर्टम हाउस के पास समुचित विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था भी किये जाने का निर्देश दिया गया।

इस अवसर पर राम कुमार प्रसाद सिविल सर्जन, नवादा, एसडी अरैय्यर उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, नवादा, अमित कुमार डी०पी०एम०, जिला स्वास्थ्य समिति, नवादा एवं कुमार आदिध्त्य अस्पताल प्रबंधक, नवादा के साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। इसकी जानकारी डीपीआरओ नवादा ने दी।

## 24 घंटे में 22 फरार अपराधियों की हुई गिरफ्तारी: एसपी

**लोक तंत्र की आवाज़**



**धर्म जीत सिन्हा की रिपोर्ट**

**नवादा।** कार्तिकेय के. शर्मा पुलिस अधीक्षक, नवादा ने बताया कि 25 अप्रैल 2024 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, हत्या में 01, बलात्कार में 01, मद्य निषेध में 04 एवं अन्य गिरफ्तारी 16 कुल 22 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 08 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पाटन की संख्या 06 एवं कुर्की का निष्पादन की संख्या 02 है। वाहन जॉच के क्रम में कुल 200 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राषि 02 लाख 33 हजार रूपया वसूला गया है। अन्य बरामदगी अन्तर्गत गांजा 176 किलोग्राम, कार-02, मोबाईल 02, अपहता-02 एवं नगद- 20 हजार रूपया बरामद किया गया।

पुलिस अधीक्षक नवादा ने बताया कि नवादा पुलिस के द्वारा इस तरह के क्रूर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों के गिरफ्तारी एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है। इसकी जानकारी डीपीआरओ नवादा ने दी।

## नवादा डीएम की साप्ताहिक जनता दरबार में कई मामलों का हुआ ऑन स्पॉट निष्पादन

**लोक तंत्र की आवाज**



**धर्म जीत सिन्हा की रिपोर्ट**

**नवादा।** प्रशांत कुमार सी.एच. जिलाधिकारी, नवादा ने आज समाहरणालय सभाकक्ष में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किये। आज जनता दरबार में कुल 27 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से आधे से अधिक आवेदनों को ऑन स्पॉट निष्पादन कर दिया गया। आज मुख्य रूप से भूमि विवाद, प्रधानमंत्री आवास योजना, आपसी विवाद, मनरेगा, आपूर्ति, हर घर नल का जल, आपदा आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। आज की जनता दरबार में जिला पदाधिकारी ने सभी आवेदकों से बारी-बारी से उनकी समस्याओं को सुना और त्वरित निष्पादन करने का आश्वाशन दिये।

आज जनता दरबार में थाना-रजौली, ग्राम-बहादुरपुर के कृष्णकुमार विश्वकर्मा, अंचल-रजौली, पंचायत-धमनी, ग्राम-कुम्हरूआ के गोवर्द्धन गोप, थाना-रोह, पोष्ट-कोशी, ग्राम-भंडाजोर के मंटु पंडित, थाना-रजौली, ग्राम-अंधरवारी के रामविलास सिंह, थाना-नारदीगंज, ग्राम-परमा के विनोद कुमार, थाना-गोविन्दपुर, पोस्ट-कुंडा भलुआ, ग्राम-भलुआ के रूद्र कुमार, रविन्द्र कुमार और प्रेमचन्द्र कुमार, थाना-वारिसलीगंज, ग्राम-पैगरी, के मनीया देवी, प्रखंड-पकरीबरावां, थाना-धमौल, पो0-गुलनी, ग्राम-तपसीपुर के आनन्दी प्रसाद ने अपने-अपने आवेदन के द्वारा शिकायत प्रस्तुत किये।

कुछ आवेदनों को जिला पदाधिकारी द्वारा तत्काल समाधान कराया गया। उन्होंने अन्य शिकायतों को संबंधित पदाधिकारियों से सम्पर्क स्थापित कर मामले का जॉच करने का निर्देश दिये। सभी संबंधित विभाग को एक सप्ताह के अन्दर समस्याओं का समाधान कर प्रतिवेदित देने का निर्देश दिया गया।आज जनता दरबार में दीपक कुमार मिश्रा उप विकास आयुक्त, नवादा, राजीव कुमार गोपनीय प्रभारी, डॉ0 राजकुमार सिंहा अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।इसकी जानकारी डीपीआरओ नवादा ने दी।

## राजमहल लोकसभा मे होगी कांटे की टक्कर..?

**लोकतंत्र की आवाज**



**बरहड़वा।** 2014 और 2019 के मोदी लहर होने के बाद भी राजमहल सीट जातीय समीकरण के आधार पर जेएमएम ने एक बड़े अंतराल से जीत दर्ज की थी। जबकि निकटतम प्रतिद्वंदी दोनों बार भाजपा रही है। लेकिन इसबार जेएमएम के बागी विधायक लोबिन हेंब्रम भी मैदान में है और लोबिन हेम्ब्रम के तूफानी जनसंपर्क अभियान देखकर कुछ लोग त्रिकोणीय मुकाबला होने का अनुमान लगा रहे हैं।

2019 लोकसभा चुनाव की अगर बात करें तो विजय हांसदा लगभग सवा लाख वोट से जीते थे। लेकिन इसबार कुछ चुनावी समीकरण अलग होने जा रहा है क्योंकि जेएमएम के बागी विधायक लोबिन हेम्ब्रम जेएमएम का वोट सेंध लगाने के लिए मैदान में उतर गए हैं। उनका मकसद है किसी भी हाल में विजय हांसदा को हराया जाए..।

लेकिन पिछले चुनाव का रिकॉर्ड देखा जाए तो विजय हांसदा सवा लाख वोट के अंतराल से जीते थे। इसबार लोबिन हेंब्रम जेएमएम का वोट काटकर बीजेपी को वॉक ओवर दिलाने के लिए ही मैदान में है..। लेकिन सवाल उठता है लोबिन हेम्ब्रम 25 साल के कार्यकाल में बोरियो विधानसभा मे उतना भी अच्छा काम नहीं किए हैं कि वह निर्दलीय चुनाव लड़कर जेएमएम का एक लाख वोट काट सके..। हां, यह बात जरूर है थोड़ा बहुत वोट काटेंगे पिछले बार सवा लाख वोट से विजय हांसदा जीते थे.., इस बार जीत का अंतराल थोड़ा कम रहेगा।लोबिन हेंब्रम जिस मकसद से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं उस मकसद में वह कभी कामयाब नहीं होंगे..? क्योंकि थोड़ा बहुत अगर जेएमएम का वोट काटेंगे भी तो राजमहल विधानसभा मे आजसू से जेएमएम मे आए एमटी राजा उसका भरपाई करेंगे..। 2019 विधानसभा चुनाव में राजमहल विधानसभा से वह आजसू की टिकट पर चुनाव लड़े थे और 76532 वोट लाए थे। जबकि साहिबगंज जिला में देखा जाए तो आजसू का उतना जनाधार भी नहीं है। राजमहल विधानसभा के लोगों ने एमटी राजा को देखकर 76532 वोट आजसू को दिए थे। एमटी राजा विधायक ना रहकर भी राजमहल विधानसभा में एक अच्छी पहचान रखते हैं और विजय हांसदा को जीताने के लिए एमटी राजा जखम मे मरहम साबित होंगे।

## टेघरा, नचाप व भलुआ गांवों के किसानों की भीषण एक हजार अरहर के बोझे जलकर राख

**लोकतंत्र की आवाज**



**एकमा (सारण)।** जिले के मांझी थाना क्षेत्र के टेघरा गांव के बाधार में शुक्रवार को अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें नचाप व भलुआ गांव के बधार में भी आग ने भीषण रुप धारण कर लिया। इस दौरान अरहर के लगभग 800 बोझे जल कर राख हो गये। बताया जाता है कि टेघरा, नचाप व भलुआ गांव के लोगों ने फायर ब्रिगेड कर्मियों की मदद से काफी में सकट के बाद आज पर जब तक काबू पाया तब तक किसानों के लगभग 800 अरहर के बोझे जल का नष्ट हो गए। हालांकि अथक प्रयास कर गांव में आग लगने से बचा लिया गया। वहीं अग्निकांड की जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे मांझी के अंचलाधिकारी ने राजस्व कर्मियों को अग्निकांड में हुई क्षति का आकलन करने का निर्देश दिया। सीओ ने किसानों से कहा कि विभागीय नियमानुसार किसानों को इसका मुआवजा दिलाया जाएगा।

इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि टेघरा गांव से पूरब ब्रह्म बाबा स्थान के टेघरा गांव निवासी राजनाथ सिंह कवि जी के 230 अरहर के बोझे, त्रिदेवा सिंह के 200, पंचम सिंह के100, संजीव कुमार सिंह के 175, रघुवंश सिंह के 100 व संजीव सिंह के 60 के अलावा नचाप गांव के राकेश सिंह सहित टेघरा, नचाप व भलुआ गांवों के किसानों के दौनी करने के लिए बधार में एकत्रित कर रखे गए लगभग एक हजार अरहर के बोझे अग्निकांड में जलकर राख हो गए।

टेघरा गांव निवासी किसान राजनाथ सिंह कवि जी ने बताया कि अरहर की दौनी करने के लिए लिए ट्रेक्टर आने से पहले ही बगल के खाली खेत में आग लग गयी। तेज धूप व पछुआ हवा से आग फैलकर बगल में रखे अरहर के बोझे में पकड़ ली। किसानों एवं फायर ब्रिगेड कर्मियों के काफी प्रयास के बाद भी लगभग एक हजार अरहर के बोझे जलकर नष्ट हो गये। टेघरा गांव निवासी किसान व आप नेता भूपेंद्र प्रसाद सिंह ने जिला प्रशासन से अग्नि पीड़ित किसानों को समुचित मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

## भीषण गर्मी के कारण शीतल पेय पदार्थों की बाजार में मांग बढ़ी

**लोकतंत्र की आवाज**



**मामलोत सेख**

**बरहरवा।** लगातार पढ़ रही भीषण गर्मी के बीच चौक चौराहों पर आजकल शीतल पय पदार्थ जैसे आइसक्रीम ,कुल्फी ,मलाईपेप्सी ,लस्सी आदि की धड़ल्ले से बिक्री भी हो रही है ,और छोटे बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्ग तक गर्मी से बचने के लिए इसका सेवन कर रहे हैं किसी भी चौक चौराहों पर छोटे बड़े बाल बच्चों से लेकर बुजुर्ग लोगों को शीतल पेय पदार्थ का सहारा लेते देखा जा रहा है

साहिबगंज जिले में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस को पार कर चुकी है ऐसे में गर्मी के कारण लोग पसीने से तरबतर हो रहे हैंगर्मी इस कदर है कि, लोगों को घर से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है यही वजह है कि लोग गर्मी से बचने के लिए चौक चौराहों पर बिक रहे शीतल पेय पदार्थ का धड़ल्ले से सेवन कर रहा है ,जानकार बताते हैं की बर्फ में एक प्रकार का वायरस जो लंबे समय तक जीवित रहता है इसलिए इसे सावधानीपूर्वक सेवन किया जाना चाहिए कभी-कभी शीतल पेय पदार्थ शरीर को नुकसान भी पहुंचात है गर्मी से बचने के लिए आज भी देहात में बसने वाले लोग आम नींबू का सेवन करते हैं ताकि लू से बचा जा सकेगर्मी में लगातार हो रही बढ़ोतरी के कारण हॉट बाजार तथा सड़कों में आवाजाही कम होने के साथ इसकी रौनक भी फीकी पड़ने लगी है

### स्कॉर्पियो चोरी के मामले में अज्ञात चोर के विरुद्ध रफीगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज

**लोकतंत्र की आवाज**

**सुनील कुमार मिश्र, औरंगाबाद।** जिले के रफीगंज बस स्टैंड के पास से स्कॉर्पियो एस टू बीआर 02 जेड 8776 चोरी के मामले में गया जिला के खिजरीसराय थाना के डेमा फतेहपुर गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार ने रफीगंज थाना में अज्ञात चोर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया। उल्लेख किया कि अपने ससुराल रफीगंज के गंधरा गांव सुधीर सिंह के घर आए थे। 25 तारीख की रात में वापस लौट कर 11 बजे रात में अपने निवास स्थान रफीगंज बस स्टैंड में मृगनैनी बजाज ऑटो के नीचे अपने गाड़ी को लगाकर सो गए।सुबह में 3 बजे उठे तो गाड़ी स्थान पर नहीं था।आसपास काफी ढूंढने का प्रयास किया गया। कोई पता नही चला।अज्ञात चोर के विरुद्ध रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया।थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## शत-प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप कोषांग ने की बैठक

**लोकतंत्र की आवाज**



**साहेबगंज।** लोकसभा चुनाव- 2024 को सफल मतदान को लेकर आज विकास भवन स्थित सभागार में रशएएढ कोषांग के माध्यम से मतदाता जागरूकता को लेकर बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त सह वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग सतीश चंद्रा ने की। जिला मे पिछले चुनाव में जिन 18 बूथो पर 50% से कम मतदान हुआ था। वहां मतदाता आइकॉन, मतदाता मित्र, बीएलओ तथा बीएलओ सुपरवाइजर के साथ टीम का गठन किया गया। इसमे गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) को मतदान के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करने के लिए जोडा गया।

सर्वप्रथम सभी को इस बढती तापमान मे बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर, मतदाता मित्रों को बैठक में आने को लेकर स्वागत किया गया। साथ ही मतदाता जागरुकता को लेकर उनके कार्यों के विषय में जानकारी क्रमबद्ध दी गई। उन्होंने बताया कि पिछले लोकसभा चुनाव में कम मतदान वाले बूथ पर बीएलओ, मतदाता आइकॉन, मतदाता मित्र टीम बनाकर, बूथों एवं मतदाताओ को डोर टू डोर जाकर मतदान के प्रति जागरूक करेंगे ताकि मतदान प्रतिशत वहां बढ़ाया जा सके। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव में आम मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कई गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आप सभी बीएलओ, मतदाता आइकॉन, मतदाता मित्रों की भागीदारी से जिला मे मतदाताओं को मतदान के प्रति एवं ऐसे 18 बूथो जहाँ 50% से कम मतदान हुए हैं , उन बूथो पर मतदान का प्रतिशत बढ़ाया जाए ताकि शत प्रतिशत मतदान किया जा सके। स्वीप नोडल प्रभारी बताया कि राजमहल लोकसभा चुनाव 1 जून,2024 को होनी है ।

सभी बीएलओ, मतदाता आइकॉन, मतदाता मित्र सजग होकर अपने 18 बूथो में मतदाता जागरूकता फैलाने का कार्य करना है जिससे ज्यादा से ज्यादा मतदाता अपने मतदान केंद्र में आकर अपने मतों का प्रयोग कर चुनाव के इस महापर्व में भागीदार बने। मौके पर नोडल पदाधिकारी डॉ0 सुमन गुप्ता ,स्वीप प्रभारी राजेश कुमार चौधरी ,स्वीप कोषांग के सभी कर्मी सहित बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर, मतदाता आइकॉन, मतदाता मित्र, सम्मिलित रहे ।

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।